स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, मंगलवार
8 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 13
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 316 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

44 साल के हुए 'कैप्टन कूल' महेंद्र सिंह धोनी



## जस्टिस वर्मा केस में तुरंत हो एफआईआर : धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को जस्टिस वर्मा के घर में मिले अधजले नोटों के मामले में तुरंत एफआईआर की बात कही। उन्होंने कहा- यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह हमारी न्यायपालिका की नींव को हिला देने

### कैश कहां से आया, यह जानना जरूरी

वाला है। इस मामले की जड़ तक जाने की जरूरत है। कैश कहां से आया, ये जानना बहुत जरूरी है। केंद्र स्तर पर सरकार मजबूर है, क्योंकि 90 के दशक की शुरुआत में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण जस्टिस पर एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती है। धनखड़ ने नेशनल एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएसएल) यूनिवर्सिटी के सेमिनार में ये बातें कही। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम में 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। इसके बाद से ये सवाल खड़ा हुआ कि इतना कैश कहां से आया।

उन्होंने कहा मैं न्यायपालिका की स्वतंत्रता का समर्थन करता हूं। जजों को सुरक्षा प्रदान करना जरूरी है क्योंकि वे जटिल परिस्थितियों में काम करते हैं। लेकिन जब ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, तो हमें सच का सामना करना होगा। उन्होंने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिली नकदी का हवाला दिया। उन्होंने इसे शेक्सपियर के नाटक जूलियस सीजर से जोड़ा और 14 मार्च (जूलियस सीजर की हत्या की तारीख) को न्यायपालिका के लिए बुरा समय बताया।

उन्होंने कहा, यह नकदी कहां से आई? क्या यह काला धन है? इसका मालिक कौन है? इसकी जांच होनी चाहिए। यह एक आपराधिक कृत्य है, और इसके लिए तत्काल एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।

## आतंकी तहव्वुर राणा 26/11 हमले के वक्त मुंबई में था

**नई दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के वक्त आतंकी तहव्वुर राणा मुंबई में था। यह बात उसने एनआईए की पूछताछ में कबूल की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राणा ने माना कि वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है। उसने बताया

### एनआईए की पूछताछ में कबूला- वह पाक आर्मी एजेंट

### हेडली के साथ ट्रेनिंग सेशन भी किए

कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है।

पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है। अभी राणा एनआईए की न्यायिक हिरासत में है, जिसे दिल्ली की अदालत ने 9 जुलाई तक बढ़ा दिया है। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर



2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था।

राणा ने पूछताछ में बताया कि मुंबई में उसने अपनी कंपनी का इमिग्रेशन सेंटर खुद के प्लान से खोला, ताकि हमले की तैयारी के लिए जगह और सुविधाएं मिल सकें। वहां किए गए लेन-देन को बिजनेस खर्चों में दिखाया गया। उसने यह भी स्वीकार किया कि छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे स्थानों की खुद जाकर रेकी की थी।

रिपोर्ट के अनुसार, राणा ने कहा कि 26/11 का हमला पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर किया गया था। उसने यह भी बताया कि उसे खाड़ी युद्ध के समय पाक सेना ने सऊदी अरब भेजा था। 64 साल का तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर के तौर पर काम करता था। इसके बाद वह 1997 में कनाडा चला गया और वहां इमिग्रेशन सर्विसेस देने वाले बिजनेसमैन के तौर पर काम शुरू किया। डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। तहव्वुर उसका दोस्त था, जिसने इस हमले को अंजाम देने में उसकी मदद की थी। राणा को पता था कि हेडली लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम कर रहा है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर राणा आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था।

# प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने प्राथमिक स्कूलों के विलय के आदेश को चुनौती देने वाली दोनों

### हाईकोर्ट ने चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज कीं

याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर यह फैसला सुनाया। इनमें बेसिक



शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।

याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खासतौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला है। उधर, राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। सरकार ने ऐसे 18 प्राथमिक स्कूलों का हवाला दिया था, जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है।

कहा कि ऐसे स्कूलों का पास के स्कूलों में विलय करके शिक्षकों और अन्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जाएगा। सरकार ने पूरी तरह शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से ऐसे स्कूलों के विलय का निर्णय लिया। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद में फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसे सोमवार की दोपहर में सुनाया।

## बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख तय की है। कोर्ट ने इस मामले में दायर याचिकाओं को स्वीकार करते हुए कहा कि वह निर्वाचन आयोग के इस कदम

### 10 जुलाई को याचिकाओं पर होगी सुनवाई

की वैधता पर निर्धारित तिथि को विचार करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की आंशिक कार्य दिवस (पीडब्ल्यूडी) पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के नेतृत्व में कई याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत दलीलों को संज्ञान में लेते हुए गुरुवार (10 जुलाई) को मामले की सुनवाई के लिए सहमति जताई।

देशवासियों को रक्षा मंत्री का बड़ा संदेश

## 'शांति बस एक भ्रम, हर वक्त युद्ध के लिए तैयार रहें'

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को एक बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने साफ कहा कि शांति का समय सिर्फ दिखावटी होता है, असल में कभी भी हालात बदल सकते हैं। इसलिए देश को हर वक्त सतर्क और तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि भारत

### राजनाथ सिंह की रक्षा अधिकारियों को नसीहत

की सेनाओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में जो साहस दिखाया, उसने पूरी दुनिया में भारत के रक्षा क्षेत्र की साख बढ़ा दी है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में अब ज्यादातर रक्षा उपकरण देश में ही बनाए जा रहे हैं। पहले हम कई जरूरी हथियार और उपकरण विदेश से मंगवाते थे, लेकिन अब देश में ही आधुनिक हथियार बनने लगे हैं। इससे न सिर्फ हमारी सेना मजबूत हो रही है,



बल्कि दुनियाभर में भारत के रक्षा उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है।

रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने जो साहस और रणनीति दिखाई, उसने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर खींचा। देश में बने हथियारों और मंचों की मजबूती देखकर कई देशों ने भारत के रक्षा उत्पाद खरीदने में रुचि दिखाई है। यह हमारी आत्मनिर्भरता का बड़ा उदाहरण है।राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे माहौल कितना भी शांत क्यों न लगे, लेकिन हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। कोई भी अप्रत्याशित घटना कभी भी हो सकती है। इसलिए सेना से लेकर रक्षा मंत्रालय तक, सभी को अपने आर्थिक और सैन्य ढांचे को ऐसा बनाना होगा कि कभी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि रक्षा खर्च को सिर्फ खर्च न समझा जाए, बल्कि इसे देश के विकास का एक बड़ा निवेश माना जाए। उन्होंने कहा कि दुनिया में सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। ऐसे में भारत में रक्षा उद्योग के लिए बड़े मौके हैं। यह क्षेत्र अब देश की अर्थव्यवस्था को भी गति दे रहा है। रक्षा मंत्री ने रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे खुद को सिर्फ नियंत्रक न समझें, बल्कि सहायक की भूमिका निभाएं।

## बिहार के सियासी मैदान में मायावती की एंट्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सियासी मैदान में पूरी सक्रियता के साथ एंट्री

### अपने बलबूते लड़ेगी बसपा

ले ली है। मायावती ने बिहार चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि उनकी पार्टी राज्य में किसी गठबंधन के साथ नहीं, बल्कि अकेले दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी। साथ ही उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग से निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए सख्त कदम उठाने की अपील की है। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बिहार में खासकर दलितों, अति-पिछड़ों, शोषितों, गरीबों और महिलाओं के खिलाफ अन्याय, शोषण और हत्या की घटनाएं लंबे समय से चिंता का विषय रही हैं। लेकिन चुनाव से पहले भाजपा से जुड़े उद्योगपति और नेता गोपाल खेमका की राजधानी पटना में हुई हत्या ने कानून व्यवस्था की बदहाली को उजागर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यदि चुनाव आयोग अभी से इन घटनाओं पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करता है तो शांतिपूर्ण चुनाव कराना संभव होगा। मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान बढ़ती हिंसा यह दिखा रही है कि कुछ शक्तियां अपने स्वार्थ के लिए माहौल को अस्थिर करना चाहती हैं। बसपा सुप्रीमो ने साफ किया कि बहुजन समाज पार्टी दलितों, पिछड़ों, शोषितों, मजदूरों और वंचित वर्गों की पार्टी है, जो अपने कैडर, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के बलबूते पर चुनाव लड़ती है।

## पहली बार लोग खुद भर सकेंगे जनगणना फॉर्म

**नई दिल्ली।** भारत में होने वाली अगली जनगणना को लेकर सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आम लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए सरकार एक खास वेब

### केंद्र सरकार ने की खास तैयारी

### खास वेब पोर्टल होगा लांच

पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसके अलावा, मोबाइल ऐप के जरिए भी जनगणना का काम पूरा किया जाएगा।

भारत में अब तक जनगणना के लिए घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी कागज पर जानकारी इकट्ठा करते थे। लेकिन अब सरकार इस प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने जा रही है। पहली बार मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोगों की जानकारी ली जाएगी। इससे न



केवल काम तेजी से होगा, बल्कि डेटा भी सुरक्षित तरीके से सीधे सरकार के केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा। सरकार ने कहा है कि नागरिक चाहें तो खुद ही अपनी जनगणना की जानकारी वेब पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस यानी घर और मकान की जानकारी, और दूसरा चरण पॉपुलेशन एनुमरेशन यानी जनसंख्या की गिनती। दोनों चरणों में लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जनगणना 2026 और 2027 में दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके लिए 16 जून 2024 को सरकारी अधिसूचना जारी की गई है। यह आज़ादी के बाद भारत की 8वीं और कुल 16वीं जनगणना होगी।

## आठ लाख का इनामी नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें 8 लाख का इनामी डिप्टी कमांडर और स्नाइपर सोढ़ी कन्ना मारा गया। सर्चिंग के दौरान उसका शव और 303 राइफल बरामद हुआ।

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि, जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की सूचना मिली थी।

जिस पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 202, कोबरा 210 और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को 4 जुलाई से सर्च ऑपरेशन पर भेजा गया था। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ होती रही। मुठभेड़ खत्म होने पर सर्चिंग के दौरान सोढ़ी कन्ना का शव और हथियार बरामद हुआ।

## अमीरों को और अमीर बना रही सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** शेयर सूचकांकों में कथित रूप से हेराफेरी करने के मामले में सेबी की कार्रवाई के बाद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने का कि शेयर बाजार में बड़े खिलाड़ी हेरफेर कर रहे हैं और सरकार चुप्पी साधे है। इससे साफ है कि सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है। जबकि आम निवेशकों को बर्बादी के कगार पर धकेल रही है। बता दें कि सेबी

### शेयर सूचकांकों में हेराफेरी पर कांग्रेस सांसद का हमला

ने हाल ही में अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट समूह पर हेराफेरी मामले में प्रतिबंध लगाया है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि मैंने पहले ही वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) बाजार में खामियों की भविष्यवाणी की थी। मैंने 2024 में स्पष्ट रूप से कहा था कि एफएंडओ बाजार बड़े खिलाड़ियों के लिए खेल का मैदान बन गया है और छोटे निवेशकों की जेबें लगातार खाली हो रही हैं। अब सेबी खुद मान रही है कि जेन स्ट्रीट ने हजारों करोड़ रुपये की हेराफेरी की। सेबी इतने समय तक चुप क्यों रही? उन्होंने केंद्र सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल दागा कि क्या बाजार में हेराफेरी करने वाले और भी खिलाड़ी हैं?

## इसरो प्रमुख को शुभांशु शुक्ला ने किया फोन

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री (गगनयात्री) शुभांशु शुक्ला, जो इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं, ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अध्यक्ष

### आईएसएस तक सुरक्षित यात्रा के लिए कहा शुक्रिया

वी. नारायणन को फोन कर अपनी अंतरिक्ष यात्रा के लिए उनके और पूरी इसरो टीम के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। बता दें कि, शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस पहुंचे हैं। इसरो



ने बताया कि यह फोन कॉल 6 जुलाई की दोपहर को हुआ था। इस बातचीत में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शुभांशु शुक्ला का हालचाल पूछा और यह जानना चाहा कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कौन-कौन से वैज्ञानिक प्रयोग और गतिविधियां चल रही हैं। इसरो प्रमुख ने यह भी कहा कि पृथ्वी पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को सभी प्रयोगों और अनुभवों को विस्तार से दस्तावेज के रूप में तैयार करना चाहिए, ताकि भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकें। इसरो ने बताया कि गगनयान मिशन का उद्देश्य भारत की यह क्षमता साबित करना है कि वह अपने दम पर इंसानों को लो-अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) में भेज सकता है। शुक्ला का यह मिशन इसरो और अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस के सहयोग से संभव हुआ है। इस फोन कॉल के दौरान इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे, जिसमें डॉ. उन्नीकृष्णन नायर, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रोग्राम मैनेजमेंट काउंसिल के चेयरमैन; एम. मोहन, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक; पद्मकुमार ई. एस., इसरो इनर्शियल सिस्टम यूनिट (आईआईएसयू) के निदेशक; एम. गणेश पिल्लई, (5) इसरो के वैज्ञानिक सचिव और एलपीएससी के पूर्व निदेशक एन. वेदाचलम भी शामिल रहे।

### शुभांशु ने अंतरिक्ष में चल रहे प्रयोग की दी जानकारी

इसरो प्रमुख वी. नारायणन से बातचीत के दौरान शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे तमाम प्रयोगों की प्रगति की जानकारी भी साझा की और बताया कि वे किन वैज्ञानिक लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं और किन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

## 84 के दंगों में सज्जन कुमार ने खुद को बताया बेगुनाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हुई हिंसा के संबंध में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का बयान सोमवार को दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने कुमार का बयान दर्ज किया। कुमार ने कहा कि वह निर्दोष है क्योंकि उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं है।कुमार ने दावा किया कि निष्पक्ष जांच नहीं की गई और उसे निराधार आरोप लगाकर फंसाया गया। कुमार ने कहा, किसी भी गवाह ने मेरा नाम नहीं लिया। दशकों बाद मेरा नाम सामने आया। मेरे खिलाफ मामला झूठा और राजनीति से प्रेरित है। मैंने इलाके में सद्भाव पैदा करने के लिए रक्तदान शिविरों और शांति मार्च का आयोजन किया। मेरा 'लाइव डिटेक्टर' (पॉलीग्राफ) परीक्षण किया गया, जिसमें मैं स्वेच्छा से शामिल हुआ ताकि मैं अपनी बेगुनाही साबित कर सकूं।

## देश में 74 प्रतिशत ट्रैफिक टू-व्हीलर्स का, फिर भी सुरक्षा में अनदेखी

**नई दिल्ली।** सड़क सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों ने सोमवार को दोपहिया वाहनों के लिए अलग लेन और कानूनों

### विशेषज्ञों ने की अलग लेन और सख्त कानून की मांग

के सख्त पालन की सिफारिश की। उनका मानना है कि ऐसा करने से सड़क हादसों को काफी हद तक रोका जा सकता है। साथ ही टू-व्हीलर चालकों की सुरक्षा बेहतर हो सकेगी। इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन (आईआरटीई) के अध्यक्ष रोहित बालूजा ने एक रोड सेफ्टी सेमिनार में कहा कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए डेडिकेटेड ड्राइविंग लेन बनाना बेहद जरूरी है। उनका कहना है कि अभी तक देश में दोपहिया वाहनों के लिए कोई अलग लेन नहीं बनाई गई है और ना ही ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन होता है। अगर यह दोनों पहलू लागू किए जाएं, तो सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है। क्योंकि टू-व्हीलर और पैदल चलने वाले लोग सबसे ज्यादा जोखिम में रहते हैं। बालूजा ने यह भी कहा कि भारत को दूसरों की नकल करने के बजाय अपने हिसाब से वाहन सुरक्षा प्रणाली तैयार करनी चाहिए। ताकि यहां के खास हालातों के मुताबिक बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर्स (एसआईएएम) के एग्जीक्यूटिव



डायरेक्टर प्रशांत के. बनर्जी ने बताया कि भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यात्री वाहनों में तो अत्याधुनिक सुरक्षा फीचर्स मौजूद हैं और वे बेहतरीन सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं। लेकिन इसके बावजूद देश में एक मजबूत निगरानी प्रणाली, बराबरी का कानून और लोगों में जागरूकता की भारी कमी है। इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) के अध्यक्ष (एमेरिटस) के.के. कपिला ने कहा कि टू-व्हीलर्स में एबीएस ब्रेक जैसे तकनीकी सेफ्टी सिस्टम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# उन्नाव समाचार

## मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के लापता

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन थाना क्षेत्र के पहाड़ खेड़ा मजरा भौली गांव से एक मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। गांव निवासी 35 वर्षीय राम सिंह बीते 27 जून की सुबह लगभग 4 बजे शौच के लिए घर से निकले थे। लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटे। राम सिंह की पत्नी उर्मिला ने 1 जुलाई को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके पति पिछले 15 वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं और पूर्व में भी कई बार घर से अचानक निकल चुके हैंए लेकिन इस बार काफी दिन बीत जाने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला है।

## युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर जान दी

**नवाबगंज उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दतौली गांव मे युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर जान दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दतौली गांव निवासी कमलेश यादव पुत्र स्वण्प्यारे लाल यादव ने बीती रात घर के अन्दर संदिग्ध परिस्थितियों मे फासी लगाकर जान दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान दस बाल सम्मान

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा संचालित बाल साहित्य संवर्धन योजना के तहत 2024के लिए 10बाल साहित्य सम्मानों के लिए साहित्य कारोंध्साहित्यिक संस्थाओं से संस्तुतियां मांगी गई है। जिसका प्रत्येक पुरस्कार 51हजार रुपए का होगा।उक्त जानकारी देते हुए हिंदी संस्थान के निदेशक जितेंद्र कुमार आई ए एस ने बताया कि बाल साहित्य सम्मानों में सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान ए सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मानए निरंकार देव सेवक बाल साहित्य इतिहास लेखन सम्मानए अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मानए शिक्षार्थी बाल चित्र कला सम्मानए लल्ली प्रसाद पांडेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मानए डॉक्टर राम कुमार वर्मा बाल नाटक सम्मानए आचार्य कृष्ण विनायक फड़ के बाल साहित्य समीक्षा-सम्मान तथा जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मानए उमाकांत मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मानके लिए साहित्य कारोंध्साहित्यिक संस्थाओं से सस्तुतियां मांगी गई है। संस्तुतियां 18अगस्त 25तक संस्थान भेजी जानी है।

## उर्वरक डीलर्स लाईसेन्स निर्गत

**उन्नाव** जिला कृषि अधिकारी अधिसूचित प्राधिकारी शशांक ने बताया है कि प्रत्येक वर्ष उर्वरक व्यवसाय हेतु पात्र आवेदनकर्ताओं को उर्वरक डीलर्स लाईसेन्स निर्गत किए जाते है। भारत सरकार द्वारा संचालित एम0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि जनपद के कतिपय उर्वक डीलर्स द्वारा अनुज्ञप्तिध्लाईसेन्स प्राप्त करने के उपरान्त भी उर्वरक का व्यवसाय नही किया जा रहा है। उपरोक्त को संज्ञान में लेते हुए जनपद के ऐसे उर्वरक डीलर्स की सूची निकाली गयीए जिसमें कुल 310 उर्वरक डीलर्स ऐसे है जिन्होने विगत 02 वर्षो से कोई उर्वरक का व्यवसाय नही किया गया है। जिससे प्रतीत होता है इन उर्वरक डीलर्स द्वारा उर्वरक व्यवसाय करने में कोई रूचि नही है। उन्होने बताया है कि जनपद के कुल 310 उर्वरक डीलर्स जिन्होने विगत 02 वर्षो से कोई उर्वरक का व्यवसाय नही किया गया है को अक्रियाशील मानते हुएए समस्त उर्वरक प्राधिकार पत्र लाईसेन्स को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

## त्यौहारों को शान्तिपूर्वक सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने बैठक सम्पन्न

**उन्नाव।** आगामी पूर्णिमा स्नान श्रावण मास कावड़ यात्रा रक्षा बन्धन एवं जन्माष्टमी आदि त्यौहारों को शान्तिपूर्वक सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिले के संभ्रान्त नागरिकोंए धर्मगुरूओंए विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों आदि के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न धर्म गुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कावड़ यात्रा के दौरान होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं से डीएम को अवगत कराया गयाए जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावोंध्समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी। इस मौके पर डीएम ने उप जिलाधिकारियोंए क्षेत्राधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पवित्र श्रावण मास में निकलने वाली कावड़ यात्राओ के मार्गो पर प्रकाश व्यवस्थाए सुरक्षा व्यवस्थाए यातायात का संचालनए साफ.सफाईए घाटों पर बैरीकेटिंगए नाविको की उपलब्धताए गोताखोरों की उपलब्धता तथा पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों का तत्काल निराकरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि नानामऊ घाटए परियर घाटए नमामि गंगे घाटए गंगा घाटए चन्दन घाट एवं बक्सर घाट से अपनी कावड़ यात्रा प्रारम्भ करने वाले कावड़ियों के रास्तो में मांस एवं मदिरा की दुकानों को प्रतिबंधित किया जायेगा। इन रास्तों पर पड़ने वाले मुख्य चैराहों पर डॉक्टरध्एम्बुलेंस तथा पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रावण मास में पड़ने वाले मेलों एवं घाटों पर समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त कर ली जाए। कावड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबन्ध किए जाए।

## युवक की धारदार हथियार से हत्या कर शव नाले में फेका शिनाख्त के प्रयास जारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** अचलगंज थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है जहां युवक की निर्मम धारदार हथियार से गला रेत कर शव नाले में फेक कर फरार हो गए जिसके बाद सुबह तड़के शौच क्रिया के लिए निकले लोगों की नजर पुलिया के ऊपर पड़े खून पर पड़ी जिससे सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई और हत्या कर शव नाले में फेंके जाने की आशंका हुई वही लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने गहनता से जॉच पड़ताल की जहां नाले में पड़े शव के कुछ दूरी चप्पल भी बरामद हुई है साथ ही हत्या करने वाले आरोपियों के पैर खून से सने होने के निशान भी पाए गए है जिसके बाद काफी देर तक कड़ी मशक्कत के बाद पोखलैंड की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया शव कीचड़ में होने से पुलिस ने शव को पानी डाल कर धुला शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया पर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी शव को कब्जे में कर मोर्चरी हाउस में भेज दिया गया है अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी ग्राम सभा के कंचनखेड़ा रामचरामऊ पुलिया के बीच सोमवार को लगभग सुबह सात बजे दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है जब गांव के लोग शौच क्रिया के लिए पुलिया की तरफ गए हुए थे तभी पुलिया के ऊपर खून से लाल जगह को देख हड़कंप मच गया और ईंट में खून लगा देख हत्या कर शव नाले में फेंके जाने की लोगो को आशंका हुई और कुछ ही दूरी पर एक चप्पल भी बरामद हुआ है जिसके बाद घटना की जानकारी ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस लक्ष्मी नारायण द्विवेदी को दी जहां मौके पर बीघापुर सीओ ऋषि कांत शुक्लाएथाना प्रभारी राजेश पाठक व चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण द्विवेदी व फॉरेंसिक टीम ने गहनता से जांच पड़ताल की और साक्ष्य जुटाए जहां कड़ी मशक्कत के बाद पोकलैंड की मदद से नाले से शव को बाहर निकाला गया युवक की धारदार हथियार से गर्दन काटने और चेहरे पर वार करने के निशान पाए गए है वही क्षेत्र में चर्चाएं है कि युवक को और कही से लेकर आए और मौका देख धारदार हथियार से हत्या कर शव नॉए में फेक कर फरार हो गए वही बीघापुर सीओ ऋषि कांत शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मार कर ओर कही से लाए थे यहां पर धारदार हथियार से गर्दन काट कर नाले में फेक दिया साथ ही उन्होंने बताया कि मौके पर हत्या करते तो ब्लड फैल जाता पहचान के लिए आस पास के जिले में फोटो और संपर्क किया जा रहा टीमें गठित की गई है जॉच की जा रही हैं

## श्री शिवमहापुराण कथा सुनने से कटेंगे पाप

### योगी आदित्यनाथ को फ़िर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए होगा यज्ञ

**उन्नाव।** पवित्र सावन माह में श्री आदि गुरु वैदिक सेवा संस्थान एंव गोकुल बाबा मन्दिर समिति के सौजन्य से लोक विख्यात शैवाचार्य श्री प्रशान्त प्रभु महाराज के पावन सानिध्य में षष्टम विशाल शिवपुराण कथा का आयोजन हेतु वार्ता बाई पास स्थित होटल मैस्कॉट इन् में आहूत हुयी। महाराजश्री ने बताया कथा का मुख्य उद्देश्य हिन्दू हृदय सम्राट महंत श्री आदित्य नाथ योगी को 2027 में पुनरू मुख्यमंत्री पद पर आसीन कराने एवं आतंकवाद के मूल सफाये हेतु किलकार भैरव तंत्र महायज्ञ का आयोजन समस्त राष्ट्र भक्तो एवं सनातनियो द्वारा किया जा रहा है इसी निमित्त आगामी 14 जुलाई को वृहत कलश यात्रा बड़े हनुमान मंदिर से गांधी नगर तिराहे तक सायं 4 बजे भ्रमण करेगी! 15 जुलाई से 25 जुलाई तक भारत की रक्षा एंव राष्द्र रक्षा में शहीद हुए वीर सैनिको की सदगति हेतु किलकाल भैरव यज्ञ प्रातरू 7 बजे से 12 बजे तक एवं सायं 5 बजे से श्री शिव पुराण कथा का रसपान श्री प्रशान्त प्रभु के सानिध्य में सभी शिव भक्तों को कराया जायेगा!

24 जुलाई को सम्पूर्ण मनोकामना पूर्ति हेतु 1008 पार्थिव शिवलिंगों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का शुभारम्भ दोपहर दो बजे से होगा! तत्पश्चात महाराज जी के द्वारा किलकार भैरव रक्षा कवच और कल्याण कारी कुबेर का खजाना भी भक्तो को प्रदान किया जायेगा! विशाल भंडारे का आयोजन प्रभु की इच्छा तक चलेगा। वार्ता में प्रमुख रूप से यजमान बंदना सिंह व सत्येन्द्र सिंह उर्फ बच्चा भैयाए संतोष साहू व हरि प्रसाद साहू ब्रह्म चिंतन शिविर के संस्थापकए राधा निगम व निशीथ निगमए जितेन्द्र द्विवेदीए चेयरमैन प्रतिनिधि भानू मिश्राए सत्येंद्र सिंहए विक्रम सिंहए संजय त्रिपाठी व नीलम त्रिपाठीए अनुज पांडेए राजेश त्रिपाठी एडवोकेटए व्यावस्थाप डॉ मनीष सिंह सेंगरए धीरज सिंहए चन्द्र प्रकाश बाजपेईए कमल ज्वेलर्सए महिला मंडल से निम्मी अरोड़ाए वंदना त्रिपाठीए गीता मिश्राए उमा शुक्लाए नीलम सिंहए कार्यक्रम संयोजक रंजना मिश्रा लखनऊ एवं मीडिया प्रभारी श्याम जी गुप्ताए सहकार भारती मंडल प्रभारी सतीश गुप्ता व श्रीकांत तिवारीए राहुल कश्यपए मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कथा और यज्ञ की भूमिका बताते हुए बैठक का संचालन मनीष सिंह सेंगर के किया।

## नगर पालिका अध्यक्षा ने किया इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण

**नगर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। . श्वेता भानू मिश्रा**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा के द्वारा विभिन्न वार्डों में इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया गया। जिनमें .वार्ड सं०23 एबी नगर में एवीएम इण्टर कॉलेज गेट न० 3 से मुन्ना पुत्र मो०नबी के पास पुलिया तक नव निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क। आज वार्ड सं० 17 मोती नगर में गोकरन तिवारी जी के घर से राम गोपाल कश्यप जी के घर तक नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क । आज वार्ड सं० 17 मोती नगर के मो० श्यामा विहार में विकास निगम जी के मकान से श्याम चौधरी के घर तक नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क। आज वार्ड सं०25 दरोगाबाग के मो० प्रयागनारायण खेड़ा में गीता पत्नी राधेश्यजी के मकान से जीतू त्रिवेदी के घर तक नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क । वार्ड सं० 1 पूरन नगर में राजपाल सिंह जी के मकान से रामकिशोर एवं उमरई लाल जी के घर से राकेश के घर तक नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क । ०वार्ड सं०18 में बौद्ध विहार पार्क के पास सुमित अवस्थी जी के मकान से अरुण कुमार द्विवेदी जी के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क ।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा ने कहा कि नगर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह कार्य आमजन की सुविधा और क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कराया गया है। इस लोकार्पण कार्यक्रम में मोती नगर सभासद बृजेश पाण्डेय पूरन नगर सभासद किरण तालिब सराय सभासद फ़हद सिद्धिकी एबी नगर उत्तरी सभासद प्रतिनिधि मनीष शुक्ला दरोगा बाग सभासद प्रतिनिधि अतुल पटेल राजेश शर्मा वंदना त्रिपाठी गणेश सिंह अनूप पाल अनीता देवी नीलम मिश्रा गोपाल कश्यप दीपेश तिवारी पंकज त्रिपाठी आरण्के निगम साधना श्रीवास्तवएश्याम चौधरी विवेक अवस्थी प्रभाकर त्रिवेदी कुमकुम बाजपेई सुरेश शुक्ला रेनू तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के निवासी उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने इस निर्माण कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा का आभार व्यक्त किया। अंत में अध्यक्षा ने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में नगर के अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार के विकास कार्य सतत रूप से कराए जाएंगे।

## राष्ट्रीय कवि सुरेश फक्कड़ की श्रद्धांजलि सभा मेधा सम्मान समारोह



**स्वतंत्र भारत उन्नाव।** प्रतिभा परिचय स्वयं बनेगी दम ही निकल न जाए पहचान होते . होते। यह बात अभ्युदय सेवा संस्थान एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद् उन्नाव के अध्यक्ष डॉ प्रभात सिन्हा ने अभ्युदय सेवा संस्थान एवं अ?खिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से राष्ट्रीय कवि श्रद्धेय सुरेश फक्कड़ की श्रद्धांजलि सभा मेधा सम्मान समारोह और कवयित्री सम्मेलन का आयोजन शहर के कृष्णा नगर मोहल्ला स्थित पार्क व्यू पैलेस में कराते हुए कही। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा भानू ने किया। इसके बाद कवयित्री शशि श्रेया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कवयित्री पल्लवी मिश्रा ने कोई जिद भी नहीं बस यही चाहिए राज महलों का वासी वही चाहिए जोडियां जोड़ने वाले ईश्वर मुझे टूटने जो न दे बस वही चा??हिए पढ़कर तालियां बटोरी। ?डॉ०?शिवा त्रिपाठी सरस ने पढ़ा कि आज देश में मां चंडी का फिर अवतार जरूरी है शील विहीन हुए दुष्टों का अब संहार जरूरी है दुराचारियों के पापों का अंत हमें ही करना हैए चूड़ी वले कोमल हाथों में अब तलवार जरूरी है। आंकाक्षा गुप्ता ने यहां सब राम का फिर भी लगी सदियां प्रतीक्षा में अवध को भी लगा एक युग अयोध्या धाम होने में पढ़कर भगवान राम का गुणगान किया। इसके अलावा श्रद्धा पांडेय ने पढ़ा कि हो सकते हैं हजारों हमदर्द दुनिया में मेरे मगर तुमसा प्यारा सा कोई फरिश्ता हो नहीं सकता। कार्यक्रम का संचालन कवि अनिरुद्ध सौरभ और अध्यक्षता डॉ०श?शि रंजना अग्निहोत्री ने किया। इस दौरान अभ्युदय सेवा संस्थान के संरक्षक डॉ०मनोज श्रीवास्तव वंदना श्रीवास्तव अध्यक्ष डॉ०प्रभात सिन्हा ओ पी तिवारी प्रेम ?सिंह सेंगर डॉ मनीष सिंह सेंगर विनय यादव डॉ०मन निगम अजय श्रीवास्तव अखिलेश ओमर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की समीक्षा उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सेंगर तथा धन्यवाद ज्ञापन महासचिव ओ पी तिवारी ने किया। .गुरु पू?र्णिमा के आगमन से पूर्व आयोजित सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं कक्षा में श्रेष्ठ हासिल करने वाले छात्र.छात्राओंए गुरुजनों एवं साहित्यकारों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्र.छात्राओं के चेहरे ?खिल उठे।

# कानपुर देहात समाचार



## टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मरीजों को बांटी गई किट

**माती कानपुर देहात** संदलपुर क्षेत्र के हवासपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत 40 मरीजो को टीवी किट वितरित की गई। केंद्र सरकार द्वारा भारत को टीवी मुक्त के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत टीवी के मरीजों को निशुल्क इलाज व जीवन यापन के लिये आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसी के तहत सोमवार को संदलपुल क्षेत्र के हवासपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 40 मरीजों को किट वितरित की गईए जिसमें स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ऋृषि यादव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य भारत को टीवी से मुक्ति दिलाना है। वही अधीक्षक डा गौरव पॉल ने कहा कि मरीजों को अस्पताल से निशुल्क दावायें प्रदान की जाती है एवहीं हर महीने 1000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि सरकार द्वारा दी जा रही है एजिससे स्वास्थ्य लाभ करते हुए अपनी जीविका चला सके ।इस मौके पर डॉक्टर दिलीप सक्सेनाए लैब टेक्नीशियन हरिओम मिश्रा एवरिष्ठ लैब टेक्नीशियन विवेक कुमारए एक्स.रे टैक्नीशियन वीरेंद्र सिंहए प्रदीप मंडलए राहुल आदि मौजूद रहे।

## गंभीरता से सुना गया मुख्यमंत्री का पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति प्रेरक संदेश

**महोबा** नगर पालिका परिषद के सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेशव्यापी व्यापक वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्षए अधिशासी अधिकारीए सभी सभासदए डीपीएम तथा कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहे। सभी उपस्थितजन ने मुख्यमंत्री के पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रेरक संदेश को गंभीरता से सुना और उस पर अमल करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर सभी ने यह निश्चय किया कि नगर को हरा भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएंगे। सभी ने वृक्षारोपण को जनांदोलन बनाने और नगर के प्रत्येक क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का प्रण लिया। आगामी दिनों में नगर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कर इस पुनीत अभियान को सफल बनाने का संकल्प सभी लोगो द्वारा लिया गया

## स्कूल बंद किए जाने के निर्णय का विरोध करते हुए सपा जनों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**माती कानपुर देहात** परिषदीय विद्यालयों में 50 से कम छात्र नामांकन वाले विद्यालयों को पेरिग कर मर्जर प्रकिया अपनाते हुए विद्यालयों को बंद किए जाने एवं जिले में दलितों पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के ऊपर उत्पीड़न होने का आरोप लगाते हुए जिला सपा द्वारा सोमवार को प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित करते हुए उपरोक्त समस्याओं के समाधान की मांग की गई इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रांतीय नेता चौधरी वीर सेन यादव द्वारा कहा गया कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है उन्होंने कहा कि सरकारी जनता का विश्वास तक नहीं जीत पाई हैं लेकिन प्रदेश और प्रदेश को विकास की बुलंदियां उपलब्ध कराने का दम भर रही है जिसे आज प्रदेश और देश की जनता अच्छी तरह जान चुकी है उन्होंने साफ तौर से कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी और पीडीए गठबंधन का होगा। गौरतलब रहे कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार द्वारा इस बात का निर्णय लिया गया था कि जिन विद्यालयों में छात्र संख्या कम है उन विद्यालयों को पेरिग कर मर्जर प्रकिया अपनाते हुए उन विद्यालयों को बंद कर दिया जाएए उपरोक्त निर्णय के विरुद्ध समाजवादी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन का रुख अपना लिया था शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर एकत्र हुए समाजवादी सिपाहियों द्वारा प्रदेश सरकार के निर्णय का मुखर विरोध करते हुए साफ तौर से कहा गया कि सरकार तानाशाही रवैया अपना कर अब शिक्षा के क्षेत्र में भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रही हैए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बेहद ही करीबी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रांतीय नेता चौधरी वीर सेन यादव द्वारा कहां गया कि सरकार का यह निर्णय बेहद ही निंदनीय है उन्होंने कहा कि इस निर्णय से दलितों पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न होगा जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि सरकार को अपना निर्णय वापस लेना होगा क्योंकि एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय की दूरी में कम से कम 2 किलोमीटर का फासला होता हैए उन्होंने कहा कि इतनी दूर बच्चे कैसे जाएंगे और किस प्रकार होगा शिक्षा ग्रहण करेंगे इसलिए सरकार को यह आदेश तत्काल वापस ले लेना चाहिए सपा जिला अध्यक्ष अरुण यादव बबलू द्वारा कहा गया कि सरकार का तो यह काम होता है कि वह समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलते हुए सभी के विकास की बात करें लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की सरकार को तो जैसे जनता से कोई लेना देना ही नहीं है उन्होंने साफ तौर से कहा कि सरकार किसी निर्णय का पुरजोर विरोध किया जाएगा और हर हाल में इस नियम को वापस लेने के लिए सरकार को मजबूर करने का कार्य समाजवादी पार्टी के समर्पित सिपाही करेंगे इसके उपरांत जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भी प्रेषित किया गया इस दौरान सैकड़ो की संख्या में सपा के समर्पित सिपाही मौजूद रहे।

## सपा पीडीए के माध्यम से समाज मे एकता लाना चाहती -विजय गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक ;पीडीए द्ध के माध्यम से समाज मे एकता लाने का प्रयास कर रही है ।उन्होंने कहा कि पीडीए की अवधारणा का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को एक जुट करना और उनके हितों की रक्षा व सुरक्षा करना है । उन्होंने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पिछड़ा वर्ग दलित वर्ग और अल्पसंख्यक वर्गों के हितों की रक्षा करने और उनके लिए समान अवसर प्रदान करने का प्रयास कर रहे है ।कहा कि पीडीए की अवधारणा के माध्यम से सपा समाज मे एकता लाने और वंचित वर्गों के हितों की रक्षा करेगी । उन्होंने कहा कि पीडीए की एकता होने से भाजपा बेचैन देखी जा रही है ।उन्होंने कहा कि भाजपा की शोषण कारी नीतियों के कारण आज किसी भी सरकारी कार्यालय में बिना पैसों के कोई काम नही हो रहा है जिससे जनता को परेशान देखा जा है और भाजपा को जबाब देने के लिए जनता अब 27 के आगामी विधान सभा चुनाव का इंतजार कर रही है । उन्होंने दावा किया कि आगामी यूपी के विधान सभा चुनाव में सपा की ऐतिहासिक जीत होगी और गरीबों शोषित वंचितों नवजवानों के मसीहा अखिलेश यादव जब इस प्रदेश के मुख्य मंत्री बनेंगे तभी प्रदेश में विकास की गंगा बहेगी ।

## बिना अधिशासी अधिकारी के रुरा में ठप्प पड़े हैं विकास कार्य

**रूरा कानपुर देहात** शासन और सरकार की योजनाएं जिले की रूरा नगर पंचायत में पूरी तरह दम तोड़ती दिखाई दे रही हैए सरकार विकास की इबारत लिखने के लिए धन उपलब्ध कराने में कतई पीछे नहीं है लेकिन व्यवस्था का संचालन करने वालों की कमी विकास के पहिए की गति को पूरी तरह रोक कर रखने में सफल साबित हो रही हैए बिना अधिशासी अधिकारी के नगर पंचायत ना तो कोई विकास का प्रस्ताव बना पा रही है और ना ही उसे पर किसी प्रकार का अमल हो पा रहा है आलम यह है कि पूर्व में जिन ठेकेदारों द्वारा नगर के विकास को सहयोग प्रदान करते हुए अपने धन से विकास कार्य कर दिए गए हैं वह अब भुगतान के लिए ठोकरे खाते घूम रहे हैंए लोग शासन से किसी अधिशासी अधिकारी के तैनाती की राह देख रहे हैं। अधिकारी जान ले 14 जून को अधिशासी अधिकारी रुरा प्रेमनारायण जी का स्थानांतरण बुदौली अयोध्या हुआ थाए शासन का आदेश आते ही प्रेम नारायण द्वारा खुद को कार्यभार से मुक्त करते हुए तत्काल नवीन तैनाती स्थल पहुंचे कार्यभार ग्रहण कर लिया गया था लेकिन इसे रूरा नगर पंचायत का दुर्भाग्य माना जाए कि यहां चल रही व्यवस्था को रोकने के बाद शासन ने अब तक किसी अधिशासी अधिकारी को यहां तैनात नहीं किया हैए नगर पंचायत को अपना विशेष सहयोग प्रदान करने वाले ठेकेदारों द्वारा दबी जुबान बताया गया कि उन्होंने किसी प्रकार लाखों रुपए का कर्ज लेकर नगर के विकास को आगे बढ़ाने का कार्य किया लेकिन अधिशासी अधिकारी के न होने के चलते आज तक उनका भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे उनके समक्ष अब आगे कार्य संचालन करने में परेशानियां आ रही है कमोवेश यही स्थिति कस्बे की सफाई व्यवस्था की है यहां पूरी तरह सफाई कर्मचारी बे लगाम हो चुके हैं कस्बे में जगह.जगह गंदगी के अंबर किसी भी वक्त देखे जा सकते हैं सभासदों में भी मामले को लेकर खासा रोष व्याप्त हैए नगर के निवासियों ने सरकार से जल्द ही नगर पंचायत को अधिशासी अधिकारी दिए जाने की मांग की है।

# गलत दिशा से आ रहे कंटेनर ने कई वाहनों में मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत

- मृतक मां को नानी के घर जा रहा था छोड़ने
- राहगीरों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा
- महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल हाइवे पर हुआ हादसा







कानपुर। सोमवार सुबह सरसौल ओवरब्रिज पर गलत दिशा से आ रहे कंटेनर ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। दोनों उछलकर सड़क जा गिरे और कंटेनर दोनो को रौंदता हुआ आगे बढ़ गया। हादसे के बाद कंटेनर हाईवे किनारे खड़ा कर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कंटेनर चालक नशे में था। कंटेनर चालक ने एक कार व दो अन्य बाइकों में भी टक्कर मारी। बाइक सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार लोग बाल-बाल बच गए। जबकि एक युवक कंटेनर को सामने आता देख बाइक सड़क पर छोड़कर भाग गया। कंटेनर उसकी बाइक को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। कानपुर-फतेहपुर लेन पर लगभग एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

सरसौल ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह भेवली मोड़ के सामने कानपुर-फतेहपुर लेन में उल्टी दिशा से आ रहे कंटेनर ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार मां बेटे लगभग राघवेंद्र व मुन्नी निवासी कल्यानपुर के आवास विकास सत्यम विहार सड़क पर जा गिरे। कंटेनर दोनो को कुचलते हुए आगे निकल गया। दोनो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। भागने के चक्कर में कंटेनर चालक ने कार को टक्कर मारी। हालांकि कार सवार बाल-बाल बच गया। इसके बाद कंटेनर ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार आकाश गुप्ता और उसका दोस्त घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। राघवेन्द्र कानपुर कचहरी में अधिवक्ता थे। मृतक राघवेन्द्र के भाई संदीप ने बताया कि उनका भाई सोमवार को बाइक से फतेहपुर की बिन्दकी कचहरी जा रहे थे। साथ में मां भी थी। मेरे पिता राम कृपाल पूर्व सैनिक हैं। मेरा ननिहाल फतेहपुर जिले के गांव पारा धनई में है। जहां उन्हें मां को छोड़ना था। सरसौल ओवरब्रिज के पास गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गई। यह देख भीड़ कंटेनर के पीछे चिल्लाते हुए दौड़ने लगी। यह देखकर राहगीरों और दुकानदारों ने कंटेनर को घेर लिया। इसके बाद चालक ने कंटेनर रोका। वह कंटेनर से उतरकर भागने लगा, लेकिन भीड़ ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। तब तक पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस आरोपी चालक को पकड़कर थाने ले गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करीब 5 किलोमीटर तक नशे में धुत कंटेनर चालक ने नेशनल हाईवे पर उल्टी दिशा में कंटेनर दौड़ाया, लेकिन एनएचएआई अधिकारियों और संबंधित विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि नेशनल हाईवे पर यातायात सुचारू है। मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पांच किमी तक गलत दिशा में दौड़ाया कंटेनर

हादसे के बाद चालक ने प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर 5 किमी तक कंटेनर को रॉन्ग साइड में दौड़ाया। कंटेनर में तीन सवारियां बैठी थीं। तीनों बचाओ-बचाओ चिल्लाते रहे। दो सवारियां चलती कंटेनर से कूद गईं। सरसौल ओवरब्रिज से 200 मीटर दूर भीड़ कंटेनर के सामने आ गई। यह देखकर चालक ने कंटेनर रोक दिया। ड्राइवर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### एक घंटे तक आवागमन रहा बाधित

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद नशे में धुत चालक ने उल्टी दिशा में कंटेनर हाईवे पर दौड़या तो सभी वाहन जहां के तहां खड़े हो गए। लोगों ने चालक ने पकड़ पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान हाइवे पर भीषण जाम लग गया। पुलिस बल ने वाहनों को किनारे कर यातायात को सुचारू रूप से करवाया।

## चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचा गंगा का जलस्तर, लोगों को सताने लगा डर



कानपुर। गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा धीरे-धीरे उफान की ओर है। इससे गंगा किनारे रहने वाले लोगों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। रामा निहालपुर, नत्था पुरवा, बड़ा मंगलपुर, छोटा मंगलपुर, पहाड़ीपुर, रामपुर, दिबुनी पुरवा और चैनपुरवा गांव के लोगों ने बताया कि बाढ़ का खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। दहशत में है कि कब पानी गांव में घुस जाएगा। गंगा नदी के किनारे कटान भी शुरू हो गया है। इससे गांव वालों की बेचैनी और बढ़ गई है। उन्होंने बताया. गंगा नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है। सभी लोग गंगा किनारे गए हैं। कुछ वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ेगी, जिससे जान बच सके। बताते चलें कि कानपुर में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। 4 जुलाई को गंगा बैराज की अपस्ट्रीम पर जलस्तर 112.900 मीटर और डाउन स्ट्रीम में 11.580 मीटर रहा। शुक्लागंज की तरफभी जलस्तर बढ़कर 110.180 मीटर पर पहुंच गया। वहीं शनिवार को गंगा बैराज के 30 गेटे खोले जाने के बाद 6 जुलाई को गंगा बैराज की अपस्ट्रीम पर जलस्तर 112.600 मीटर और डाउन स्ट्रीम में 111.800 मीटर पर रहा। आपदा प्रबंधन जुगबीर सिंह ने बताया. बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए सारे इंतजाम है। लोगों को कहां ठहराना है या कहां से उन्हें और कैसे ले जाना इन सभी का इंतजाम कर लिया गया हैं। इसके अलावा घाटों पर भी नाविक तैनात हैं।

# मुठभेड़ में पुलिस ने दो लुटेरों को पैर में मारी गोली



कानपुर। सोमवार भोर पहले बर्रा पुलिस व लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। शातिर लुटेरों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में दोनों लुटेरों के पैर में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद शातिरों ने कुछ ज्वैलर्स और मोबाइल दुकान संचालकों के बारे में जानकारी दी है, जो लूट का माल खरीदते बेचते हैं। दोनों लूटेरों के खिलाफ एक दर्जन से अधिक चोरी व लूट के मुकदमे दर्ज है।

डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि बीते कुछ समय में शातिरों ने नौबस्ता, गुजैनी, बर्रा, गोविंद नगर और चकेरी समेत कई इलाकों में लूट छिनैती की घटनाओं को अंजाम दिया है। लगभग एक सप्ताह पूर्व बर्रा में एडवोकेट दयाशंकर साहू की पत्नी स्वीटी साहू से चेन लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद से पुलिस टीमें लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। उनका सीसी टीवी फुटेज भी पुलिस को मिला था। उसी के आधार पर खोजबीन चल रही थी। डीसीपी ने बताया कि रविवार देर रात बर्रा इंस्पेक्टर को व उनकी टीम चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान बाइक पर सवार दो संदिग्धों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। किसी तरह से पुलिस बची और आरोपियों का पीछा करना शुरू कर दिया।

इस दौरान आरोपियों ने फिर से फायर किया। जिस पर पुलिस की तरफसे भी जवाबी फायरिंग की गई, जिसके बाद दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और घायल होकर गिर पड़े। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। डीसीपी ने बताया कि शातिरों ने एक बड़े नेटवर्क की जानकारी दी है। जिसमें आरोपी ने लूटपाट करने के बाद सोना कुछ ज्वैलर्स को रीसेल किया जाता था। इसमें आधा दर्जन से अधिक सुनारों के नाम शातिरों ने पुलिस को बताए हैं और उन पर काम चल रहा है। वहीं कुछ ऐसे भी दुकानदार हैं, जो लूट और चोरी का मोबाइल आदि खरीदते हैं। इस मामले में पूरी योजना बनाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन दो शातिरों के पकड़े जाने पर क्षेत्र में लूट और छिनैती की घटनाओं में निश्चित कमी आएगी।

## खबर एक नजर

### 56 दिन बाद आज से दर्शकों के लिए खुलेगा चिड़ियाघर




**कानपुर।** चिड़ियाघर में आने वाले दर्शकों के लिए राहत की बड़ी खबर है। करीब 56 दिन बाद मंगलवार से चिड़ियाघर एक बार फिरसे दर्शकों के लिए खोला जाएगा। भोपाल की लैब में भेजे गए सैंपल्स की तीसरी रिपोर्ट भी निगेटिव आने के बाद चिड़ियाघर को मंगलवार से खोलने का फैसला लिया गया है। गौरतलब हो कि चिड़ियाघर में गोरखपुर से आए शेर पटौदी की मौत के बाद जब उसके सैंपल में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी। तब 13 मई को दर्शकों के लिए बंद कर दिया गया था। इसके बाद यहां पर एक मोर की भी मौत हो गई थी। इसके सैंपल में भी बर्ड फ्लू पाया गया था। वहीं सुर्खाब, नीलगाय का बच्चा, हाइना, चीतल, उल्लू और ऐमू की भी लगातार मौत होती गई, हालांकि इन सबके सैंपल्स में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई थी। इसके बावजूद एहतियात की दृष्टि से चिड़ियाघर को नहीं खोला जा रहा था। इस बीच भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिज़ीज से सैंपल्स की तीसरी रिपोर्ट भी निगेटिव प्राप्त हुई, जिसकी जानकारी शासन को भेजी गई थी। शासन से मंजूरी मिलने के बाद अब कल से चिड़ियाघर में फिर दर्शकों को वन्य जीवों का दीदार होगा। कानपुर प्राणि उद्यान के निदेशक डॉ कन्हैया पटेल ने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव की अनुमति के बाद मंगलवार से चिड़ियाघर दर्शकों के लिए खुल जाएगा।

### गरीबों के आशियाने को लेकर महापौर को पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

कानपुर। सोमवार को वार्ड-27 के पार्षद सुनील कुमार ने क्षेत्रीय लोगों के



साथ नगर निगम मुख्यालय पहुंच कर महापौर प्रमिला पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्षद ने बताया कि आईआईटी सोसाइटी में आराजी संख्या 52 में एक दो बिघा दो बिस्वा जमीन है। जिस पर करीब 12 परिवार करीब 30 वर्षों से निवास कर रहे हैं। उक्त जगह पर अमृत योजना के तहत पानी की टंकी बनाई जानी है। जिस पर पार्षद ने महापौर से अनुरोध किया कि पूरी जमीन की नाप कराकर टंकी बनाई जाए। बाकी 6 बिस्वा में जो वर्षों से निवास कर रहे हैं उनको न हटाए जाए।

### बाइक पर बैठने को लेकर हुआ विवाद, पथराव

कानपुर। बाइक पर बैठने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट के साथ पथराव हो गया। पूरी घटना का वीडियो भी वायरल हो गया। चमनगंज थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में 3 से 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

टुकनियापुरवा चमनगंज निवासी फरहान ने बताया कि 5 जुलाई को वो एक बाइक पर टेक लगाकर खड़ा हुआ था। उसी दौरान बाइक मालिक आ गया। उसने गालियां देते हुए कहा कि मेरी गाड़ी से उतर जा वरना तुझे जूतों से मारूंगा। तुझे दिख नहीं रहा गाड़ी साइड स्टैंड पर खड़ी है। इसका विरोध करने पर गाड़ी मालिक ने थप्पड़ मार दिया। उस समय मोहल्ले के सम्भ्रांत लोगों ने बीच-बचाव करके मामला शांत करा दिया। गाड़ी मालिक वहां से चला गया और फरहान भी अपने घर आ गया था। फरहान ने बताया कि दस मिनट बाद फिर से गाड़ी मालिक का लड़का 15 से 20 लोगों को लेकर उनके घर पर चढ़ आया। फरहान और उसके भाई को घर से निकालकर पीटा। इसके बाद आरोपियों ने पथराव कर दिया। जब इलाके के लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर चमनगंज संजय राय ने बताया कि घटना का वीडियो मिला है। इसके अनुसार चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ शांति भंग की धारा में कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

### रिश्तेदार की आवाज निकाल कर की लाखों की ठगी

कानपुर। सऊदी अरब में बैठे रिश्तेदार की आवाज निकालकर एक वृद्ध से एक लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। बाबूपुरवा निवासी कलीम जावेद ने बताया कि उनके पिता वसीम के पास 24 जून को फोन आया। कॉलर ने वॉट्सऐप पर कॉल की और पिताजी के रिश्तेदार की आवाज में बोला मैने आपके खाते में आठ लाख रुपए भेज दिए हैं। आवाज ऐसी थी कि पिता को रिश्तेदार का यकीन हो गया। शातिर ने पिता से कहा कि मेरे एक पहचान वालों को एक लाख भेज देना उसकी मां की तबीयत खराब है और हार्ट का ऑपरेशन होना है। इसके थोड़ी देर बाद एक दूसरा फोन आया उसने अपना नाम उस्मान बताया। इसके बाद उसने पिता से कहा कि खाता संख्या आपको भेज दी गई है। पिता ने उसमें पैसे डाल दिए। बाद में घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर आईटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

## 70 लाख की चोरी में सातवें आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कानपुर। श्याम नगर रामपुरम में मोबाइल कारोबारी के घर 70 लाख की चोरी के मामले में चल रहे सातवें आरोपी शिवम राजपूत को गुजैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शातिर शिवम गुजैनी थाने से भी चोरी के मामले में फरार चल रहा था। जबकि 70 लाख की चोरी में शामिल उसके 6 अन्य साथियों को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया है। श्याम नगर रामपुरम निवासी कारोबारी अंकुर दीक्षित के ताला बंद घर को 28 जून की रात को चोरों ने निशाना बनाते हुए 70 लाख के जेवरात और 35 हजार कैश चोरी किया था। मामले की जानकारी मिलते ही चकेरी पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच करने मौके पर पहुंची थी। जांच के दौरान सामने आया कि कार सवार तीन चोर घर में ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चकेरी पुलिस ने खुलासा करते हुए कारोबारी के घर चोरी में शामिल कर्रही रोड निवासी हिमांशु गौतम, रोहन सचान उर्फछोटू, औरैया एरवाकटरा व मौजूदा समय कैंट के सिचाई विभाग कॉलोनी निवासी हरिओम, उन्नाव के गंगाघाट गांधी नगर के सर्राफसंजय सोनू, शिवाला के सर्राफनिमिष गुप्ता और फर्रुखाबाद निवासी मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के चौक शाखा के सहायक प्रबंधक रोहित दुबे को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। जबकि जिस कार से शातिर चोर वारदात को अंजाम देने गए थे उसके मालिक और चोरी में अहम भूमिका निभाने वाले हनुमंत विहार भीम नगर कच्ची बस्ती निवासी शिवम राजपूत फरार चल रहा था। वह गुजैनी थाने से भी चोरी के मामले में फरार था। गुजैनी पुलिस ने शातिर शिवम को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। शिवम शातिर चोर हैं, उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में आधा दर्जन से ज्यादा चोरी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं।

## संतो ने डीएम कार्यालय में किया प्रदर्शन, प्रापर्टी डीलर पर कार्रवाई की मांग



कानपुर। सोमवार को संत सनातन ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। संतों ने प्रॉपर्टी डीलर प्रदीप तिवारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। बताते चलें कि बीते दिनों प्रॉपर्टी डीलर प्रदीप तिवारी ने एक युवक से फोन पर झगड़े के चलते सीएम और डीएम समेत अन्य अफसरों को अपशब्द कहे थे। अपशब्द कहे जाने का ऑडियो जैसे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ, तो कानपुर कमिश्नरेट के अफसरों के बीच हड़कंप मच गया था। सर्विलांस समेत अन्य तकनीकों की मदद लेकर पुलिस ने फौरन ही चकेरी के सनिगवां निवासी प्रदीप तिवारी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था। इस पूरे मामले में संत गोल्डन बाबा ने एक मुहीम छेड़ दी और प्रदीप तिवारी के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी की मांग की। गोल्डन बाबा ने कहा कि इसी संदर्भ में पुलिस कमिश्नर, बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और डीएम को भी एक पत्र दे चुके हैं। फिर भी प्रदीप तिवारी के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई। प्रदीप की सम्पत्ति की जांच हो, उसके खिलाफ जांच हो और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करी जाए नहीं तो उनका अनशन जारी रहेगा।

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च इंस्टीट्यूट का दर्जा दिए जाने की मांग

**-विधायक मैथानी ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र**



कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च इंस्टीट्यूट का दर्जा दिए जाने की मांग अब तेज हो गई है। सोमवार को विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज न केवल कानपुर नगर बल्कि आसपास के 16 से 17 जिलों के लाखों गरीब मरीज इलाज कराने आते हैं। कालखंड में 2017 के बाद इसकी ओपीडी 5000 से भी ज्यादा की हुई है। इससे पहले 500 की भी ओपीडी मुश्किल होती थी और लोगों का विश्वास यहां की स्वास्थ्य सेवाओं से उठ चुका था। आए दिन आम जनता यहां पर स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिएए धरना प्रदर्शन तथा विरोध प्रदर्शन करती थी। यह संस्थान वर्षों से चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सक, उन्नत तकनीकी संसाधन और सक्रिय शोध कार्य इसे प्रदेश का एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान बनाते हैं तथा यहां के एक्सपर्ट डॉक्टर काफी उच्च स्तरीय अनुभव रखते हैं। विधायक मैथानी ने मुख्यमंत्री से कहा कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की क्षमताओं, सेवाओं और भविष्य के कानपुर और आसपास की जिलों की बढ़ती जनसंख्या तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसे पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में उच्चीकृत किया जाए। इस उच्चीकरण से चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा, शोध के नए द्वार खुलेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत मांग पत्र को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए विषय पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

## कब्जे की शिकायत लेकर 435 किमी दूर से शहर पहुंचा पीड़ित



कानपुर। सोमवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के जनता दर्शन में 435 किमी दूर जनपद बागपत की तहसील बड़ौत से राजकुमार ने अपनी गुहार लगाते हुए कहा कि आप से ही समाधान की उम्मीद है। राजकुमार ने कहा कि बागपत में आपनी हमारी समस्या को गंभीरता से सुनकर उसके निर्देश दिए अधिकारियों को दिए थे। इसी बीच आपका ट्रांसफर हो जाने के बाद अधिकारी फिर से काम नहीं कर रहे हैं। इसी उम्मीद से 435 किमी दूर से गुहार लगाने आया हूं। जिस पर जिलाधिकारी बागपत के सम्बन्धित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर शीघ्र समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया। राज कुमार ने बताया कि करीब छह महीने पहले बागपत में तत्कालीन जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से मिले थे, जहाँ उन्होंने उनकी समस्या को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए थे, लेकिन समाधान से पहले ही डीएम का स्थानांतरण जनपद कानपुर नगर हो गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने राजकुमार को जलपान कराया और रेलवे स्टेशन तक पहुँचाने के लिए सरकारी वाहन की भी व्यवस्था की गई। राजकुमार ने बताया कि पुत्रवधु डिंपल और उसके मायके वालो द्वारा मकान पर कब्जा किया गया है। अब मुकदमें में पैरवी करते हैं तो वो जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## खबर एक नजर

### पट्टे की जमीन पर धमकाकर कब्जा करने की दर्ज हुई रिपोर्ट

**भदरस के रहने वाले युवक के नाम 2014 में अलादादपुर में हुआ था आवासीय पट्टा**

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के गांव भदरस में एक किसान की पट्टे की जमीन पर धमकाकर कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ निर्माण न करने देने व भूमि की बेच लेने का भी आरोप लगाया गया है।भदरस के रहने वाले अभिजीत सैनी ने पुलिस को बताया कि 2014 में अलादादपुर में आवासीय पट्टा हुआ था। 21 जून को राजस्व टीम तथा पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर मुझे कब्जा भी दिलाया गया था। लेकिन अयोध्यपुर निवासी जयमूर्ति यादव जो बगल का काश्त कार है। वह जबरियन मेरे प्लाट पर कब्जा कर लेता है। बताया कि वह दिन में मेड तथा ईट से नीव भरवाता है तो जयमूर्ति रात में ईट गिराकर ट्रैक्टर से जोत देता है। साथ ही जमीन की चार फीट मिट्टी भी खनन कर भट्ठे में बेच दी है। उसके पुत्र रोहित तथा पंकज भी धमकाते हैं। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### विधवा से किया छेड़खानी का प्रयास दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम पत्योरा की एक विधवा ने पड़ोस में रहने वाले दो युवकों के खिलाफ बुरी नीयत से परेशान करने तथा विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए दोनों से जान का खतरा बताया है। पत्योरा निवासी महिला ने बताया कि उसके पति की छह वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। पति के मौत के बाद से ही पड़ोसी बच्चा खेत खलिहान आते जाते समय अश्लील बातें करता है और छेड़खानी का प्रयास करता है। मना करने पर जान से मार देने की धमकी देता है। गत दो जुलाई को बच्चा पड़ोसी अनुभव को साथ लेकर रात करीब 10 बजे दरवाजे पर आ गया और गाली गलौज करते हुए दरवाजा तोड़कर घर में घुसने का प्रयास किया। डायल 112 के पहुंचने पर दोनों अंधेरे में गुम हो गए। तीन जुलाई को थाने आते समय दोनों ने रेलवे स्टेशन तक बाइक से पीछा किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कालेज जाते समय रास्ते से लापता हुआ छात्र

भरुआ सुमेरपुर। गत 4 जुलाई को कालेज गया 11वीं का छात्र रास्ते से ही लापता हो गया। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। बिरखेरा निवासी बाबूलाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में अवगत कराया है कि उसका पुत्र रामदुलारे 16 वर्ष गांधी इंटर कॉलेज में 11वीं का छात्र है। गत 4 जुलाई को सुबह वह कालेज जाने के लिए घर से निकला और रास्ते से लापता हो गया। खोजबीन के बाद उसका सुराग नहीं लग रहा है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की है।

### जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायत सुन किया निस्तारण

हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 77 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअलध् जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### खेत में पड़ा मिला किसान का शव, सिर पर था चोट का निशान

मुस्करा (हमीरपुर)। बीमार-थाना क्षेत्र के करगांव गांव में सोमवार की सुबह गांव के ही युवक (किसान) का संदिग्ध हालत में शव पड़ा मिला।युवक मृतक के भाई ने थाना में सूचना दी।

सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बिवांर थाना क्षेत्र के करगांव में सुरेश (48) पुत्र लल्लू का शव खेत में संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। मृतक का बड़ा भाई संतोष सुबह अपने जानवर चराने गया था ,जिसने भाई को मृत अवस्था में पड़ा पाया।भाई की सूचना पर पुलिस ने फौती सूचना दर्ज की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के भाई सन्तोष ने बताया कि वे पांच भाई थे जिनमें से चार की शादी हो चुकी है ,सिर्फ मृत भाई की शादी नहीं हुई थी।बताया कि उसका भाई शराब पीने का आदी था।बताया कि उनके पिता की दस बीघा कृषि भूमि थी जो सभी भाइयों में दो-दो बीघा बंट चुकी थी।सुरेश अपनी मां के साथ रहता था और अपनी खेती अक्सर बलकट उठता था।मृतक के भाई ने बताया कि बीते रविवार दोपहर लगभग दो बजे मां से पांच सौ रुपए लेकर घर से निकला था जो फिर घर नहीं लौटा।बताया कि उसके सिर पर चोट का एक गहरा निशाना था जिससे बहा खून आसपास पड़ा हुआ था और वह खेत की मेड पर पर पड़े तारों के ऊपर औंधे मुंह पडा हुआ था।थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार का कहना था कि शव के पोस्टमार्टम से ही पता चल सकेगा कि मौत कैसे हुई और उसके बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।वहीं सिर पर चोट होने के कारण गांव के कुछ लोगों को हत्या की आशंका के बारे में बातचीत करते सुना गया तो कुछ लोग जहरीले कीड़े के काटने की आशंका जता रहे थे।

### लूट के माल सहित 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार व 1 बालअपचारी पुलिस संरक्षण में

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज थाना जरिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 120ध्2025 धारा 309(4)ध317(2) बीएनएस व धारा 9(1)(।)(1)ध25(2) आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 3 वांछित अभियुक्तगण, साबिर खान पुत्र गफ्फार खान, आकाश श्रीवास पुत्र नंदराम श्रीवास, अभिषेक कुमार पुत्र श्यामबाबू श्रीवास को लूट के माल सहित अमूंद पचखुरा बाईपास सिंचाई विभाग की कोठी के पास बहद कस्बा सरीला से गिरफ्तार किया गया। व एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण साबिर खान पुत्र गफ्फार खान (उम्र करीब 19 वर्ष) निवासी बसवारी थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर, आकाश पुत्र नंदराम श्रीवास (उम्र करीब 19 वर्ष) निवासी मु0 हटवारा कस्बा सरीला थाना जरिया हमीरपुर, अभिषेक पुत्र श्यामबाबू श्रीवास निवासी (उम्र करीब 19 वर्ष) मु0 हटवारा कस्बा सरीला थाना जरिया हमीरपुर, बालअपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 2 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 1 अदद मिस फायर कारतूस 315 बोर, 2 अदद एन्ड्रायड मोबाइल तथा माल मसरूका रूपया 4000ध- व दो अदद मोटरसाइकिल बरामद हुए है। पुलिस टीम में उ0नि0 दिनेश प्रसाद, उ0नि0 दिलीप श्रीवास्तव, हे0का0 शिवेन्द्र सिंह, का0 आनन्द कुमार, का0 अभिनव प्रताप सिंह, का0 अभिषेक कुमार, का0 पंकज कुमार शामिल रहे।

## डिफेंस कॉरिडोर देश को रक्षा क्षेत्र में बना रहे आत्मनिर्भरराकेश सचान





**कैबिनेट मंत्री ने डिफेंस कॉरिडोर इकाई के निरीक्षण के दौरान कहा कि मुख्य मंत्री की सोच है कि कॉरिडोर में डिफेंस यूनिटें जो बाहर से सामान खरीदती हैंए उनकी यूनिटें यहीं स्थापित हों**

घाटमपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यमए खादी एवं ग्रामोद्योग तथा वस्त्रोद्योग विभाग के मंत्री राकेश सचान ने सोमवार अपराह्न साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर इकाई का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्य मंत्री की सोच है कि कॉरिडोर में डिफेंस यूनिटें जो बाहर से सामान खरीदती हैंए उनकी यूनिटें यहीं स्थापित होंए इससे जहां हथियार बनाने वाली यूनिटों को वहीं समान उपलब्ध हो सकेगाए वहीं क्षेत्रीय लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्आत्मनिर्भर भारतश् संकल्प की दिशा में उत्तर प्रदेश में स्थापित किया जा रहा डिफेंस कॉरिडोर एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल है। यह परियोजना न केवल देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रही हैए बल्कि राज्य के औद्योगिक विकास और युवाओं के लिए रोज़गार सृजन में भी अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने एज कहा कि इस डिफेंस कॉरिडोर केमाध्यम से उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगाए जिससे स्थानीय उद्यमों को भी प्रोत्साहन मिलेगाए साथ ही तकनीकी विशेषज्ञता का विस्तार होगा।आने वाले वर्षों में यह परियोजना न केवल राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति देगीए बल्कि श्मेक इन इंडियाश् और श्लोकल फॉर लोकलश् जैसे अभियानों को भी सशक्त आधार प्रदान करेगी।इस दौरान प्रमुख सचिव आलोक कुमारए मण्डलायुक्त केण्विजयेंद्र पांडियन सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## चारामशीन में फंसकर युवक घायल, मौत



स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के करचुलीपुर गांव में चारा मशीन में चारा काट रहे थे तभी अचानक उसके पटे की चपेट में आकर गंभी रूप से घायल हो गया जिसे परिजन आनन फानन कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।करचुलीपुर निवासी राजेंद्र 45 पुत्र जगमोहन सोमवार सुबह दरवाजे चारा मशीन से चारा काट रहे थे तभी अचानक उसके पटे की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे परिजन आनन फानन कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज विधिक कार्यवाही की जा रही।

## एसडीएम ने मौके पर निपटाया 20 साल पुराना रास्ते का विवाद

**आर्य समाज मन्दिर के पूर्व मंत्री ने समाधान दिवस में की थी जिलाधिकारी से शिकायतए डीएम के निर्देश पर ईओ के साथ विवाद निपटाने पहुंचे एसडीएम**



घाटमपुर। आर्य समाज मन्दिर के आस पास पड़ी जमीन व रास्ता बनवाए जाने को लेकर करीब 20 सालों से चल रहे मालिकाना हक का विवाद नव आगंतुक एसडीएम मनीष कुमार ने दोनों पक्षों की सहमति से 20 मिनटों में ही निपटा दिया। जिसमें दोनों पक्षों ने न सिर्फ अपनी अपनी सहमति जताई बल्कि समझौता नामे में भी खुशी खुशी हस्ताक्षर बनाए। जिसके गवाह बने वार्ड के सभासद ज्ञान सिंह सचान व भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश त्रिवेदी भी। एक पक्ष से राज किशोर मिश्रा द्वारा खुद की जमीन बताने के साथ मन्दिर के आस पास पड़ी जमीन के कागज़ दिखाने के साथ अपना दावा कर रहे थे। इतना ही नहीं विवाद बढ़ने पर उन्होंने अदालत का भी सहारा लिया तो अधिकारी मौके के निरीक्षण तो करते थे पर खुद को बचाने के लिए विवाद की अनदेखी करते आ रहे थे। शनिवार को फिर यह मामला सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के सामने पहुंचा। जिन्होंने मामले के निस्तारण की जिम्मेदारी एसडीएम मनीष कुमार को सौंपी। सोमवार को एसडीएम ने ईओ महेन्द्र कुमार को बुलाने के साथ दोनों पक्षों की बात सुनी। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय व ईओ के साथ उन्होंने मौके का निरीक्षण कर बमुश्किल 20 साल का मामला 20 मिनट में निपटा दिया। साथ ही रास्ते को बनवाए जाने का रास्ता उन्होंने ईओ से कहकर साफ करने को कहा। शिकायत कर्ता आर्य समाज मन्दिर के पूर्व मंत्री ओम नारायण उर्फ मुनीम जी व राज किशोर मिश्रा ने 20 साल पुराना विवाद निपटाने पर आभार जताया। वहीं एसडीएम मनीष कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की लिखित सहमति से विवाद के निस्तारण के साथ ईओ से रास्ता बनवाए जाने को कहा गया है।

## शक्ति डिग्री कॉलेज के 12 छात्रों का नौकरी के लिए हुआ चयन



घाटमपुर। श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी में छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के मार्ग दर्शन और सहयोग से बीएससी के छात्रों को अच्छी कंपनी में नौकरी दिलाने के लिए दि इंडिया थर्मिट कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी द्वारा एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर महाविद्यालय के 12 छात्रों का चयन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी सौरभ गुप्ता ने बताया कि बीएससी पाठ्यक्रम को गंभीरता से पढ़ने वाले छात्रों के लिए तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों के समान ही नौकरी के अनेक अवसर हैं। छात्र.छात्राओं को ऐसे महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहिए जहां पढ़ाई की अच्छी व्यवस्था हो साक्षात्कार प्रक्रिया को संपन्न कराने में कंपनी के प्रबंधक ;आई आरद्ध नवीन चंद्र जैन व उनके सहयोगी दीप्ति यादवए अजय व विजय आदि भी मौजूद रहे।

## जनपद के 19 गांवों से गुजरेगा ग्रीन फील्ड हाईवे केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**दो माह में होगा जमीन का अधिग्रहण**

**कानपुर से कबरई तक 112 किलोमीटर बनेगा नया हाईवे**

भरुआ सुमेरपुर। कानपुर से कबरई के मध्य बनने वाले ग्रीन फील्ड हाईवे को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने हरी झंडी दे दी है। 3700 करोड़ की लागत से बनने वाले इस ग्रीन फील्ड हाईवे के लिए जमीन का अधिग्रहण 2 माह में शुरू हो जाएगा। इसके लिए जमीनों का चिन्हीकरण कर लिया गया है। यह ग्रीन फील्ड हाईवे हमीरपुर महोबा कानपुर नगर के 78 गांवों से गुजरेगा और इसको रमईपुर कानपुर के मगरासा के समीप से जोड़कर महोबा की सीमा पर छतरपुर इकोनामिक कॉरिडोर से जोड़कर 112 किलोमीटर बनाया जाएगा। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव ने बताया कि तीन माह पूर्व कानपुर कबरई ग्रीन फील्ड हाईवे का एलाइनमेंट तैयार करके स्वीकृत के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजा गया था। स्वीकृत देने से पूर्व एनपीजी (नेशनल प्लानिंग ग्रुप) से अनापत्ति प्रस्ताव भेजा गया था। तभी से एनएचएआई के अधिकारी स्वीकृति का इंतजार कर रहे थे। अब इसकी स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि 2 माह में जमीन के अधिग्रहण की शुरुआत कर दी जाएगी।बता दें कि अभी कानपुर से कबरई टूलेन सड़क है। वाहनों का अधिक भार होने के कारण इस हाइवे 34 में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सैकड़ो लोग जान गवां चुके हैं। लोग इसको खूनी हाईवे के रूप में बोलते हैं। ग्रीन फील्ड हाईवे बनने से इस हाइवे में वाहनों का लोड कम होगा और हादसों में लगाम लगेगी। यह ग्रीन फील्ड हाईवे जनपद के 19 गावों से गुजरेगा। इसी तरह महोबा में यह 10 गांवों से गुजर रहा है। कानपुर नगर के 49 गांवों से इसको निकाला जा रहा है। यह शहर कस्बों के बजाय गांवों से होकर गुजरेगा। गांवों से गुजरने के कारण इन गांवों के विकास की उम्मीद बढी है। इसके बनने से लखनऊ से लेकर भोपाल तथा मुंबई का सफर बेहद आसान हो जाएगा। केंद्र सरकार इसके निर्माण में 3700 करोड़ का भारी भरकम बजट खर्च करेगी। इस ग्रीन फील्ड हाईवे के बन जाने से जिले की यमुना बेतवा में पांच दशक बने पुलों को भी बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि दोनों पुल ओवरलोड गुजारते गुजारते जर्जर हो गए है।

## निरीक्षण में गायब मिले 78 अधिकारी व कर्मचारी वेतन काटने के आदेश

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतारा में 33ए घाटमपुर में 42 व बरीपाल में तीन कर्मचारी मिले गैरहाजिर**



घाटमपुर। सोमवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने टीम के साथ क्षेत्र में पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाण् ओपी मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतारा में सुबह 8 बजे पहुंचे।यहां 6 चिकित्साधिकारीए 15 नियमित और 12 संविदा कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। वहीं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा ण् रमित रस्तोगी व डिप्टी सीएमओ राजेश्वर सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर कुल 62 कर्मचारियों में से 42 कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित मिले। घाटमपुर सीएचसी में उन्होंने मरीजों से बात की। यहां किसी प्रकार की अवैध वसूली की शिकायत नहीं मिली। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों और अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही उनका एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए हैं। इसके बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर परास का निरीक्षण किया गया। वहां सीएचओ भारती सचान उपस्थित मिलों और ओपीडी कर रही थीं। फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरीपाल का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी समेत तीन कर्मचारी अनुपस्थित मिले। एसीएमओ ने सभी अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जवाब तलब करने के साथ एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित....



हमीरपुर। पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व सम्मान को समर्पित ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत आज जनपद न्यायालय, हमीरपुर के आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय की गरिमामयी उपस्थिति में प्रभागीय वन अधिकारी, ए0के0 श्रीवास्तव, वन क्षेत्राधिकारी, डी0एन0 पाण्डेय व न्यायिक अधिकारीगण प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रलाद सिंह-प्प्, विशेष न्यायाधीश (आ0व0अधि0), श्री अनिल कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश (एस0सी0ध्एस0टी0 एक्ट) श्री उदय वीर सिंह, अपर जिला जजध्विशेष न्यायाधीश (द0प्र0क्ष0), श्री रनवीर सिंह, स्थाई लोक अदालत, प्रमोद कुमार-प्ट, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विनय कुमार सिह-प्ट, सिविल जज (सी0डि0), निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अभिषेक त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, सिविल जज(सी0डि0)ध्एफ0टी0सी0, श्रीमती वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (जू0डि0) अंकित पाल, सिविल जज (जू0डि0) क्राइम अगेंस्ट वूमेन, सुश्री कीर्ति मिश्रा सिविल जज(जू0डि0) ग्राम न्यायालय सरीला, प्रखर तिवारी व लीगल एड डिफेंस काउन्सिल से डिप्टी हरिनाम उपस्थित रहे।जनपद न्यायाधीश ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ष्माँ जीवन की प्रेरणा होती हैं और वृक्ष जीवन का आधार। जब हम माँ के नाम पर एक वृक्ष लगाते हैं, तो यह केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और भावनात्मक चेतना के लिए भी एक महत्वपूर्ण कार्य होता है। इस अभियान के तहत न्यायालय परिसर में आम, अशोक, के कुल (25) पौधे रोपे गए। वृक्षों को न्यायिक अधिकारियों द्वारा अपनी माताओं के नाम समर्पित किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा कार्यक्रम के अंत में पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण के लिए नजारत अनुभाग को निर्देशित किया गया की न्यायालय परिसर में लगाए गए पौधों की निगरानी और पालन-पोषण सुनिश्चित करेंगे। जनपद न्यायाधीश द्वारा यह निर्देश दिये गए इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन लगातार कराया जाये तथा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जाये।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई प्रखण्ड-महोबा**

पत्रांक 383 /ल0सि0/लेखा/नीलामी/2025-26 दिनांकः 02.07.2025

**-: नीलामी विज्ञप्ति :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड, महोबा के निम्नलिखित निष्प्रयोज्य सामग्रियों की सार्वजनिक नीलामी निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन दिनांक 21.07.2025 को समय 01:00 बजे अपरान्ह केन्द्रीय भण्डार लघु सिंचाई उपखण्ड-महोबा के परिसर में की जायेगी।

नीलामी गठित समिति के द्वारा की जायेगी प्रत्येक बोली दाता को बोली बोलने के पूर्व नगद रु. 10000.00 (रु0 दस हजार मात्र) जमानत के रूप में जमा करना होगा। निष्प्रयोज्य सामग्रियों की निम्नवत् उनके नाम के सम्मुख अंकित धनराशि निर्धारित की गयी है।

| क्र0 सं0 | निष्प्रयोज्य सामग्री का विवरण | मात्रा | प्रति इकाई दर (लाख में) | स्वीकृत धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रिग मशीन D.T.H. Helko V493 | 01 | 4.82 | 4.82 |

अतः निर्धारित न्यूनतम् मूल्य से अधिक बोली बोलना अनिवार्य होगा। नीलामी समिति के लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वह सबसे अधिक बोली बोलने वाले की बोली स्वीकार करे, समिति को यह अधिकार होगा कि किसी एक अथवा समस्त बोलियों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है।

समिति द्वारा स्वीकार की गयी उच्चतम् बोली तभी मानी जायेगी जब तक समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित अथवा स्वीकृत न कर दी जाये।

उच्चतम बोली बोलने वाले को स्वीकृत धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि नीलामी समाप्त होने के तुरन्त बाद नगद जमा करना होगा, शेष 50 प्रतिशत धनराशि स्वीकृति के उपरान्त निर्धारित तिथि तक जमा नहीं की जाती है तो पहले जमा की गयी नीलामी की 50 प्रतिशत धनराशि सरकार के हक में जमा कर ली जायेगी।

उच्चतम बोली बोलने वाले दाता द्वारा सम्पूर्ण भुगतान कर देने के पश्चात ही तीन दिवस के अन्दर निष्प्रयोज्य सामग्री को उठा लेना अनिवार्य होगा।

अन्तिम स्वीकृति के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा नीलामी के बारे में किसी प्रकार का विवाद की दशा में समिति के अध्यक्ष का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

उक्त निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी के पूर्व इच्छुक व्यक्ति केन्द्रीय भण्डार लघु सिंचाई उपखण्ड, महोबा (मां चन्द्रिका मन्दिर के पास भटीपुरा महोबा के परिसर) में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 05:00 बजे तक अवर अभियन्ता (केन्द्रीय भण्डार), लघु सिंचाई महोबा से सम्पर्क कर निष्प्रयोज्य सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं। बोली बोलने वाले व्यक्ति का स्वयं का उत्तरदायित्व होगा कि वह निष्प्रयोज्य सामग्री को सम्यक रूप से देख ले क्योकि जो सामग्री जहां है जिस स्थिति में है के आधार पर नीलामी होगी। उक्त निष्प्रयोज्य सामग्रियों एवं वाहन अत्यन्त पुराने एवं अन्य खण्डों से स्थान्तरित होकर इस खण्ड को आने के कारण क्रय/पंजीकरण प्रमाण-पत्र विभाग में उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण वाहन इत्यादि से सम्बन्धित कोई भी प्रपत्र स्वीकृत बोली दाता को उपलब्ध कराना सम्भव नहीं है। अतः उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चत करें।

उ0प्र0 235644 दिनांक- 04.07.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रखण्ड-महोबा

# फतेहपुर समाचार

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फ्तेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम औगासी पुल के समीप बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे 24 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के देवलान गांव निवासी भदौरिया निषाद का पुत्र सूरज निषाद बाइक से रविवार की शाम रिश्तेदारी में जा रहा था, जब वह औगासी पुल के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## मुहर्रमः लब्बैक या हुसैन की सदाओं के साथ दफ्न हुए ताजिया

- बहेरा सादात में होता है खागा तहसील का सबसे बड़ा मोहर्रम
- प्रदीप गौतम ने किया जलते अंगारों पर मातम
- बहेरा सादात एवं सुल्तानपुर घोष में मुल्क की तरक्की व अमन-चैन को मांगी गई दुआ

फ्तेहपुर। बहेरा सादात में दस मोहर्रम पर होने वाला खागा तहसील का सबसे बड़ा जुलूस होता है जिसमें आस-पास के दर्जनों गांवों से हिंदू - मुस्लिम शिरकत करते हैं। अज़ादार बहेरा सादात नौबस्ता रोड होते हुए दो किलोमीटर पैदल नंगे पैर गम के माहौल में चेहरों पर उदासी, दिलों में हुसैनी जज्बा लिए काले कपड़ों में लब्बैक या हुसैन के नारे लगाते हुए सीनों पर मातम करते धीरे-धीरे करबला की तरफ़ बढ़ते हैं और दुआ करते हैं कि करबला के शहीदों का गम हमारे दिलों में हमेशा कायम रहे और हम यूं ही गमे हुसैन मनाते रहें।

नौ मोहर्रम जिसे शबे आशूर के नाम से जाना जाता है। इसी मौके पर आब्दी मंज़िल से रात 10 बजे चुप ताज़िया निकला और पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी के आवास पर वापस आया। फिर इसी स्थान पर जलते अंगारों पर मातम का सिलसिला शुरू हुआ जहां प्रदीप कुमार गौतम इमाम हुसैन के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए दहकते अंगारों पर या हुसैन कहते हुए निकले। साथ ही छोटे-छोटे बच्चे ने लब्बैक या हुसैन के नारों के साथ जलते अंगारों पर मातम कर अपने हुसैनी होने का सबूत दिया। बताते चलें की दस मोहर्रम वह दिन है जिसे आशूर का दिन कहा जाता है। करबला में आज की वह आखिरी जंग थी जिस जंग में इमाम हुसैन ने अपने 6 महीने के बच्चे अली असगर की कुर्बानी पेश की और अपने बहत्तर साथियों के साथ करबला में तीन दिन की भूख-प्यास के साथ ऐसी जंग की जिसे कयामत तक कोई भुला नहीं सकता।

बहेरा चौकी पर मौलाना ने भाई चारे और राष्ट्रीय एकता पर तकरीर करते हुए बताया कि जिसे करबला में मुसलमानों ने क़त्ल किया था वह कोई और नहीं बल्कि मोहम्मद साहब के नवासे थे। अली के बेटे थे जो करबला में हक़ की लड़ाई में शहीद हुए। अपने नाना मोहम्मद साहब के दीन को बचाने के लिए अपना भरा घर कुर्बान कर दिया इस्लाम को बचा कर मुसलमानों पर जो एहसान किया है उसे कयामत तक भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस की अच्छी व्यवस्था रही। सब इंस्पेक्टर दिलीप यादव, शिवानंद, इस्वार खान लगातार जुलूस की व्यवस्था में शामिल रहे। इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह और खागा सीओ ब्रज मोहन राय द्वारा अच्छी पुलिसिंग के लिए मोहर्रम के आयोजक साइबर जर्नलिस्ट एसो. के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी ने पुलिस स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।वहीं सुल्तानपुर घोष में अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन का गम मनाते हुए ताजिया उठाया और नवजवानों ने मातम किया और लोगों ने जगह - जगह मौला हुसैन के नाम का लंगर लुटाया। अंत में ताजिया को करबला ले जाकर सुपुर्दे खाक किया और मुल्क में तरक्की व अमन-चैन

# 11वीं मोहर्रम पर सुपिद्ध चांदू मियां का ताजिया सुपुर्द-ए-खाक



**फ्तेहपुर।** दस दिवसीय मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। अंतिम दिन सुप्रसिद्ध चांदू मियां का ताजिया सुपुर्द-ए-खाक हुआ। जिसमें अकीदतमंदों की भारी भीड़ रही। ताजिया व अलम जुलूसों में हमेशा की तरह हिन्दू-मुस्लिम एकता का संगम देखने को मिला। मोहर्रम पर्व के दौरान बेहतर सुरक्षा व्यवस्था पर राईन समाज के चौधरी ने आभार जताया। जिले के कोने-कोने से अकीदतमंद ताजिए का दीदार करने के लिए शहर आये थे। जिससे शहर के अधिकतर मार्ग एवं गलियां लोगों से गुलजार रही। लाला बाजार में मेले जैसा माहौल रहा। घरेलू सामान के साथ-साथ महिलाओं की श्रृंगार संबंधित सामग्री एवं बच्चो के खिलौन तथा खाद्य पदार्थों की दुकानें सजी रहीं। बाहर से आने वाली महिलाओं ने जहां दुकानों से खरीदारी की। वहीं बच्चो ने मनपसंद खिलौने खरीदे साथ ही लोगों ने खाद्य पदार्थो की दुकानों में सजे पकवानों का लुत्फ़ उठाया।

मोहर्रम पर्व दस दिनों तक मनाया जाता है जो चांद देखने के बाद शुरू हो जाता है। हर दिन अलग-अलग स्थान से ताजिया उठाये जाते है। पांच तारीख से यह पर्व अपने शबाब पर पहुंचने लगता है क्योकि 5वीं को अलम जुलूस में शहर भर के अलम शामिल होते है और छठवीं मोहर्रम को छह ताजियों का मिलाप होता है। सातवीं को पलंग जुलूस उठता है। 8वीं को सभी ताजिया अपने-अपने इमामबाड़े पर रखे होते है। ताजियों पर मन्नतें भी मानी जाती है और जिनकी मन्नतें पूरी हो जाती है वह चढावा भी चढाते है।

चढावा चढाने का सिलसिला यूं तो आठवीं से ही शुरू हो जाता है लेकिन नवीं को यह सिलसिला देखते ही बनता है क्योकि 9 वीं से मुख्य ताजिया उठते है। जिसमें चांदू मियां का प्रसिद्ध ताजिया शामिल रहता है। चांदू मियां का ताजिया सहित सभी ताजिया लगभग अर्द्धरात्रि से उठाये गये। जो अपने कदीमी रास्तों से घूमते हुए भोर के समय मुस्लिम इंटर कालेज पहुचें। चांदू मियां को छोड़कर सभी ताजिया देर रात ठंडे कर दिये गये। चांदू मिया का ताजिया सोमवार की सुबह 07.30 बजे तकिया चांद शाह स्थित इमामबाड़े पहुंचा जहां नम आंखों के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। हर दिन की अपेक्षा अकीदतमंदों की भारी भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतेजाम किये गये थे। ताजिये के साथ-साथ पुलिस बल चलता रहा।

- दस मोहर्रम की देर रात अकीदतमंदों का उमड़ा सैलाब
- शांतिपूर्ण मोहर्रम समाप्त होने पर जिला प्रशासन ने ली राहत की सांस

अकीदतमंदों की भीड़ के टूटे रिकार्डः इस बार मोहर्रम पर्व में पहली ही तारीख से अकीदतमंदों की भीड़ सड़कों पर दिखने लगी थी। जैसे-जैसे पर्व की तारीख आगे बढ़ी तो अकीदतमंदों की भीड़ भी बढ़ती चली गई। दस मोहर्रम की सुबह से ही शहर के प्रत्येक मार्ग पर भीड़ देखी गई। शहर के आबूनगर इलाके में भी ताजियों का मिलाप भारी भीड़ के बीच हुआ। उधर पीरनपुर इलाके में भी पैर रखने की जगह नहीं रही। साथ ही ग्यारह मोहर्रम को चांदू मियां का ताजिया जब अपने इमामबाड़े पर पहुंचा तो अपार जनसैलाब के बीच ताजिये के फूल सुपुर्द-ए-खाक किए गए। इस वर्ष भीड़ ने अपने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ डाले। चांदू मियां का ताजिया सुपुर्द-ए-खाक होने के बाद भीड़ एकाएक लाला बाजार की ओर चल पड़ी। जहां हलवा समेत अन्य सामग्री की लगी दुकानों पर जमकर बिक्री हुई।

## विशेष शिक्षा में डिप्लोमा को आवेदन 12 जुलाई तक

खागा (फ्तेहपुर)। भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में डिप्लोमा प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। पंजीकरण की आखिरी तारीख 12 जुलाई है। विशेष शिक्षक समावेशी शिक्षक और पुनर्वास पेशेवर तैयार करने के लिए भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली ने विशेष शिक्षा मे डिप्लोमा कोर्स डिजाइन किए है। इन शिक्षकों की शारीरिक व मानसिक दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में अहम भूमिका होती है। विशेष शिक्षा में दो वर्ष के लिए सामान्य/पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए इंटरमीडिएट में 50 फ़ीसदी तथा एससी/एसटी में और दिव्यांग जनों के लिए 45 फ़ीसदी अंक होना अनिवार्य है। सरकार से छात्रवृत्ति भी उपलब्ध है। मां गंगा देवी दिंव्याग सेवा संस्थान लक्ष्मणपुर लखीपुर में पैतीस सीटें हैं। 12 जुलाई पंजीकरण की आखिरी तारीख है। सभी चरण के प्रवेश 09 अगस्त तक संपन्न करने का निर्देश दिया गया है। सामान्य वर्ग व ओबीसी और ईडब्ल्यूईएस के लिए आवेदन की फीस पाँच सौ रुपये जबकि एससी व एसटी व ईडब्ल्यूईएस के लिए आवेदन की राशि साढ़े तीन सौ रुपए है। आईसीआई की वेबसाइट से अधिक जानकारी ली जा सकती है।

## पालिका बोर्ड की बैठक कराकर एजेंडे शामिल कराने की मांग



- ईओ को सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

फ्तेहपुर। नगर पालिका परिषद के सभासदों ने अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पालिका बोर्ड की बैठक कराकर एजेंडे शामिल कराने की मांग की है। वार्ड नं. 33 सिविल लाइन के सभासद विनय तिवारी उर्फ अन्नू की अगुवई में एक प्रतिनिधि मंडल ईओ के पास पहुंचा और ज्ञापन सौंपकर बोर्ड की बैठक तत्काल कराए जाने की मांग की। साथ ही बैठक में एजेंडे की सूची भी सौंपी। जिसमें ज्वालागंज चौराहे पर बने चौराहे का सुधार कर वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा लगाने, सदर अस्पताल स्थित चौराहे का नामकरण पूर्व मंत्री जागेश्वर प्रसाद के नाम पर करके प्रतिमा लगाए जाने, अटल बिहारी चौक चौराहे में सुधार कर पूर्व प्रधानमत्री अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा लगाने, नगर क्षेत्र में नए व पुराने भवनों का असिस्मेंट किए जाने, पटेलनगर चौराहे से अटल चौक तक मार्ग का नामकरण पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर करके रेडियम रिफ्लेक्टिव स्वागत द्वार बनाए जाने, स्व0 अटल बिहारी बाजपेई पार्क में प्रवेश शुल्क, पार्किंग शुल्क, कैन्टीन, नौका विहार शुल्क लगाए जाने, आगामी त्योहारों को लेकर रिपेयरिंग सामग्री की क्रयदारी कराए जाने सहित अन्य प्रस्ताव शामिल हैं। इस मौके पर सभासदों में ऋतिक पाल, अतीश पासवान, संजय श्रीवास्तव, संतोष पटेल, गुड्डू यादव, राजेन्द्र, विवेक नागर भी मौजूद रहे।

## खेसहन व बेरांव को गाजीपुर फीडर से जोड़ने की मांग

- भाकियू महाशक्ति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

फ्तेहपुर। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के पदाधिकारियों ने ग्राम खेसहन व बेरांव की बदहाल विद्युत व्यवस्था व जर्जर तारों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोनों ग्रामों को गाजीपुर फीडर से जोड़कर जर्जर तारों को बदलवाए जाने की मांग की गई। भाकियू महाशक्ति के जिलाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम खेसहन व बेरांव की विद्युत संचालन पूर्व में गाजीपुर फीडर से होता था लेकिन अब दोनों गांव कुसुम्भी फीडर से जोड़ दिए गए हैं। बताया कि कुसुम्भी फीडर में लोड अधिक बढ़ गया है। इसी कारण से किसानों को सिंचाई व कृषि कार्यों में काफी परेशानी हो रही है। समय पर फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे किसानों की फसल खराब हो रही है। किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। कुसुम्भी फीडर के विद्युत तार भी काफी जर्जर हैं। जो अक्सर टूटकर गिर जाते हैं जिससे कई किसानों की मृत्यु भी हो चुकी है। फसलें भी खराब हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में एक सप्ताह के अंदर ग्राम खेसहन व बेरांव के विद्युत वितरण को कुसुम्भी फीडर से हटाकर पुनः गाजीपुर फीडर में जोड़ा जाए। जर्जर तारों का नवीनीकरण भी किया जाए। इस मौके पर सोनू पाण्डेय, आशीष गिरि, अमित विश्वकर्मा, गुड्डू यादव, रिंकू अवस्थी, केदारनाथ शुक्ला, विजय यादव, पप्पू साहू, प्रदीप सिंह, चन्द्रभान सिंह चंदेल, मनोज सिंह चंदेल, माखन सिंह कुमार, गोलू यादव, नरेन्द्र भदैरिया, शिवम राजपूत भी मौजूद रहे।

## किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

फ्तेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उधन्नापुर में रविवार की शाम मां की डांट से क्षुब्ध 16 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार उधन्नापुर गांव निवासी कल्लू की पुत्री काजल को रविवार की शाम मां ने किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# अनुशासन में रहकर बूथों को मजबूत करें पार्टीजन : सुरेन्द्र

**- समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में बनी रणनीति**




**फ्तेहपुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में जहां बूथों को मजबूत करने पर जोर दिया गया वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए सरकार बनाए जाने की रणनीति बनाई गई। तत्पश्चात सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व बाबा साहेब वाहिनी के प्रदेश सचिव का माला पहनाकर स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी कार्यालय में मासिक बैठक जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें बूथ कमेटी के स्थलीय सत्यापन एवं मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा विधानसभावार की गई। सबसे पहले सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष आशीष कुमार नामदेव एवं बाबा साहेब वाहिनी के प्रदेश सचिव कालिका प्रसाद कोरी को माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में पार्टी के सभी लोगों को अनुशासन में रहकर काम करने और अपने अपने बूथ को मजबूत करने का निर्देश दिया। जिससे पीडीए सरकार बने और प्रदेश में एक बार फिर से अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने। बैठक का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजयार ने किया। बैठक में विधायक सदर चंद्र प्रकाश लोधी, हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या, चेयरमैन नगर पालिका परिषद राजकुमार मौर्या, संतोष द्विवेदी, दलजीत निषाद, वीरेंद्र यादव, दयालु गुप्ता, विपिन यादव, प्रवक्ता जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह एडवोकेट, पूर्व डीआईजी रामतीरथ परमहंस, सुशील पटेल दोषी, गणेश वर्मा, डा रामनरेश पटेल, रीता प्रजापति, राम कृपाल सोनकर, सुघर लाल यादव, देवेंद्र लोधी पुत्तन, डा सैयद अफसर अली, संगीता राज पासवान, डीजी कुशवाहा, डा. अमित पाल, अमित मौर्या, संदीप श्रीमाली, उदय राज लोधी, सुहैल खान हेमू, शिव सिंह यादव, वसीम अहमद, कलीम खान, विकल्प मौर्या, ललित सैनी आदि रहे।

# 14 प्राइमरी विद्यालयों के 769 बच्चों को निःशुल्क बांटे वस्त्र

**- स्वास्थ्य कैंप में बच्चों का किया परीक्षण**




**अमौली, (फ्तेहपुर)।** आत्मवाणी वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में शून्य फाउंडेशन के सहयोग व अनुराग ड्रग हाउस द्वारा आर्थिक रूप से अशक्त गरीब बच्चो को 14 सरकारी प्राइमरी स्कूल के बच्चों को अमौली के वृंदावन गेस्ट हॉउस में पूर्व कारागार मंत्री एवं बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह उर्फ जैकी के सानिध्य में 769 बच्चों को एक फुल पैंट एवं दो फुल शर्ट के सेट वितरित किए गए, जिसे पाकर बच्चों में हर्ष एवं उत्साह की लहर दौड़ गई और साथ में निःशुल्क स्वास्थ कैम्प का आयोजन किया भी किया गया। जय कुमार सिंह ने अपने भाषण में कहा कि दोआबा के इस क्षेत्र में जिस तरह से तेजी से विकास होना चाहिए वो नहीं हो पाता है।

इस तरह की संस्थाएं व इन पर काम करने वाले लोग काम करते है तो गरीब लोगों में सुधार आता है। गम्भीर बीमारी में जब गरीब लोग इलाज नहीं करवा पाते तो मुख्यमंत्री राहत कोष से भी इलाज होता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित प्रबुद्ध जनों में आत्मवाणी वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक एवं सचिव विवेक पीटर, शून्य फाउंडेशन के संस्थापक कपिल कुमार केसरवानी, सनातन धर्म रक्षा संगठन धाम के सदस्य चंद्रेश सचान, अनुराग मेडिकल एजेंसी एवं ड्रग हाउस के अध्यक्ष अनुराग सचान, डॉ. पुष्कर कटियार, डॉ. नवीन, अरविंद उमराव, श्रीकांत उत्तम, रजत प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह, आलोक वर्मा, संजीव सचान, जिला पंचायत सदस्य बृजेश पटेल उर्फ गब्बर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिला व शहर कांग्रेस कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह आज



**फ्तेहपुर।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह कल दोपहर 12 बजे शहर के रामा श्यामा मैरिज हाल में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह का आगमन हो रहा है। यह बात सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने संयुक्त रूप से कही। जिलाध्यक्ष श्री द्विवेदी ने कहा कि आज कांग्रेस जनता के हित में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि आज देश मंहगाई, बेरोजगारी जैसी विभीषिका से जूझ रहा है। साथ में महिलाओं की अस्मत खतरे में है परंतु शर्म की बात है कि भाजपा नेताओं को हिंदू मुस्लिम कर समाज में जहर घोलने से फुर्सत ही नहीं मिल पा रही है। संविधान को दर किनार कर हर अनैतिक कार्य में अग्रसर भाजपा नेता निचले स्तर पर गिर चुके हैं। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी की ख्याति से घबराए भाजपा नेता पागलों की तरह अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं परन्तु अब जनता सब कुछ समझ चुकी है एवं इन्हें हर मौके पर करारा जवाब देने को तैयार बैठी है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी ने पूरा देश घूमकर जनता के दर्द को समझा है जिसे मजबूती के साथ संसद में रख कर अपनी बात का जवाब मांगते हैं जिसमें पूरी भाजपा असहाय नजर आती है। पत्रकार वार्ता में पार्टी प्रवक्ता इंजी. देवी प्रकाश दुबे, वरिष्ठ नेता सुधाकर अवस्थी, राजेंद्र सिंह लोधी, ओमप्रकाश कोरी, सैयद सहाब अली, दिनेश शुक्ला भी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### रेडक्रास चेयरमैन ने बच्चों को खिलाई होम्योपैथिक दवा

**फ्तेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफइंडिया के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि वितरण महाअभियान पुनः अस्ती में चलाया। जिसके अंतर्गत डॉ अनुराग ने कम्पोजिट विद्यालय भैरमपुर के 67, कम्पोजिट विद्यालय महमूदपुर नगर क्षेत्र के 32, बिरसा मुंडा सरस्वती संस्कार विद्यालय के 55 कुल 154 बच्चों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की गई। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धुलने के लिए बताया गया। इस अवसर पर नीलम राव, कमलेश कुमारी, अनीता सहित सुरेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### जाली नोटों के साथ पुलिस के हत्थे चढ़े 03 अभियुक्त

फ्तेहपुर। जाली नोटों का कारोबार करने वाले तीन सदस्यों को खागा कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया। उनके पास से छह हजार रूपए की जाली करेंसी व तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। खागा कोतवाली के उपनिरीक्षक संजय सिंह परिहार अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। पुलिस ने मझिलगांव तिराहा ग्राम बुदवन से 03 अभियुक्तों नौशाद उर्फ चुन्नू पुत्र मुमताज अहमद, आवेश आलम पुत्र स्व0 रसूल अहमद व दानिश पुत्र शाहिद निवासीगण ग्राम अमांव थाना खागा को पांच-पांच सौ के 12 नोट कुल छह हजार रूपए जाली करेंसी व तीन मोबाइल फोन के साथ दबोच लिया। अभियुक्त परवेज ने बताया कि ये जाली नोट हम लोगों को चलाने के लिए दिए गए हैं।

**-खागा-नौबस्ता मार्ग की हालत**

### जनता त्रस्त, लोक निर्माण विभाग मस्त

**खागा, (फ्तेहपुर)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान भले ही पूरे ज़ोर-शोर से चलाया गया हो, लेकिन खागा-नौबस्ता मार्ग की हालत देखकर ऐसा लगता है जैसे यह आदेश लोक निर्माण विभाग के लिए कूड़ेदान में फेंक देने लायक है। इस बदहाल सड़क पर चलना तो दूर, पैदल चलना भी किसी दुर्घटना से कम नहीं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोज़ाना जान जोखिम में डालकर इस सड़क से गुजरना पड़ता है।

बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि लोक निर्माण विभाग मुख्यमंत्री के गड्ढा मुक्ति अभियान की हवा निकाल रहा है। यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सरकार की छवि को नुकसान पहुँचाने की साजिश जैसी है। जनता को सड़क के नाम पर सिर्फ धोखा मिला है। उन्होंने याद दिलाया कि सड़क सुधार को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने सत्याग्रह किया था, विभाग ने सड़क बनवाने का वादा भी किया, लेकिन वह सिर्फ कागज़ों तक ही सीमित रह गया।

सावन में कांवर यात्रा पर संकटः खास बात यह है कि आगामी सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़िए नौबस्ता घाट तक पैदल यात्रा करेंगे। इस गड्ढों से भरी सड़क पर चलना उनके लिए खतरे से खाली नहीं होगा। स्थानीय जनता पूछ रही है क्या सरकार की प्राथमिकता में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा नहीं है? प्रवीण पांडेय ने मांग की है कि तत्काल खागा-नौबस्ता रोड की मरम्मत कराई जाए और जनता को गड्ढों से मुक्ति दिलाई जाएस जिससे कावंड़ियों को असुविधा नहीं होगी।

### गंदा पानी की छीटें गिराने का विरोध करना महिला को पड़ा भारी

-भाजपा मंडल अध्यक्ष और पिता पर एनसीआर दर्ज

असोथर, (फ्तेहपुर)। नगर पंचायत असोथर के किलापर मोहल्ले में गंदे पानी की छींटें गिराने का विरोध करना एक महिला को महंगा पड़ गया। पीड़िता राम दुलारी पत्नी नरेश ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार सुबह करीब 06 बजे वह अपने घर के पास नाली में बर्तन धो रही थी, तभी पड़ोसी रमेश पुत्र ननकू और उसका बेटा चंद्रभान पासवान, जो भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बताया जा रहा है, वह अपने जानवरों का गोबर फेंकने के बाद उसी जगह तसला धोने लगे। इससे गंदे पानी की छींटें राम दुलारी के ऊपर पड़ीं। जब महिला ने इसका विरोध किया तो दोनों ने उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसका बेटा अजय बचाव में आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि जाते-जाते चंद्रभान ने धमकी दी कि मैं भाजपा का अनुसूचित जाति का मंडल अध्यक्ष हूं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। थाना अध्यक्ष अभिलाष तिवारी ने बताया कि मामले में एनसीआर दर्ज कर जांच की जा रही है। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है।

स्थानीय लोगों में आक्रोशः घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनीतिक पहुंच का गलत इस्तेमाल कर आम लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## फिर निर्वाचन आयोग

हाल के वर्षों के दौरान केंद्रीय निर्वाचन आयोग किसी न किसी वजह से आलोचनाओं का सबब बनता रहा है। अब बिहार विधानसभा के चुनाव नजदीक आने के साथ फिर वही स्थिति बन गई है। मुद्दा है आयोग द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी गहन पुनरीक्षण जो पहले बिहार और फिर अन्य राज्यों में लागू होगा और जिससे नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। इसके अंतर्गत पहली बार मतदाता सूची में शामिल होने की जिम्मेदारी राज्य की जगह नागरिकों की होगी। जो मतदाता पचीस जुलाई तक नए गणना फॉर्म जमा करने में विफल होंगे, वे खुद मतदाता सूची से बाहर हो जाएंगे। साथ ही मतदाता सूची में शामिल होने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण पत्र देना होगा। विपक्ष को आशंका है कि यह कठोर नीतिगत बदलाव करोड़ों आम भारतीयों के मताधिकार को छीन सकता है जबकि आयोग का दावा है कि यह प्रक्रिया सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। पर सबसे बड़ी समस्या यह है कि आयोग जिस तरह के प्रमाण मांग रहा है, वे ज्यादातर लोगों के पास हैं ही नहीं क्योंकि राज्य की ओर से उन्हें कभी इस तरह के कागजात दिए ही नहीं गए। इस समय सामान्य रूप से अपनी पहचान के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड, चुनाव आयोग का फोटो पहचान प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मनरेगा जॉब कार्ड प्रस्तुत किए जाते हैं लेकिन अब आयोग इनमें से कोई भी कागज किसी मतदाता के रूप में नामांकित करने के लिए स्वीकार नहीं करेगा। इनकी जगह आयोग ने ग्यारह दस्तावेजों की नई सूची जारी की है जो मतदाता पहचान सिद्ध करने के लिए आवश्यक होंगे। अब बिहार जहां से नई प्रक्रिया शुरू की गई है, में ही इनमें से प्रत्येक की उपलब्धता की जांच करने से पता लगता है कि इनमें छह या सात लागू ही नहीं होते। इसी अव्यावहारिकता के कारण इसकी यह कहकर आलोचना हो रही है कि एक पुरानी प्रक्रिया, जिसे 2003 में मतदाता सूची के कंप्यूटरीकरण के बाद बंद कर दिया गया था, की आड़ में आयोग ने बिल्कुल नया और विवादित कार्य शुरू कर दिया है। विपक्ष का तो यह भी कहना है कि यह पिछले दरवाजे से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी ही है। वास्तव में अगर आयोग को नया नियम शुरू करना ही था तो उसे पहले ही सबको विश्वास में लेना चाहिए था।

## प्रदूषण और वाहन

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए पुरानी गाड़ियों पर सरकार सख्त हो गई है. 15 साल पुरानी पेट्रोल और 10 साल पुरानी डीजल गाड़ियों को सड़कों से हटाया जा रहा है. इसके अलावा, दूसरे राज्यों से ऐसे वाहन राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश न कर पाएं इसकी भी व्यवस्था की गई है. कुल मिलाकर प्रदूषण के नाम पर पुराने वाहनों की बलि ली जा रही है. यहां 'बलि' शब्द का इस्तेमाल इसलिए जायज है, क्योंकि आम ग्राहकों के हित का सोचे बिना सरकार ने यह कदम उठाया है. शुरुआत से ही इस मुद्दे पर लोगों की भावनाओं और हितों की अनदेखी की जाती रही है. सरकार ने फरमान जारी कर दिया है कि 15 और 10 पुराने वाहन दिल्ली में नहीं दौ?ने चाहिए. आमतौर पर जब कोई गाड़ी खरीदता है, तो यह सोचकर नहीं खरीदता है कि उसे चार या पांच साल में डिस्पोज कर देगा. कई लोगों के लिए कार उनकी भावनाओं से जुड़ी होती है. रजिस्ट्रेशन की मियाद खत्म होने के बाद उसे रिन्यू करने का नियम इसलिए ही बनाया गया है कि लोग 10 या 15 साल बाद भी अपने वाहनों को रख सकें. आमतौर पर जब कोई नया नियम या कानून बनता है, तो उसे भविष्य या वर्तमान से लागू किया जाता है, अतीत से नहीं. लेकिन गाड़ियों के मामले में सरकार अतीत में चली गई. क्या ये जायज है? यह कहना गलत नहीं होगा कि इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और सुप्रीम कोर्ट ने भी निराश किया है. सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में दिल्ली में डीजल वाहनों की उम्र 10 साल और पेट्रोल की 15 साल निर्धारित की थी. इससे पहले, 2014 में हतञ्ज ने दिल्ली में पुराने वाहनों के सड़कों पर दौड़ने और पब्लिक एरिया में पार्क करने पर रोक लगाई थी. तब से अब तक दिल्ली सरकार सोती रही और अब उसे सख्ती की याद आई है. दिल्ली के संबंध में हतञ्ज के नियम हैं कि पुराने पेट्रोल-डीजल वाहनों को सड़क पर दौड़ाया या पब्लिक एरिया में पार्क नहीं किया जा सकता. इतना ही नहीं, यदि पुलिस या परिवहन विभाग ऐसे वाहनों को जब्त करता है, तो उन्हें कबाड़ के तौर पर नष्ट किया जा सकता है. इस तरह के नियम और आदेश उस व्यक्ति के दिलों-दिमाग पर क्या असर डालते हैं, जिसने एक-एक पाई जोड़कर गाड़ी खरीदी, सरकारी तंत्र नहीं समझ सकता।



## काँव-काँव



◆◆◆

**कभी भी हो सकता है विश्वयुद्ध-नितिन गडकरी**
तब फिर बिहार चुनावों की इतनी तैयारी क्यों?

**चिराग पासवान के ऐलान से मुश्किल में एनडीए**
कुनबा ज्यादा बढ़े तो बर्तन खटकने लगते हैं!

**चंद्रचूड़ से बंगला खाली कराये केंद्र-सुप्रीम कोर्ट**
मनुज बली नहीं होत है, समय होत बलवान!

**भारत में रोका गया रायटर्स का एक्स एकाउंट**
सूचना की पारदर्शिता अब जगजाहिर हो गयी!

**दलाई लामा करूणा और धैर्य के प्रतीक -मोदी**
तिब्बत पर चीन के कब्जे से हमें मतलब नहीं!

**मुखर्जी के कारण कश्मीर भारत का हिस्सा -शाह**
मतलब सरदार पटेल का कोई योगदान नहीं?

◆◆◆

# मील का पत्थर बनेगी नयी खेल नीति

भारत को खेलों की महाशक्ति बनाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी), 2025 को मंजूरी दी है. यह खेल नीति जिन पांच स्तंभों पर आधारित है, वे बेहद महत्वपूर्ण हैं और उन पर



**- मीर रंजन नेगी**

बहुत सूक्ष्मता से विचार किया गया है. नयी खेल नीति के जरिये एक तरह से खेलों के महाकुंभ (2036 की ओलिंपिक) की तैयारी का बिगुल फूंका गया है. हमारा देश जब एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभर कर आ रहा है, तो अपनी प्रतिष्ठा को और बढ़ाने के लिए ओलिंपिक समेत तमाम अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में अधिक से अधिक पदक लाना बहुत आवश्यक है. मुझे लगता है कि खेलों में बहुत अच्छा करने के लिए हमें स्कूलों में, ग्रामीण क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत अधिक खर्च करने की जरूरत है. ओडिशा इसका बहुत अच्छा उदाहरण है. सबसे जरूरी है इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना, तभी आप अच्छे खिलाड़ी तैयार कर पायेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर कर पायेंगे. हमें प्रतिभा खोज की प्रक्रिया में भी परिवर्तन करने की आवश्यकता है. आज के समय में जो स्पोर्ट्स एकेडमी हैं, वहीं से सारे खिलाड़ी निकलते हैं. तो एकेडमियों की संस्कृति को प्रमोट करने की बहुत जरूरत है, जैसे इन्हें संरक्षण देना, इनकी अच्छी तरह निगरानी करना. इन सबके लिए पैसों की जरूरत पड़ेगी। सरकार को खेल बजट बढ़ाने की आवश्यकता है. हालांकि पहले की तुलना में आज खेल बजट कहीं अधिक है. खिलाड़ियों को कई सुविधाएं भी मिल रही हैं. टूर्नामेंट जीतने पर भी पैसे मिल रहे हैं. इन सबके बावजूद खेल बजट में और वृद्धि करनी होगी. एक और जरूरी बात. देश में बहुत सारे खेल एसोसिएशन हैं, जो खुद को ऑटोनॉमस (स्वायत्त) बॉडी समझते हैं, जबकि पैसा वे सरकार से लेते हैं, जगह सरकार की इस्तेमाल करते हैं, लेकिन अपनी मनमानी चलाते हैं. इन पर सरकार का अंकुश रहना बहुत जरूरी है. नयी राष्ट्रीय खेल नीति के आने से खेलों में पारदर्शिता बढ़ेगी. सार्वजनिक निजी भागीदारी यानी पीपीपी और कॉरपोरेट-सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी (सीएसआर) के जरिये फंड जुटाने की बात भी कही गयी है. ध्यान दिया जाना चाहिए कि सीएसआर के तहत जो फंड खिलाड़ियों पर, खेलों पर खर्च करना है, उनमें किसी तरीके का कोई घालमेल कंपनियां न करें. कई कंपनियां इस फंड में गड़बड़ी करती हैं. ये सारी चीजें बहुत पारदर्शिता लेकर आयेंगी. नीति में स्टार्ट-अप और उद्यमिता को बढ़ाने देने की बात भी सराहनीय है. अपने देश में खेल अब एक ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां पर उसे एक पेशे के रूप में भी लिया जा सकता है. देश में ऐसे बहुत से लोग हैं, जो खेलों में स्टार्ट-अप और उद्यमिता शुरू कर रहे हैं. ऐसा बड़े से लेकर छोटे स्तर तक पर हो रहा है. जब सरकार इस तरह की चीजों को बढ़ावा देगी, तो ऐसे और भी बहुत से लोग आगे आयेंगे. खेलों को लेकर एक बेहतर माहौल तैयार होगा. हालांकि इसके लिए सरकार को लालफीताशाही पर लगाम लगानी होगी. सरकार ने एक और महत्वपूर्ण पहलू को नीति में शामिल किया है और वह है देश में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेलों के आयोजन का प्रयास करना. सरकार के इस कदम से खेलों को देश में खूब उछाल मिलेगा. जब भी देश में कोई अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन होता है, तो खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर कैसे खेलना है, इस तकनीक का पता चलता है. नयी पीढ़ी में खेलों से जुड़ने का उत्साह पैदा होता है. अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए हमारे खिलाड़ियों की तैयारी भी बेहतर होती है, उनके भीतर एक आत्मविश्वास आता है. हॉकी इंडिया लीग जब भारत में शुरू हुई थी, तब उसमें विदेशी खिलाड़ियों ने भी भागीदारी की थी, उन्हीं लीग मैचों ने हमारे लिए ओलिंपिक पदक जीतने का रास्ता तैयार किया था. नयी नीति में सामाजिक समावेशन पर भी जोर दिया गया है. जब समावेशन होगा, तो सभी वर्गों-क्षेत्रों के लोगों को खेलों में भागीदारी का मौका मिलेगा. यहां मैं एक बात और कहना चाहता हूं. देश में अधिकांश खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों से निकलते हैं और वे बेहतर करते हैं, क्योंकि उनके अंदर कुछ कर दिखाने की भूख होती है. उनकी आंखों में एक सपना होता है कि खेल में बेहतर करेंगे, तो उनको अच्छी नौकरी मिल जायेगी और इन्हीं में से कुछ खिलाड़ी जब देश के लिए खेलते हैं, तो उनको जीतने के बाद में ढेर सारे पैसे और अच्छी नौकरी मिलती है. वे देशभर में लिए जरूरी है कि सरकार की नीति का अच्छी तरह से शिक्षा के साथ समावेशन किया जाए. सरकार को यह नियम सरकारी के साथ-साथ निजी विद्यालयों के लिए भी लागू करना होगा. उन्हीं निजी स्कूलों को खोलने की मान्यता मिलनी चाहिए, जिनके पास खेल के मैदान हों, बेहतर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर हो. खिलाड़ियों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी जरूरत है. इसके लिए खेल संस्थाओं, खेल से जुड़े इवेंट आदि में खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने की जरूरत है. हम चाहते हैं कि हमारा देश आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में ज्यादा से ज्यादा पदक जीते. उसके लिए नयी खेल नीति मील का पत्थर साबित होगी. वर्ष 2047 तक शीर्ष पांच या छह खेल राष्ट्रों में भारत के शामिल होने की राह यहीं से होकर निकलेगी. हालांकि इसके लिए सरकार को एक और काम करना होगा. वह है, आलिंपिक में होने वाले अधिक से अधिक खेल



प्रेरणास्रोत बन जाते हैं और उन्हें देखकर दूसरे लोग भी खेलों से जुड़ते हैं. ऐसी खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की जरूरत है. नयी खेल नीति में यह माद्दा है. खेलों को शिक्षा से जोड़ने की बात भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. जब खेल शिक्षा से जुड़ेगा, तो विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ व मजबूत बनेंगे. इससे बच्चों का समग्र विकास हो सकेगा, पर इसके और इवेंट में भारत भाग ले. ओलिंपिक में कुल 32 खेल और 329 इवेंट्स होते हैं, जिनमें से भारत केवल 16 खेलों के 69 इवेंट में भाग लेता है. भारत को यदि अपने पदकों की संख्या बढ़ानी है, तो उसे अधिक से अधिक खेल और उसके इवेंट में भाग लेना होगा. इसके लिए सरकार को देश में उन खेलों के प्रमोशन पर भी ध्यान देना होगा, जिनमें भारत शामिल नहीं होता है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### खून सफेद

आठ दिन बीत गये थे। संध्या समय काम समाप्त हो चुका था। डेरे से कुछ दूर आम का एक बाग था। वहीं एक पेड़ के नीचे जादोराय और देवकी बैठे हुए थे। दोनों ऐसे कृश हो रहे थे कि उनकी सूरत नहीं पहिचानी जाती थी। अब वह स्वाधीन कृषक नहीं रहे। समय के हेरफेर से आज दोनों मजदूर बने बैठे हैं। जादोराय ने बच्चे को जमीन पर सुला दिया। उसे कई दिन से बुखार आ रहा है। कमल-सा चेहरा मुरझा गया। देवकी ने धीरे से हिलाकर कहा- बेटा! आंखें खोलो। देखो सांझ हो गयी। साधो ने आंखें खोल दीं, बुखार उतर गया था। बोला- क्या हम घर आ गये मां?
घर की याद आ गयी। देवकी की आंखें डबडबा आयीं। उसने कहा-नहीं बेटा ! तुम अच्छे हो जाओगे, तो घर चलेंगे। उठ कर देखो कैसा अच्छा बाग है। साधो मां के हाथों के सहारे उठा, और बोला- मां। मुझे बड़ी भूख लगी है, लेकिन तुम्हारे पास तो कुछ नहीं है। मुझे क्या खाने को दोगी ? देवकी के हृदय में चोट लगी, पर धीरज धर के बोली- नहीं बेटा, तुम्हारे खाने को मेरे पास सब कुछ है। तुम्हारे दादा पानी लाते हैं तो मैं नरम नरम रोटियां अभी बनाये देती हूं। साधो ने मां की गोद में सिर रख लिया और बोला- मां ! मैं न होता तो तुम्हें इतना दुःख तो न होता। यह कह कर वह फूट-फूट कर रोने लगा। यह वही बेसमझ बच्चा है, जो दो सप्ताह पहिले मिठाइयों के लिए दुनिया सिर पर उठा लेता था। दुःख और चिंता ने कैसा अनर्थ कर दिया है। यह विपत्ति का फल है। कितना दुःखपूर्ण, करुणाजनक व्यापार है। इसी बीच कई आदमी लालटेन लिये हुए वहां आये। फिर गाड़ियां आयों। उन पर डेरे और खेमे लदे हुए थे। दम के दम में वहां खेमे गड़ गये। सारे बाग में चहल-पहल नजर आने लगी। देवकी रोटियां सेंक रही थी, साधो धीरे-धीरे उठा और आश्चर्य से देखता हुआ एक डेरे के नजदीक जाकर खड़ा हो गया। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**संसारविषवृक्षस्य द्वे फले अमृतोपमे।**
**सुभाषितं च सुरवदु सडगतिः सज्जने जने।।**

इस संसार रूपी विषैले वृक्ष के दो फल हैं, जो अमृत के समान मधुर व सेवन करने योग्य हैं। पहला, सुभाषित, अर्थात् मधुर वाणी, जो अत्यन्त स्वादिष्ट है और दूसरा, साधु व्यक्तियों का संग-साथ, जिससे व्यक्ति का कल्याण होता है।

◆◆◆

# दिल खोल कर सावन को आने दो.. नाम बदलने या छिपाने से भरोसा टूटेगा

राजनीति को एक तरफ रख दें, आप अपनी पहचान और नाम छिपा कर या बदलकर किसी का विश्वास नहीं जीत सकते। इसी लिए दिल खोल कर सावन का स्वागत करें इस पुराने गाने की तर्ज पर .. अपना बना लूँगा..दिल में बसा लूँगा.. सीने से लगा लूँगा..सावन को आने दो...यह तो करीब तीन -चार



**- राजीव ओझा**

तीन दशक पहले आई फिल्म का गाना है लेकिन कांवड़ यात्रा के कावड़ियों के स्वागत के पीछे की भावना भी यही है। क्योंकि सावन शिव का महीना है, सावन समर्पण का महीना है, सावन शिव की साधना का माह है और सावन सहयोग और सौहार्द का महीना है। यह भारतीय सनातन संस्कृति की खूबसूरती है। फिर कौन इसको नजर लग रहा है वह कौन लोग हैं जो शांति सौहार्द को तोड़ना चाहते हैं कौन हैं जो भ्रम फैला रहे हैं, कौन लोग हैं जो एक दूसरे के प्रति संशय और अविश्वास पैदा कर रहे हैं? एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का सवाल है कि 10 साल पहले तो ऐसा नहीं होता था, अब क्यों हो रहा है? तो इसका सीधा जवाब है 10 साल पहले एक दूसरे के प्रति अविश्वास नहीं था लेकिन अब है और अपनी पहचान छुपाना इसमें एक प्रमुख कारण है। साल 2025 में सावन की शुरुआत 11 जुलाई से हो रही है, और पहला सावन सोमवार 14 जुलाई को पड़ेगा। इस दौरान भगवान शिव की पूजा और व्रत से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होने का विश्वास है, विशेषकर कुंवारी कन्याओं के लिए यह समय बेहद शुभ माना जाता है। समाज में खुशहाली और समृद्धि की कामना की जाती है। कावड़ यात्रा के रास्ते में पढ़ने वाली बस्तियां, होटल, ढाबे, सब सब कांवड़ियों का सेवाभाव से स्वागत करते रहे हैं। इसमें हिंदुओं के भी होटल, ढाबे हैं और मुस्लिम भाइयों के भी। मुसलमानों के कई ढाबे सावन के दौरान शाकाहारी भोजन ही बनाते और परोसते हैं और कावड़िये सुविधा अनुसार उसमें भी जाते हैं। मुस्लिम ढाबों में अगर साफ सफाई है भोजन शाकाहारी है तो वहां जाने से किसने रोका है? अगर मन चंगा तो अपने ढाबे का नाम रखो काबा या गंगा, लेकिन नियत में खोट है तो नियम कानून कुछ भी हो, लेकिन नाम बदलने या छुपाने से आपसी भरोसे पर चोट लगेगी और अविश्वास बढ़ेगा और इसे किसी कानून से नहीं बल्कि परस्पर विश्वास से स्थापित किया जा सकता है। नाम बदले बिना नेक नीयत से दिल खोलकर कांवड़ियों का स्वागत कीजिए, कोई सवाल नहीं उठाएगा। कुछ वर्षों पहले तक ऐसा ही होता था लेकिन हताश और वोटबैंक की घटिया राजनीति करने वाले माहौल खराब करने की कोशिश में लगे रहते हैं। कुछ दिन पहले दिल्ली-मेरठ हाईवे पर स्थित 'पंडित जी ढाबा' इस बार की कांवड़ यात्रा के दौरान विवादों में घिर गया और आखिरकार बंद हो गया। प्रशासन ने यह कार्रवाई ढाबे पर नाम छिपाकर काम कर रहे मुस्लिम कर्मचारियों के मामले में की। जांच में एक कर्मचारी, जिसने अपना नाम गोपाल बताया था, की असली पहचान का पता चला. उसके आधार कार्ड से भी इस बात की पुष्टि हुई. इससे पहले, ढाबे के मैनेजर धर्मेंद्र कुमार को भी मालिकों द्वारा कथित रूप से मारपीट कर निकाल दिया गया था क्योंकि उन्होंने मुस्लिम कर्मचारियों की शिकायत पुलिस से की थी। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान नाम बदलकर ढाबा चलाने वाले हैं मुस्लिम मलिक को हुआ। इससे दूसरे ढाबा मालिकों



के कारोबार पर भी असर पड़ा जो नाम बदले बिना ढाबा चला रहे हैं। हो सकता है नाम छुपा कर या बदलकर ढाबा चलाने वाले अधिकांश ढाबा वालों की मंशा दूसरों की धार्मिक भावना आहत करने के बजाय, अधिक मुनाफा कमाने की हो। लेकिन दो पैसा ज्यादा कमाने के चक्कर में नुकसान ज्यादा हो रहा और समाज में अविश्वास पैदा हुआ सो अलग। कांवड़ की शुरुआत से पहले नेम प्लेट को लेकर छिड़े विवाद के दौरान एक और मामला 3 जुलाई को उस समय सामने आया जब उत्तराखंड के मंगलोर में स्थित एक दुकान का नाम गुप्ता चाट भंडार लेकिन अंदर पेमेंट का स्कैनर गुलफाम नाम से सामने आया जिसके बाद दुकान पर जमकल बवाल हुआ। उसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर करवाई की। कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है और कांवड़ियों के रूट पर पड़ने वाली दुकानों के स्वामियों को नेम प्लेट लगाने के आदेश दिए गए हैं इसमें भी कई जगह पर चोरी छिपे दुकान स्वामी के नाम पर खुलासे हो रहे हैं। कांवड़ यात्रा या किसी बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान रास्ते में पड़ने वाले ढाबों या दुकानों के बोर्ड पर गलत या नकली नाम लिखने के पीछे कुछ खास कारण हो सकते हैं। आइए राजनीति से परे इन संभावित कारणों को एक-एक कर समझते हैं।

1. धार्मिक पहचान से जुड़ा दबाव या डर- कांवड़ यात्रा मुख्यतः हिंदू धार्मिक यात्रा है। कुछ क्षेत्रों में यात्रा मार्ग पर अगर गैर-हिंदू समुदाय के लोग ढाबा या दुकान चलाते हैं, तो उन्हें डर रहता है कि कहीं उनकी दुकान को नुकसान न पहुंचाया जाए या हिन्दू ग्राहक आए ही नहीं । इसलिए वे जानबूझकर हिंदू नाम या प्रतीक (जैसे वैष्णव ढाबा,शिव ढाबा', 'जय भोले रेस्टोरेंट' जैसे नामों का इस्तेमाल करते हैं ताकि वे यात्रियों को 'अपना' लगें।

2. ग्राहकों को आकर्षित करने की कोशिश
बहुत से यात्री धार्मिक भावना में होते हैं और उन्हीं ढाबों पर रुकना पसंद करते हैं जिनका नाम धार्मिक हो। इसलिए मुनाफे के लिए कुछ दुकानदार नाम बदलकर ऐसा दिखाते हैं कि वे भी उस धर्म या भावना से जुड़े हैं।

3.जानबूझ कर पहचान छुपाना (Strategic Anonymity)
कुछ मामलों में दुकानदारों को साम्प्रदायिक तनाव से बचने के लिए अपना वास्तविक नाम छुपाना पड़ता है, खासकर ऐसा तब होता है जब किसी विशेष समुदाय के लोगों को टारगेट किया जा रहा हो। ऐसे में नकली नाम एक सुरक्षा उपाय बन जाता है।

## प्रेरक प्रसंग

### मोह का नतीजा

एक नदी के किनारे दो मित्र घूम रहे थे। नदी में बाढ़ आ रही थी। बहुत-सी चीजें धारा में बहती दिखाई दे रही थीं।
अचानक एक कम्बल बहता हुआ उधर आया। वह बीच धारा में था। मित्रों में से एक को लालच हो आया। अपने साथी के रोकते रोकते वह पानी में कूद पड़ा।
वह अच्छा तैराक था। जरा-सी देर में कम्बल के पास पहुंच गया। कम्बल पानी में भीगकर बहुत भारी हो गया था। बाढ़ के कारण नदी का बहाव बहुत तेज़ था। उसमें तैरना बड़ा कठिन था। फिर उस भारी कम्बल को लेकर तैरना तो और भी मुश्किल था। वह आदमी जोर लगाकर किनारे की ओर आने की कोशिश करता कि बड़ी-बड़ी लहरें उसे उठाकर तीव्र धारा में पटक देतीं।
किनारे पर खड़े मित्र ने यह देखा तो वह घबरा गया। उसने चिल्लाकर कहा, अरे, कम्बल को छोड़ दो।
लेकिन मित्र का कम्बल के प्रति मोह पैदा हो गया था। मित्र की बात सुनकर उसने कहा, मैं क्या करूं!
मैं तो कम्बल को छोड़ रहा हूं, पर यह कम्बल मुझे नहीं छोड़ रहा है। पानी के तेज बहाव में संघर्ष करते-करते वह थक गया, फिर भी उसने कम्बल को नहीं छोड़ा।
उसे मोह का नतीजा जो होना था, वही हुआ। उसने कम्बल को नहीं छोड़ा और वह कम्बल के साथ लहरों में समा गया।
मित्र को डूबते देखकर साथी को बड़ा दुःख हुआ। उसके मुंह से निकाला, मोह आदमी को डुबोकर ही चैन लेता है!

## आपका पत्र मिला

### नए आपराधिक कानून : न्याय प्रणाली में पारदर्शिता की ओर कदम

नए अपराधिक कानून की स्वीकार्यता, नए कानून के बाद हुए सुधार की बातें बताइ, लेकिन कई खामियों का जिक्र नहीं किया . जो की आम जनता की परेशानी के सबब है. वैसे भी आम जनता के पास नए कानून को अस्वीकार करने का कोई रास्ता भी नहीं है. उन्हें तो हर हाल में स्वीकार करना ही है. भारत में लागू हुए नए आपराधिक कानून एक सकारात्मक और सुविचारित बदलाव के प्रतीक हैं। ये न केवल विधि के सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में परिभाषित कर रहे हैं, बल्कि न्याय प्रक्रिया को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ और पारदर्शी भी बना रहे हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे प्रावधानों ने प्रक्रिया संबंधी कानून में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। अब ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर जैसे तंत्र आम नागरिक को बिना थाने जाए न्याय तक पहुंच प्रदान कर रहे हैं। जांच प्रक्रिया में तकनीक का समावेश भी उल्लेखनीय है। स्मार्ट डिवाइस, वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाएं और मोबाइल फॉरेंसिक वैन जैसे प्रयास आधुनिक और त्वरित न्याय की दिशा में उठाए गए साहसिक कदम हैं। उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों ने इस बदलाव को प्रभावी ढंग से अपनाया है, जिससे पुलिस की जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ी है। किन्तु इन सुधारों के साथ ही न्यायिक व्यवस्था की कई पुरानी समस्याएं आज भी बनी हुई हैं। अधिकांश न्यायालयों में एआई आधारित उपकरणों की अनुपलब्धता, डिजिटल बयानों की व्यवस्था का अभाव, न्यायिक कर्मचारियों की भारी कमी, और भ्रष्टाचार व सुनवाई में देरी जैसी समस्याएं अब भी चुनौती बनी हुई हैं। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की संख्या कम है, और रिपोर्ट आने में लगने वाला समय न्याय में बाधा बन रहा है। इस परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने हेतु सिर्फ कानूनों में बदलाव पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, नीतिगत समर्थन और तकनीकी निवेश अनिवार्य हैं।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
***E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com***

# सावन माह 11 जुलाई से आरम्भ



हिंदू धर्म में सावन को प्रेम, भक्ति और हरियाली का प्रतीक माना जाता है। इस माह देवों के देव महादेव की उपासना का विधान है। शास्त्रों के मुताबिक सावन भोलेनाथ का प्रिय महीना है। इस अवधि में प्रभु की उपासना और उपवास करने से साधक को आर्थिक लाभ, सामाजिक सम्मान और शारीरिक बल की प्राप्ति होती हैं। इसके अलावा सावन तप-तपस्या के लिए भी सबसे शुभ समय है। पौराणिक कथा के अनुसार सावन माह में माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर शंकर जी ने देवी को पत्नी के रूप में स्वीकारा था। इसलिए इस माह की उपासना का विशेष महत्व होता है। वहीं इस बार 11 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है और 9 अगस्त 2025 को समापन। चूंकि यह महाकाल का प्रिय महीना है, इसलिए कुछ खास कामों को करने से बचना चाहिए अन्यथा जीवन में नकारात्मकता आ सकती हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।

**सावन में भूलकर भी न करें ये काम-** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन महीने में बाल और दाढ़ी नहीं कटवाने चाहिए। इससे जीवन में नकारात्मकता आती हैं। आप सावन माह में सिर और शरीर पर तेल न लगाएं। मान्यता है कि इससे सुख-समृद्धि प्रभावित होती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक सावन बेहद पवित्र महीना होता है, इस पूरे माह भूलकर भी तामसिक भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा घर में भी प्याज



व लहसुन का उपयोग न करें। सावन में शिवलिंग की पूजा का विधान है। इससे परिवार में सुख-शांति और मानसिक तनाव में कमी आती है। लेकिन भूलकर भी आप तुलसी, कुमकुम, केतकी का फूल और हल्दी शिवलिंग पर न चढ़ाएं। यह अशुभ हो सकता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक सावन में शिवलिंग पर दूध चढ़ाने का विधान है। इसलिए इस पूरे माह दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। यदि आप सावन माह में व्रत रख रहे हैं, तो आपको जमीन पर सोना चाहिए। इसके अलावा दिन में सोने से भी बचें।सावन माह में महिलाओं का अपमान, बड़ो को अपशब्द और क्रोध करने से बचना चाहिए। इससे नकारात्मकता आती है। सावन में भगवान शिव की परिक्रमा नहीं करनी चाहिए। इसे उचित नहीं माना जाता है।

**सावन का पहला सोमवार**

11 जुलाई, शुक्रवार 2025 को सावन माह की शुरुआत होने वाली है और सावन का पहला सोमवार व्रत 14 जुलाई को पड़ेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवार का दिन भगवान शिव की पूजा-आराधना के लिए समर्पित होता है और जब सावन माह आता है सावन सोमवार का विशेष महत्व हो जाता है। इस बार सावन माह में कई तरह के शुभ योगों का निर्माण भी होगा।

**सावन मासिक शिवरात्रि शुभ योग-** वैसे तो हर माह मासिक शिवरात्रि आती है, लेकिन सावन के महीने में पड़ने वाली शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष श्रावण माह की शिवरात्रि 23 जुलाई को है। ऐसे में सावन शिवरात्रि पर शिव आराधना करना अत्यंत ही फलदायी साबित होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 23 जुलाई को सुबह 4 बजकर 39 मिनट पर होगी और इसका समापन 24 जुलाई को सुबह 2 बजकर 28 मिनट पर होगा।

### शुभ संयोग

वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष श्रावण माह की शुभ तिथि 11 जुलाई को प्रतिपदा तिथि रात 11 बजकर 07 मिनट से आरंभ होकर 12 जुलाई की रात को 02 बजकर 08 मिनट तक रहेगी। सावन माह का समापन 09 अगस्त 2025 को होगा। 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार होगा, जिसमें स्वाति नक्षत्र और सिद्ध योग का शुभ संयोग होगा। इसके अलाव 14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार को धनिष्ठा नक्षत्र और आयुष्मान का योग के साथ गणेश चतुर्थी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। फिर 21 जुलाई को सावन का दूसरा सोमवार रोहिणी नक्षत्र में चंद्रमा का गोचर शुक्र की राशि वृषभ में होगा। इसके अलावा इस दिन कामिका एकादशी के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग होगा। 28 जुलाई को सावन का तीसरा सोमवार पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में होगा। इस दिन चंद्रमा सिंह राशि में मौजूद होकर धन लाभ का योग बना रहे हैं। 04 अगस्त को सावन माह का आखिरी सोमवार के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, ब्रह्मा और इंद्र योग का निर्माण होगा।

# पहली बार रखने जा रहे हैं सावन सोमवार का व्रत? जानें इसके नियम



जल्द सावन महीने की शुरुआत होने वाली है, जिसे प्रकृति और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। यह देवों के देव महादेव का प्रिय माह भी है, जो प्रभु की पूजा-अर्चना को समर्पित है। हिंदू धर्म में इसे महाकाल को प्रसन्न और उनकी विशेष कृपा पाने का उत्तम अवसर माना जाता है। मान्यता है कि सावन में सृष्टि का संचालन स्वयं महादेव करते हैं, इसलिए इस समय की गई पूजा-तपस्या का फल साधक को अवश्य मिलता है। यही नहीं आर्थिक तंगी, रोग, क्लेश और तनाव से भी मुक्ति मिलती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार सावन में देवी पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। तभी से ऐसी मान्यता है सावन में शिव पूजन करने से मनचाहा वर पाने की कामना पूर्ण होती हैं। हालांकि सावन सोमवार पर भगवान शिव की उपासना करना और भी शुभ होता है। इस दिन व्रत रखने पर मन की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। लेकिन व्रत में कुछ खास नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। इससे पूजा का संपूर्ण फल मिलता है। ऐसे में आइए सावन सोमवार के व्रत नियमों को जानते हैं।

**सावन सोमवार व्रत नियम**

सावन सोमवार के दिन सुबह ही स्नान और महादेव की पूजा करनी चाहिए।
व्रत में संपूर्ण विधि के साथ महादेव की पूजा करें और उन्हें शमी का फूल, बेलपत्र और चंदन लगाएं।
सावन के व्रत में शिवलिंग का जल से अभिषेक करना शुभ होता है। इसलिए इसे अवश्य करना चाहिए।
सावन सोमवार के व्रत में पूरे दिन शुद्धता का खास ध्यान रखें।
व्रत में किसी का अपमान न करें और दिन में सोने से बचें।
सावन सोमवार के व्रत में एक ही समय भोजन करना चाहिए।
व्रत में सात्विक भोजन ग्रहण करें। भूलकर भी प्याज, लहसुन का सेवन न करें।
सावन सोमवार के दिन दान-पुण्य करने से महाकाल प्रसन्न होते हैं। आप सफेद व हरी चीजों का दान कर सकते हैं।
सावन सोमवार के व्रत में व्रत कथा अवश्य सुननी चाहिए। यह जरूरी होता है।

### सावन के सोमवार व्रत की तिथियां

14 जुलाई - पहला सोमवार व्रत
21 जुलाई - दूसरा सोमवार व्रत
28 जुलाई - तीसरा सोमवार व्रत
04 अगस्त - चौथा और अंतिम सोमवार व्रत

## इस एक आरती से पाएं सभी देवी देवताओं की कृपा

पूजा.... न केवल शब्द है बल्कि यह एक भावना है, जो साधक को ईश्वर से जोड़ती हैं। इसके जरिए व्यक्ति मानसिक शांति का एहसास और भगवान के प्रति स्वयं को समर्पित करता है। आमतौर पर घरों में दिन की शुरुआत देवी-देवताओं की उपासना व उनके स्मरण से की जाती हैं। इसके प्रभाव से दिन मंगलमय और जीवन खुशहाल बनता है। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक जिस स्थान पर रोजाना नियमानुसार ईश्वर की उपासना व साफ-सफाई का पालन किया जाता है, वहां सदैव देवताओं का वास होता है। इसके अलावा सुबह की आरती से भी इष्ट देवों की कृपा जीवन पर बनी रहती हैं। इस दौरान आरती करने से पूजा का संपूर्ण फल और सभी दुखों का अंत भी होता है। हालांकि आरती कौन सी करनी चाहिए, यह प्रश्न सामान्य तौर पर बना रहता है। ऐसे में आइए इसके बारे में जानते हैं।

**भगवान विष्णु की आरती-** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रोजाना पूजा में भगवान विष्णु की आरती करनी चाहिए। वह इस पूरी सृष्टि के संचालक है। यदि सच्चे भाव से सुबह उनका स्मरण किया जाए, तो सभी देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती हैं। इसके अलावा जीवन में सुख-शांति, बरकत और समृद्धि बनी रहती हैं।

**भगवान विष्णु गायत्री मंत्र**

नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयातः

**भगवान विष्णु का स्तुति मंत्र**

शांताकारं भुजगशयनं, पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगनसदृशं, मेघवर्ण शुभाङ्गम्। लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं, योगिभिर्ध्यानगम्यम्, वन्दे विष्णुं भवभयहरं, सर्वलोकैकनाथम।।

भगवान विष्णु का शक्तिशाली मंत्र

**नमो भगवते वासुदेवाय।**

# तनाव से राहत दिलाती हैं गीता में लिखी ये पांच बातें

जीवन में व्यक्ति कई बार असफलताओं का सामना करता है। इसके जरिए वह अपने मार्ग में सुधार और सीमाओं को समझकर आगे बढ़ता है। इसके अलावा असफलता इंसान को धैर्यवान भी बनाती है जिससे सफलता का मार्ग और भी खुबसूरत बन जाता है। हालांकि फिर भी मन नकारात्मकता और दिमाग तनाव से भर जाता है। श्रीकृष्ण के मुताबिक सुख और दुख जीवन के अभिन्न अंग हैं, जो आते-जाते रहते हैं। इसलिए ''कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन'' इसका अर्थ है कि 'कर्म करो फल की चिंता



मत करो'।

यदि आप ऐसे विचार के साथ अपने लक्ष्यों के लिए प्रयास करते हैं, तो सफलता अवश्य मिलती हैं। कहा जाता है कि जब अर्जुन के कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें गीता का पाठ पढ़ाया था। तभी से जीवन के कठिन समय में गीता का अध्ययन करने की सलाह दी जाती है। इसके प्रभाव से व्यक्ति मानसिक शांति का एहसास और सही निर्णय लेने में सफल बनता है। ऐसे में आइए गीता में मौजूद श्लोंको से कुछ अहम के बारे में जानते हैं जिसका अध्ययन मनुष्य को अवश्य करना चाहिए।

**ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायतेः।**
**सङ्गात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते॥**

इस श्कोल का अर्थ है कि जब भी हम कोई चीज देखते हैं, तो उसे लेने की इच्छा मन में जागृत होती हैं। धीरे-धीरे उस वस्तु के प्रति हमारा लगाव होने लगता है। परंतु जब वह इच्छा पूरी नहीं होती, तो मन क्रोधित भी हो जाता है, जिसका प्रभाव उचित नहीं है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**'त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।**
**कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥'**

श्री कृष्ण के अनुसार कामना, क्रोध और लोभ यह तीनों ही नरक के द्वार हैं। इसलिए इनसे दूरी बनाकर रखें।

**श्रद्धावान्ल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।**
**ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति॥**

गीता के इस श्लोक का अर्थ है कि जो व्यक्ति अपनी इंद्रियों पर विश्वास और नियंत्रण रखता है वह अपनी इच्छा से ज्ञान प्राप्त कर लेता है।

**क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः।**
**स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति॥**

श्री कृष्ण के मुताबिक क्रोध व्यक्ति का दिल और दिमाग दोनों नष्ट करता है, क्योंकि जब भी क्रोध आता है तो सभी तर्क खो जाते हैं। इसलिए समय कैसा भी हो मन को शांत रखें और क्रोध से दूर रहें।

# सावन माह में कौन-कौन से उपाय करने से भोले भंडारी होते हैं जल्द प्रसन्न

सावन का महीना भगवान शिव को सबसे प्रिय होता है। जब भगवान विष्णु चार माह के लिए क्षीर सागर में योग निद्रा में होते हैं और चातुर्मास के दौरान भगवान शिव समेत अन्य देवी-देवता सृष्टि का संचालन करते हैं, उसमें पहला महीना सावन का होता है जो भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए और उनका आशीर्वाद पान के लिए सबसे अच्छा होता है। इस वर्ष सावन का महीना 11 जुलाई, शुक्रवार से प्रारंभ होकर 09 अगस्त, शनिवार तक चलेगा। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा और आराधना करने से सभी तरह की मनोकामनाएं जल्द से जल्द पूरी होती है। इस माह शिव और शक्ति की दोनों की आराधना और ध्यान करने से कई गुना फल की प्राप्ति होती है। सावन के महीने में शिवलिंग पर गंगाजल, जल, दूध, दही और बेलपत्र अर्पित करके महादेव की कृपा मिलती है। आइए जानते हैं सावन के महीने में कौन-कौन से उपाय करने से क्या-क्या फल मिलता है।



**सावन माह कौन-कौन से उपाय लाभकारी**

**1- सावन में शिवलिंग का करें जलाभिषेक-** भगवान शिव का एक नाम भोलेभंडारी भी है, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं और यह एक लोटा जल अर्पित करने से प्रसन्न हो जाते हैं। ऐस में शिवजी की कृपा पान के लिए सावन के हर दिन शिवलिंग पर शुद्ध जल, गंगाजल, दूध, दही, शहद और पंचामृत से अभिषेक करना बहुत ही शुभ होता है।

2- सावन में शिवलिंग पर बेलपत्र, शमी के पत्ते, भांग और धतूरा करें अर्पित भगवान शिव का का एक नाम नीलकंठ भी हैं। समुद्र मंथन से निकले विष को अपने कंठ में धारण करने के कारण भगवान शिव का एक नाम नीलकंठ भी पड़ा। ऐसे में सावन के महीने में नीलकंठ को प्रसन्न करने के लिए हर दिन शिवलिंग पर बेलपत्र, शमी के पत्ते, भांग के पत्ते और धूतरा अर्पित करें।

**3- शिव मंत्रों का जाप करें-** सावन में शिव आराधना और मंत्रों का जाप करने से शिवजी की कृपा हमेशा बनी रहती है और बड़े से बड़ा कष्ट भी समाप्त हो जाता है। ऐस में हर सावन महीने के हर दिन **नम शिवाय** मंत्र का 108 बार जाप करें।

**4- सोमवार का व्रत रखें-** सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए समर्पित होता है। सावन के महीने में पड़ने वाले सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस दिन व्रत रखने से वैवाहिक जीवन सुखी रहता है और जिन लोगों का विवाह नहीं होता उनका विवाह जल्दी से जल्दी होता है। ऐस में विधि-विधान के साथ सावन सोमवार का व्रत रखना चाहिए।

**5- शिव चालीसा का पाठ करें-** सावन के महीने में शिव चालीसा का पाठ करना बहुत ही शुभ और लाभकारी साबित होता है।

**6- सावन में दान-पुण्य और नंदी को हरा चारा खिलाएं-** सावन में गरीबों को भोजन करवाना और दान-पुण्य करना बहुत ही फलदायी होता है। इसके अलावा सावन के महीने में नंदी को हरा चारा भी खिलाएं। श्रावण माह के अन्य उपाय

जिन लोगों को कार्यों में लगातार असफलता मिलती हो और मन की इच्छाएं न पूरी हो पा रही हो तो सावन के महीने में हर रोज 11 या 21 बेलपत्र ले लें। इस पर चंदन से **नमः शिवाय** लिखकर इसे शिवलिंग पर चढ़ा दें।

आर्थिक परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए सोमवार के दिन भोलेनाथ को गन्ने के रस से अभिषेक करें और माता पार्वती को खीर का भोग लगाएं। इसे जीवन में धन की कमी दूर होगी। दांपत्य जीवन में होने वाली परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए पति और पत्नी को मिलकर पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक करें। इस दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

# गायत्री मंत्र के जाप से मिलते हैं ये लाभ

हिंदू धर्म में मंत्रों को अत्यंत शक्तिशाली और प्रभावशाली माना गया है। वैदिक काल से ही मंत्रोच्चार को मन, शरीर और आत्मा की प्रगति का माध्यम माना गया है। यदि सुबह के समय प्राणायाम के साथ मंत्रों का जाप किया जाए, तो यह स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी होता है। इन्हीं मंत्रों में गायत्री मंत्र को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसे वैदिक मंत्रों की जननी कहा जाता है। शांत वातावरण में इसका नियमित जाप मानसिक शांति और शारीरिक ऊर्जा दोनों के लिए लाभकारी होता है। आइए जानते हैं गायत्री मंत्र का जाप करने से क्या-क्या लाभ मिलते हैं।

**तनाव और चिंता में राहत-** प्रातः काल एकांत और शांति के माहौल में गायत्री मंत्र का जाप मानसिक रूप से बहुत फलदायक अनुभव देता है। खासकर जब इसका उच्चारण गहरी सांसों के साथ किया जाए, तो यह शरीर और मन दोनों को शांत करने में सहायक होता है।

**हृदय स्वास्थ्य में सुधार-** गायत्री मंत्र का नियमित उच्चारण दिल की सेहत के लिए भी लाभकारी माना गया है। जब व्यक्ति नियमित रूप से मंत्रों का जाप करता है, तो उसकी श्वास की गति धीमी होती है, जिससे हृदय गति संतुलित रहती है। इससे हृदय पर दबाव कम होता है और उसकी कार्यक्षमता बेहतर होती है।

**स्मृति और एकाग्रता में वृद्धि-** गायत्री मंत्र का जाप दिमागी क्षमता बढ़ाने में भी प्रभावशाली माना गया है। जो लोग नियमित रूप से मंत्रों का उच्चारण करते हैं, उनकी मेमोरी और फोकस करने की क्षमता अधिक होती है। यह मंत्र सिर और चेहरे के कुछ विशेष बिंदुओं को सक्रिय करता है, जो मस्तिष्क के कामकाज को बेहतर बनाते हैं।

# बाधाएं दूर करने के लिए सावन के सोमवार को ये रुद्राक्ष धारण करें



-राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

सनातन धर्म के अनुसार भगवान शिव आदिदेव हैं ।शिव स्वयम्भू है अर्थात स्वयं से उत्पन्न । शिव परम् बह्म है ।सावन की शिवरात्रि के दिन भक्त रात्रि जागरण कर समस्त विधि विधानों से भगवान शिव की आराधना करते है।

विधि विधान से रुद्राक्ष धारण करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है । व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है । रुद्राक्ष अर्थात रुद्र या शिव के अश्रु ।शिवपुराण के विन्धेश्वर संहिता के अनुसार भगवान शिव स्वयं पार्वतीजी को रुद्राक्ष की महिमा और उसकी उत्तपत्ति के विषय मे बताते है। शिवपुराण के अनुसार भगवान शिव ने हजारों वर्षो तक घोर तपस्या की, एक दिन सहसा उनका मन क्षुब्ध हो उठा।

उस समय लीलावश ही उन्होंने अपने दोनों नेत्र खोले , नेत्र खोलते ही उनके मनोहर नेत्रपुटों से जल की कुछ बूंदे पृथ्वी पर जा गिरी , जिनसे रुद्राक्ष का जन्म हुआ । भगवान शिव रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन करते हुए पार्वती जी से कहते हैं कि जहाँ रुद्राक्ष की पूजा होती है , वहां से लक्ष्मी जी कभी दूर नहीं जाती , इसे धारण करने वाले व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार सभी आश्रमों , समस्त वर्णो ,स्त्रियों को भगवान शिव की आज्ञानुसार सदैव रुद्राक्ष धारण करना चाहिए । **(शिवपुराण विन्धेश्वर संहिता 25/47)** शिवपुराण में भगवान शिव ने 14 प्रकार के रुद्राक्ष का वर्णन, उनके भेदों और मंगलकारी विधानों का वर्णन किया है। ज्योतिष के अनुसार व्यक्ति को रुद्राक्ष शुभ नक्षत्र , तिथि , वार को धारण करने से अत्यंत लाभ होता है। सावन का सोमवार रुद्राक्ष धारण करने के लिये अत्यधिक शुभ है।

सावन शिवरात्रि और सावन मास के सोमवार को रुद्राक्ष धारण करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं । पिछले अंकों में हमने आपको एकमुखी रुद्राक्ष से सप्तमुखी रुद्राक्ष धारण करने के नियम बताए आज के अंक में अष्टमुखी और नवमुखी रुद्राक्ष को धारण करने के लाभ पर चर्चा करेंगे।

**1- अष्टमुखी रुद्राक्ष** - अष्टमुखी रुद्राक्ष भैरव स्वरूप होता है । शिवपुराण के अनुसार इसको धारण करने वाला मनुष्य पूर्ण आयु को प्राप्त करता है। यदि आपके जीवन में बाधाएं बहुत है, आप जो भी कार्य करते है उसमें असफलता ही हाथ लगती है तो आपको अष्टमुखी रुद्राक्ष को धारण करना चाहिए। यदि आप शेयर मार्केट से संबंधित व्यापार करते है अथवा तकनीकी शिक्षा प्राप्त करना चाहते है तो भी यह आपके लिए उपयोगी है। इसे ? हुं नमः के जप के साथ पहनना चाहिये।

**2- नवमुखी रुद्राक्ष** - नवमुखी रुद्राक्ष शिवपुराण के अनुसार साक्षात मां दुर्गा का प्रतीक है । नवरात्रि के दिनों में इसकी पूजा से मनुष्य के सभी कष्ट दूर होते है। यदि आप को अपने भीतर कमजोरी का अनुभव होता है अथवा आप किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए सोच रहे है परंतु हिम्मत नही जुटा पा रहे तो आपको नवमुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। यदि आप किसी गुप्त विद्या की प्राप्ति चाहते है तो भी यह शुभफलदायक है । **ह्रीं हुं नमः** के जप के साथ इसे धारण करना चाहिए।

**अगले अंक में हम आपको दसमुखी और एकादशमुखी रुद्राक्ष धारण करने के लाभ और नियमों का वर्णन करेंगे।**



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**मंगलवार, 8 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ॠतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे त्रयोदशी तिथौ मंगल वासरे 24/39/ ज्येष्ठा नक्षत्रे 27/16/ शुक्ल योग 22/17/ कौलव करणे 11/55/ धनु राशिगत चन्द्रमा घं.27मि.25 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भौम प्रदोष व्रत। शुक्र रोहिणी नक्षत्र में घं.16मि.25 पर।

**मेष :** महात्व के कार्य समय रहते बना ले। व्यर्थ की आशंका से मन अस्थिर रहेगा। कुछ संयम से काम लेने में ही समझदारी होगी।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृष :** अनावश्यक विवादों को टालें। व्यर्थ की भ्रमण प्रियता रहेगी। कारोबारी अभ्युदय होगा। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**मिथुन :** बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**सिंह :** रुके कार्यों में प्रगति होगी। रचनात्मक कार्यों पर खर्चा होगा। शुत्र परास्त होगा। व्यापारिक उलझनें यथावत रहेंगी।

**कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेंगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

**आयुर्वेदिक डॉक्टर की लापरवाही से बिगड़ी युवक की हालत, झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर**

माधौगढ़ (जालौन)। प्राप्त जानकारी के अनुसार माधोगढ़ तहसील निवासी देव प्रसाद (उम्र लगभग 25 वर्ष) पुत्र रामरूप सिंह बोहरा की तबीयत बुखार आने के बाद बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार, स्थानीय आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अरुण भदौरिया ने युवक को ड्रिप लगा दी, जिससे उसकी हालत और खराब हो गई। देव प्रसाद को तुरंत माधौगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया स जहां डॉ. मनीष राजपूत ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया।

# जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण में सदर विधायक को मिले चौंकाने वाले नजारे





**-ओपीडी में समय से पहले अधिकांश चिकित्सक मिले गायब**
**-कोंच से रैफर होकर आये मरीज को नौ घंटे बाद भी नहीं मिली चिकित्सा**
**- ट्रामा सेंटर को लेकर विधायक ने सीएमएस से किये सवाल जबाब**
**-इमरजेंसी कक्ष में सादा कपड़ों में मिले चिकित्सक व स्टाफनर्से**



उरई (जालौन)। सोमवार को लगभग डेढ़ बजे जिला अस्पताल में उस दौरान अच्छा खासा हड़कंप मच गया जब वहां पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा औचक निरीक्षण करने जा पहुंचे। सबसे पहले वह ओपीडी भवन में पहुंचे जहां पर अधिकांश चिकित्सक अपनी कक्षों से गायब मिले तो कोंच अस्पताल से रैफर होकर आये मरीज का नौ घंटे बाद भी उपचार शुरू न होने पर नाराजगी जाहिर की। इसी दौरान सीएमएस मौके पर आये तो विधायक ने उनसे ट्रामा सेंटर को लेकर सवाल जबाब किये तो वह उनका कोई उत्तर नहीं दे पाये बाद में पता चला कि उसकी फाइल उनके ही कार्यालय के एक लिपिक के पास है उसे मंगाया गया। इस दौरान विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि अस्पताल आम जनता को सुलभ तरीके से स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने के लिये है जिसकी जिम्मेदारी आपकी है। लिहाजा अस्पताल में बेहतर उपचार के हरसंभव प्रयास किये जायें।

हालांकि जिला अस्पताल प्रशासन आने वाले मरीजों को हरसंभव बेहतर उपचार कराने का दावा करने में कभी पीछे नहीं रहता। लेकिन सोमवार को सीएमएस के दावों की उस दौरान कलई खुल गयी जब अचानक सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने जा पहुंचे। सबसे पहले सदर विधायक ओपीडी भवन में पहुंचे तो वहां पर ज्यादातर चिकित्सक अपने कक्षों से गायब मिले उनकी कुर्सी खाली पड़ी हुई थी। यह नजारा देखकर विधायक दंग रह गये तभी वहां पर सीएमएस आनंद उपाध्याय पहुंचे। इसके बाद वह इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण करने पहुंचे जहां छत से पानी टपकता देखकर हैरानी जताते हुये कहा कि मामूली बारिश में छत से पानी टकपता इसे ठीक क्यों नहीं कराया गया। इसी दौरान इमरजेंसी कक्षा में चिकित्सक व स्टाफनर्स सादा कपड़ों में मिली तो सदर विधायक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुये कहा कि इससे आम लोगों व चिकित्सक स्टाफमें क्या अंतर रहेगा। इसी दौरान उन्होंने सीएमएस से सवाल किया कि ट्रामा सेंटर में दो-दो लाख रुपये महीने पर दो चिकित्सकों व तीन स्टाफनर्सों की तैनाती है फिर यहां की व्यवस्थायें कागजों पर संचालित हो रही है।

ट्रामा सेंटर में स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराने के लिये शासन द्वारा एक करोड़ आया था जो लंबे अरसे से बैंक खाते में जमा है उसको खर्च करने की सुधा कब आयेगी। इस पर सीएमएस ने तपाक से जबाब दिया कि ट्रामा सेंटर की फाइल राहुल बाबू के पास है उसे तत्काल मंगायी गयी और सदर विधायक को आश्वासन दिया कि ट्रामा सेंटर के नाम पर आयी धनराशि से स्वास्थ्य सेवायें बेहतर बनाने में खर्च किया जायेगा। इसके बाद सदर विधायक ने सीएमएस से सवाल किया कि कोंच के सरकारी अस्पताल से रैफर होकर पड़री निवासी मरीज गंभीर अवस्था में रात्रि 3-4 बजे के लगभग जिला अस्पताल आया था जिसका नौ घंटे बाद भी किसी चिकित्सक ने उपचार करने की सुध तक नहीं ली इस पर सीएमएस ने तत्काल मरीज के बाद चिकित्सक को भेजने की बात कही।

इसके बाद सदर विधायक ने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का भी निरीक्षण किया इस दौरान जहां पर भी कमियां मिली उन्हें दुरुस्त करने के सीएमएस को निर्देश भी दिये। जिला अस्पताल का गहनता से निरीक्षण करने के बाद सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने सीएमएस आनंद उपाध्याय को निर्देश दिये कि जिस मंशा के साथ मरीज जिला अस्पताल में उपचार कराने आता है उसे कतई परेशान न किया जाये किसी मरीज को औपचारिक उपचार के बाद रैफर करने की प्रक्रिया पर लगाम लगाये ताकि शासन की जो मंशा से उसका लाभ जनपद की जनता को मिल सके। बातचीत के दौरान विधायक ने स्पष्ट किया कि ट्रामा सेंटर का बेहतर तरीके से संचालन कराने के लिये जो बजट मिला है उसका सदुपयोग कर मरीजों के हितों को देखते हुये उपकरणों को क्रय किया जाये यदि इसके बाद भी बजट की कमी होती है तो वह शासन से अतिरिक्त बजट दिलाने का भी प्रयास करेंगे।

# नून नदी के दोनों किनारों पर स्थित 47 ग्राम पंचायतों में होगा

**0 'एक पेड़ माँ के नाम' से जुड़ेगा जिला नून नदी किनारे होगा हरियाली का घेरा**
**0 जनपद में 97 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित, 9 जुलाई को वृहद अभियान**



**उरई : वृहद वृक्षारोपण अभियान को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी। ।**

**उरई (जालौन)।** सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में वृक्षारोपण महाअभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक कर वन विभाग, विकास विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कह कि जनपद में इस वर्ष कुल 97 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया गया है। इस कार्य को निर्वाचन प्रक्रिया की भांति सेक्टर, जोनल और वन बूथ के रूप में संगठित करते हुए योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। चिन्हित स्थलों पर गड्ढा खुदाई, फेंसिंग एवं पौधों की लिफ्टिंग का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना उतना ही जरूरी है, जितना उसे संरक्षित करना। इसके लिए प्रत्येक स्थान पर फेंसिंग, वृक्ष मित्रों की नियुक्ति और तीन वर्षों तक देखभाल हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह महाअभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक आवाहन 'एक पेड़ माँ के नाम' के अनुरूप जनपद में भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को समर्पित होगा। हर नागरिक अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बने, इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। 9 जुलाई को नून नदी के दोनों किनारों पर स्थित 47 ग्राम पंचायतों में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लगभग 14 किलोमीटर के पुनरुद्धारित क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वालंटियर्स, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि इस अभियान में सहभागिता निभाएंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जीरो पॉवर्टी गांवों में सहजन के पौधे, तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के लाभार्थियों को दो-दो पौधे वितरित कर उनके घरों के सामने लगाने हेतु प्रेरित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान सिर्फपौधरोपण नहीं बल्कि प्रकृति और पीढ़ी के लिए उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इसे पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन की राज्यव्यापी मुहिम से जोड़ते हुए जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया गया है। सभी जनप्रतिनिधि, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष व अधिकारीगण इसकी सफलता में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हर बच्चा पढ़े, हर घर से स्कूल चले अटराकला में निकली शिक्षा जागरूकता रैली

कालपी (जालौन)। महेवा विकासखंड अंतर्गत स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षा विभाग द्वारा एक प्रेरणादायक पहल की गई, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को स्कूल से जोड़ना और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अटराकला एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय अटराकला में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। साथ ही ग्राम में जागरूकता रैली निकाली गई।जिसमें ग्रामीणों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया।इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे। इस अभियान का नेतृत्व प्राथमिक विद्यालय अटराकला के प्रधानाध्यापक प्रदीप निरंजन द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय परिवार ने गांव-गांव जाकर संपर्क अभियान चलाया, घर-घर दस्तक दी, अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और उन्हें अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया। अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए विद्यालय के अन्य शिक्षकों शिवकुमार (इंचार्ज प्रधानाध्यापक, जूनियर हाईस्कूल), दीपक, जितेंद्र, रजनी और अंशु ने सक्रिय सहभागिता की। खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी के निर्देशों एवं मार्गदर्शन में यह अभियान सुनियोजित ढंग से क्रियान्वित हुआ। उन्होंने शिक्षकों को समय-समय पर उचित दिशा-निर्देश दिए जिससे अभियान जमीनी स्तर पर प्रभावशाली रूप से संचालित हो सका। पूरे ग्राम में जन जागरूकता रैली निकाली गई।और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर एक नज़र

### साधिकार नियंत्रक ने कार्य कन्या पाठशाला का कार्यभार संभाला

कालपी (जालौन)। आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज कालपी पहुंचकर सोमवार को साधिकार नियंत्रक सुनील कुमार सरोज ने कार्य भार ग्रहण करके विद्यालय की कार्य कारी प्रधानाचार्य श्रीमती नलनी सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश देकर विद्यालय का पठन पाठन का कार्य ईमानदारी से करने के निर्देश दिये। प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्ति कंट्रोलर जो राजकीय इंटर कालेज डकोर के प्रधानाचार्य है का विद्यालय स्टाफने स्वागत किया। पूर्व प्रबन्धक नरेंद्र कुमार तिवारी ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल में बताया कि निवर्तमान प्रबन्ध समित ने विद्यालय के राजकीय कोष में जो घोटाले किये गए है उनकी शिकायत की शासन द्वारा गहनता से उच्चस्तरीय जांच कराने के बाद ही कंट्रोलर नियुक्ति किया गया है। श्री तिवारी ने यह भी बताया अवैध रूप से गठित पूर्व प्रबंध समिति के द्वारा कारित गैरकानूनी कारनामों का खुलासा कर नगर की जनता को वास्तविकता से अवगत कराया जायेगा तथा दोषियों पर कानूनी कार्यवाही होगी।

### चार दिन बाद भी पुलिस नहीं कर पायी बाइक चोरी का खुलासा

**कालपी (जालौन)।** विगत सप्ताह स्थानीय नगर में कागज व्यवसायी के घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी की घटना के 4 दिन गुजर जाने के बाद भी मामले का पर्दाफाश नहीं हो सका है। इस घटना से नाराज व्यापारियों ने उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रविंद्र नाथ गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह से भेंट कर ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग उठाई है। सोमवार को व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल तहसील परिसर स्थित क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पहुंचा। व्यापारी नेता रविंद्र नाथ गुप्ता तथा राजकुमार गुप्ता पतारा ने सीओ अवधेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया है कि 3 जुलाई 2025 की रात्रि 8 बजे कागज व्यवसायी संदीप कुमार गुप्ता पुत्र प्रेमचंद गुप्ता निवासी मोहल्ला राम चबूतरा कालपी घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर ली गई थी। लेकिन 4 दिन गुजरने के बाद भी चोरी का कोई पता नहीं चल सका है। व्यापारियों ने मांग उठाई है कि बाइक चोरी घटना का शीघ्र पता लगाकर बदमाश के खिलाफकार्रवाई की जाए। सीओ ने बताया कि जल्द ही कारवाई की जायेगी पुलिस मामले का पता लगाने में जुटी है।ज्ञापन देने वालों में रविंद्र कुमार पुरवार, संजय गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विवेक पुरवार संजय गुप्ता अमित पोरवाल. पारस पुरवार. विनीत गुप्ता रीतू गुप्ता चंद्रशेखर पुरवार अभय पुरवार.सिद्धार्थ पुरवार समेत व्यापारी शामिल रहे।

### आरएसएस के वन विहार कार्यक्रम में बौद्धिक गतिविधियों पर दिया जोर

रामपुरा (जालौन)। कार्यक्रम में जिला संघचालक रामकृष्ण, सह जिला संघचालक शिवराम, सह खण्ड संघचालक रामचन्द्र तथा विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख रविंद्र सह जिला कार्यवाह भूपेंद्र, सह जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख गौरीश, खण्ड प्रचारक दिग्विजय एवं समस्त खण्ड कार्यकारिणी, मण्डल कार्यकारिणी, खण्ड के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ संघ शाखा लगने के पश्चात हुआ शाखा में स्वयंसेवकों के द्वारा विभिन्न प्रकार की शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक गतिविधियों पर दिया जोर।

# हाथ कागज फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, डेढ़ लाख का हुआ नुकसान

0 घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम



कालपी (जालौन)। सोमवार की भोर सुबह स्थानीय नगर में संचालित एक कागज फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलने पर एसडीएम अतुल कुमार की मौजूदगी में पहुची पुलिस तथा दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

स्थानीय नगर के मोहल्ला रामगंज में स्थित बुंदेलखंड हैंडमेड पेपर नामक कागज फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग लग गई। बताते हैं कि सुबह करीब 5 बजे पहले आग धीरे-धीरे सुलगती रही। लेकिन बाद में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर अग्निशमन केंद्र कालपी प्रभारी विनोद कुमार नायक, फायरमैन मानवेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, अनिल कुमार ,प्रदीप कुमार, गोविंद,शिव कुमार ,सर्वेश कुमार दमकल वाहन लेकर के मौके पर पहुंचे तथा आग पर नियंत्रण पाया गया। सूचना पाते ही उप जिलाधिकारी अतुल कुमार तथा उरई के अग्निशमन अधिकारी चंद्रशेखर ने मौके पर आकर निरीक्षण किया तथा अपनी मौजूदगी में आग को बुझवाया गया। कालपी कोतवाली की रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भढ़ाना भी पुलिस बल के साथ आग बुझाने में सक्रिय दिखाई दिए। कागज फैक्ट्री के संचालक अभिषेक कुमार गुप्ता ने के मुताबिक आग लगने से डेढ़ लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

# छात्र-छात्राओं को श्रेष्ठतम शिक्षा देने हेतु महाविद्यालय प्रबंध समिति संकल्पबद्ध- प्रदीप चौबे

**महाविद्यालय प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न**



**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय प्रबंध समिति की आवश्यक बैठक समिति के उपाध्यक्ष विलास पटैरिया की अध्यक्षता में महाविद्यालय के संस्कृत सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय की शैक्षिक एवं भौतिक प्रगति पर चर्चा करते हुए प्रबंधक प्रदीप चौबे ने कहा कि नेहरू महाविद्यालय वर्ष 1968 में स्थापित, उत्तर प्रदेश का प्रतिष्ठित महाविद्यालय है व बुन्देलखण्ड क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त तथा रोजगारपरक शिक्षा देने का दायित्व महाविद्यालय का है व जनपद सहित बुंदेलखंड के छात्र व छात्राओं को श्रेष्ठतम शिक्षा देने हेतु महाविद्यालय प्रबंध समिति संकल्पबद्ध है व प्रबंध समिति ने उत्तर प्रदेश शासन को महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने हेतु प्रेस्ताव प्रेषित किया है व प्रबन्ध समिति द्वारा जनपद की छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु ललितपुर कन्या महाविद्यालय की स्थापना हेतु कार्यवाही की है व शीघ्र ही ललितपुर कन्या महाविद्यालय की मान्यता प्राप्त हो जायेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि प्रबंध समिति के मार्गदर्शन में इस सत्र में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बैगलुरू द्वारा महाविद्यालय का मूल्यांकन कराने हेतु महाविद्यालय प्रशासन कृत संकल्पित है व मूल्यांकन हेतु कार्यवाही प्रारम्भ हो गई है व पिछले सत्र में महाविद्यालय में अध्ययनरत जिन छात्र व छात्राओं ने छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया उन सभी के फार्म समाज कल्याण विभाग को अग्रसारित कर दिये गये एवं लगभग सभी छात्र व छात्राओं को नियमानुसार छात्रवृत्ति प्राप्त हुई व सत्र 2025-26 में उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार सभी कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। बैठक के अंत में महाविद्यालय उद्यान में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बैठक में प्रबन्धक प्रदीप चौबे, उपाध्यक्ष विलास पटैरिया, उप मंत्री हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट, वरिष्ठ सदस्य अशोक गोस्वामी, आदित्य नारायण बबेले, फहीम बख्श आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे व बैठक का संचालन प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री ने किया।

# निर्धन परिवारों का होगा आर्थिक सत्यापन, बच्चों को न्यूनतम शुल्क पर निकट के स्कूल में मिलेगा एडमिशन- डीएम

**ललितपुर।** कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में 27 जून को विशेष नामांकन अभियान के अन्तर्गत की गयी बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।




बैठक में जिलाधिकारी ने विगत सत्र 2024-25 में कक्षा 8 उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों का कक्षा 9 में प्रवेश सुनिश्चित कराने, विगत 3 वर्ष में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद पढ़ाई छोड़ने वाली 12 से 18 वर्ष की बालिकाओं का संगत कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित कराने तथा कक्षा 1, 6 व 9 में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत शत-प्रतिशत लाभ दिलाये जाने, अनुसूचित जन जाति की बालिकाओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाये जाने हेतु निर्देश दिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा वर्तमान सत्र में कक्षा-9 में प्रवेश लेने वाले एवं विगत वर्ष में कक्षा 8 में पढ़ने वाले बच्चों का विकास खण्डवार डाटा जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा समस्त नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने विकासखण्ड के 2-2 ग्रामों के कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं तथा विगत वर्षों में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के उपरान्त पढ़ाई छोड़ने वाली बालिकाओं के अब तक प्रवेश नहीं लेने सम्बन्धी आख्या प्रारूप पर प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों से ब्लॉकवार 2-2 ग्रामों की प्रस्तुत प्रवेश लेने वाले एवं प्रवेश नहीं लेने वाले छात्र-छात्राओं के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने जिलाधिकारी को समीक्षा के दौरान संज्ञानित कराया गया कि अधिकतर छात्र-छात्राओं के परिजनों ने आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण प्रवेश नहीं लेने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उक्त स्थिति संगत प्रतीत नहीं होती है ऐसे परिवारों का आर्थिक सत्यापन सम्बन्धित विकासखण्ड के खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराकर शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ दिलाया जाये एवं उनकी आर्थिक कठिनाईयों का यथोचित समाधान कराया जाये, यदि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश नहीं लिया जा रहा है तो जिला विद्यालय निरीक्षक निकटतम विद्यालय के प्रधानाचार्य से वार्ता कर न्यूनतम शुल्क पर ऐसे छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराना सुनिश्चित करें व जिन बच्चों के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं व प्रमाण-पत्रों में संशोधन होना अपेक्षित हो कि ग्रामवार, विद्यालयवार सूची बनाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करायी जाये तथा समन्वय करके उनके उपरोक्त प्रमाण-पत्र वरीयता पर बनवाये जायेंगे व स्वास्थ्य परीक्षण के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर छात्र-छात्राओं के चिकित्सीय परीक्षण के सम्बन्ध में कार्ययोजना बनाकर अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों हेतु समग्र शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षा की व्यवस्था के प्राविधान हेतु विशेष कैम्प संचालन हेतु महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ को पत्रालेख प्रस्तुत करें। बैठक में अतिरंजन सिंह जिला विकास अधिकारी, रणवीर सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, राजीव कुमार भारती जिला कृषि अधिकारी, उमेश चन्द्र जिला पूर्ति अधिकारी, नन्दलाल सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# काउंसलिंग हेल्प सेंटर नामित

तालबेहट। प्रधानाचार्य ने अवगत कराया है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलिटेक्निक की परीक्षा के परिणाम के आधार पर अभ्यर्थी को संस्था एवं पाठ्यक्रम का आवंटन उनकी मेरिट द्वारा दिए गए विकल्पों एवं आरक्षण के अनुसार ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से किया जाएगा कि संस्था राजकीय पॉलिटेक्निक को संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलिटेक्निक द्वारा काउंसलिंग हेल्प सेंटर नामित किया गया है व दूसरे चरण की काउंसलिंग 9 से 11 जुलाई तक है, अतः सभी काउंसलिंग हेतु पात्र छात्र व छात्राएं काउंसलिंग शेड्यूलय समय सारणीद्ध के अनुसार संस्था में उपस्थित होकर चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण करवा सकते हैं।

# बाथरूम में करेंट के चलते युवक की हुई मौत

जालौन (उरई)। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी 22 वर्षीय अर्जुन सिंह कुशवाहा पुत्र रामसनेही कुशवाहा के बाथरूम के बगल में कूलर रखा है। सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे वह बाथरूम जा रहा था। बाथरूम जाते समय उसने लोहे का दरवाजा खोला तो वह कूलर से जाकर टकरा गया। उसी समय अचानक कूलर में आ गया और करंट की चपेट में आकर वह वहीं गिरकर बेहोश हो गया। कुछ देर बाद परिजनों जब वहां पहुंचे तो अर्जुन को वहां बेहोश पड़ा देखकर आनन फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधि कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, भाई की मौत से भाई रोहित रो रोकर बेहाल है।

# माँ के नाम एक वृक्ष लगाने की मुहिम में लाएं तेजी-रीभा

- वृक्षारोपण की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश
- सड़को के किनारे एक ही प्रजाति के वृक्ष लगाने के दिए आदेश



बांदा : बैठक को संबोधित करती जिलाधिकारी ।

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेऊ्ट सभागार में 09 जुलाई को बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक पेड माँ के नाम की थीम पर वृक्षारोपण किया जाए और सम्बन्धित विभाग अपने लक्ष्य के अनुसार वृक्षारोपण करें तथा पौध वन विभाग से इन्डेन्ट भरकर प्राप्त कर लें। डीएम जे0 रीभा ने कहा कि एक ही प्रजाति के पौध सड़क किनारे लगाये जायें। नदियों के किनारे कैचमेन्ट जल क्षेत्र में ही वृक्षारोपण किया जाए तथा तालाबों के किनारे भी वृक्षारोपण किया जाए। बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम दुरेड़ी में आयोजित किया जायेगा। वृक्षारोपण के अन्तर्गत जिला वनाधिकारी ने बताया कि आठ वन क्षेत्र की भी स्थापना भी वृक्षारोपण कर किया जायेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना एवं जीरो पावर्टी वाले लाभार्थियों को दो-दो सहजन के वृक्ष वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके साथ ही समूह की महिलाओं को भी वृक्षारोपण हेतु वृक्ष उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी वृक्षारोपण हेतु वृक्षों की प्राप्ति समय से कर लें, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित अधिकारी वृक्षारोपण के उपरान्त फोटोग्राफ सहित मेरी लाइफ पोर्टल पर सूचना अपलोड करेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक अधिकारीध्कर्मचारी एक-एक वृक्ष का रोपण करते हुए फोटो भेजें। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित नोडल अधिकारी वृक्षों को जीवित रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र में वृक्षारोपण की सूचना डीएसटीओ को उपलब्ध करायें तथा ग्रामीण स्तर पर वृक्षारोपण की सूचना खण्ड विकास अधिकारी को भेजे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खण्ड विकास कार्यालयों में पर्याप्त संख्या में वृक्षारोपण हेतु भूमि उपलब्ध है, वहां पर भी अन्य स्थानों की तरह वृक्षारोपण किया जाए। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिये कि वृक्षारोपण हेतु जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए उनके द्वारा भी वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ कराकर वृक्षारोपण किया जाए। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण की सूचना डीएसटीओ को भेजी जायेगी। उन्होंने वृक्षारोपण को इलेक्सन मोड में कराये जाने हेतु जोनल व सेक्टर को बनाते हुए अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण हेतु पर्याप्त 69 लाख पौध वन विभाग की विभिन्न नर्सरियों पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण के अन्तर्गत आठ वन क्रमशः सौर्य वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन, अटल वन, ऑक्सी वन आदि वन क्षेत्र भी वृक्षारोपण कर तैयार किये जायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकरी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी अरबिन्द कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नहाते समय तालाब में डूबा बालक, मौत

बांदा। नहाते समय पैर फिसल जाने से बालक तालाब में डूब गया। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियो और परिजनो ने जब तक उसे पानी से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरंवा थाना क्षेत्र के तेरा गांव निवासी 7 वर्षीय हरिओम पुत्र रमेश यादव सोमवार की सुबह घर से कुछ दूर स्थित तालाब नहाने गया था। नहाते समय पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में समा गया। आस पास नहा रहे अन्य बच्चो ने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन दौड़ पड़े कड़ी मशक्कत के बाद जब तक उसे पानी से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पुलिस ने 12 घंटे के अंदर लूट की घटना का सफल अनावरण कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो:** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भरतकूप थाना पुलिस ने 12 घंटे के अंदर लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को लूट की धनराशि, मोबाइल फोन, तमंचा-कारतूस व दो डण्डों सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

भरतकूप थाना प्रभारी मनोज चौधरी ने बताया कि सोमवार को जनपद बांदा के थाना बबेरू के ग्राम पड़री निवासी सिकन्दर वर्मा ने थाने में सूचना दी कि बीती रविवार की रात्रि वह अपने पिता मुन्ना वर्मा पुत्र नत्थू के साथ किराये के ट्रैक्टर से लकड़ी बेचकर शिवरामपुर से वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान तरांव पुलिया के पास तीन मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रैक्टर रुकवा लिया तथा तमंचा दिखाकर उसके पिता की जेब से 1000 रूपये व एक मोबाइल फोन छीन लिया। इस सूचना पर थाना भरतकूप में सम्बन्धित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। लूट की इस घटना के अनावरण व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में मामले की विवेचना करते हुए सोमवार को ग्राम भरथौल नहर पुलिया के पास से तीन आरोपियों अरविन्द पटेल, अनिल वर्मा व रामजस निवासीगण ग्राम तरावं थाना भरतकूप को गिरफ्तार कर किया गया। आरोपियों के कब्जे से तमंचा-कारतूस, दो डण्डे, लूट की धनराशि, मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना भरतकूप के अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, आरक्षी नरेन्द्र सिंह, अखिलेश तोमर व शुभम यादव शामिल रहे।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

बांदा। पत्नी से हुए विवाद के बाद नाराज युवक ने फांसी लगाकर हमेशा के लिए अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घर वालों ने जब शव लटका देखा तब उन्हें मामले की जानकारी हो सकी।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव के मजरा अहिरन पुरवा निवासी 35 वर्षीय राजकुमार पुत्र भइयालाल ने रविवार की शाम छत में बनी छानी की धन्नी में अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशीर कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची पत्नी ममता ने शव फंदे से लटकता देखा तो चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर परिवार के अंन्य लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछतांछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई देव कुमार ने बताया कि राजकुमार सूरत में रह कर मजदूरी करता था। वह छह दिन पहले गांव आया था। उसने चार दिन पहले अपनी पत्नी ममता से बात करने के लिए मोबाइल फोन मांग रहा था। ममता ने फोन देने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया था। किसी तरह घरवालो ने समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया था। रात को फिर से दोनो के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनो के बीच हाथा पाई हो गई। गुस्से से तमतमाई पत्नी ने राजकुमार के सिर पर पत्थर मार दिया था। जिससे उसका सर फट गया था। उसने प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज करवाया। रविवार की दोपहर अस्पताल से पटटी करवाने के बाद घर आया और पिता से बोला की मै मरजाऊगा इस पर पिता ने समझाया कि पति पत्नी में विवाद होते रहे है। इतना नही सोचा जाता है। इतना कहने के बाद वह चला गया। उसने यह घटना अंजाम दी। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा तीन पुत्रिया छोड़ गया है।

## खबर एक नज़र

### विधानसभा सचिवालय का पास ब्लॉक प्रमुख नरैनी अपनी गाड़ी में लगाकर घूम रहे हैं




**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** ब्लाक प्रमुख अपनी गाड़ी में विधान सभा सचिवालय का पास लगाकर घूम रहा है।खुलेआम सरकारी पास का दुरुपयोग किया जा रहा है। योगी सरकार के सख्त आदेश के बावजूद सचिवालय पास का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा।ब्लाक प्रमुख नरैनी मनफूल सिंह पटेल विधायक लिखा सचिवालय का पास अपनी निजी गाड़ी में लगाकर घूम रहा है।बता दे कि मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सचिवालय द्वारा पास की अनुमति प्रदान की जाती है। यह एक आधिकारिक दस्तावेज है।यह विधान सभा सचिवालय में प्रवेश करने और वहां काम करने की अनुमति देता है। यह पास आमतौर पर विधान सभा के सदस्य या कर्मचारियों को जारी किया जाता है। सचिवालय पास प्राप्त करने के आवेदन पत्र भरकर और आवश्यक दस्तावेज जमा करने होते हैं। इसके बाद ही पास जारी कर दिया जाता है।

### घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत संवाददाता बिसंडा बांदा।** थाना अध्यक्ष बिसंडा ने बताया कि सूचना करता भैया लाल ने बताया कि मेरा बेटा राजकुमार उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी अहिरन पुरवा अंश ओरन ग्रामीण घरेलू विवाद के चलते आज दिन सोमवार को दोपहर को कमरे में बंद होकर रस्सी का फंद्दा डालकर फांसी लगा लिया मौके पर मौत हो जाने के कारण घटना की सूचना थाना अध्यक्ष बिसंडा को दिया। ओरन चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी करते हुए डेड बॉडी का पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेजा गया।

### पैदल जा रहे महिला सहित तीन लोगों को अज्ञात बाहन ने मारी ठोकर तीनों हुए रेफर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** रविवार को बदौसा निवासी एक महिला सहित तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर भाग गया । तीनों घायलों को 112 नंबर सरकारी गाड़ी से सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा लेकर के आए जहां डॉक्टर ने देखने के बाद तीनों को हेड इंजरी होने की संभावना व्यक्त किया। यहां प्रथम उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल बांदा के लिए रेफर किया जाना बताया गया। मिली जानकारी के अनुसार घायलों के परिजनों में उमंग वाजपेई ने बताया कि बदौसा कस्बे में ही पैदल अपने घर को जा रहे संजय बाजपेई पुत्र कृष्ण बिहारी वाजपेई निवासी बदौसा उम्र लगभग 26 वर्ष एवं उसकी मां शशि कला पत्नी कृष्ण बिहारी उम्र लगभग 65 वर्ष तथा एक रिश्तेदार नवल किशोर पिता का नाम मालूम नहीं उम्र लगभग 35 वर्ष को एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर भाग गया।

## सीडीओ ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**चित्रकूट:** जनपद में चल रहे 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सीडीओ ने सभी निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने लोक निर्माण विभाग, सीएनडीएस, यूपीपीसीएल, आवास विकास परिषद आदि कार्यदाई संस्थाओं के द्वारा जनपद में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा व गाइडलाइन के अनुसार ही निर्माण कार्य कराएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं। कहा कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है, उन्हें संबंधित विभागों को हैंडओवर कराएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधीक्षक शैलेंद्र सिंह, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने पौधरोपण कर छात्राओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**चित्रकूट ब्यूरो:** पौधरोपण महोत्सव के तहत सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में पौधरोपण किया। साथ ही छात्राओं को पौधे वितरित पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण अवश्य करें। पर्यावरण संरक्षण का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधरोपण करना है। पौधरोपण के बाद उसकी देखभाल करने में भी जन सहभागिता भी होनी चाहिए। अगर पृथ्वी को बचाना है, तो जल और वृक्ष को बचाना होगा इसलिए आप सभी अधिक से अधिक पौधरोपण करें तथा अपने पास-पड़ोस व सम्बन्धियों को भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण का सामूहिक प्रयास प्रदेश व देश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जाना है। इस दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर में पौघरोपण किया। साथ ही छात्राओं को पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज शशि कला, अध्यापिका प्रियांशी गुप्ता, विनीता रानी गुप्ता, प्रज्ञा पाठक, रश्मि बाजपेई, गरिमा सिंह, नीलम बगड़िया, रितु द्विवेदी, रंजन गर्ग, शोभा देवी, शालिनी श्रीवास्तव, शालिनी देवी, गिरिजा देवी आदि मौजूद रहीं।

## महिला आयोग की सदस्य सुनेगी समस्याएं

बांदा। अर्चना पटेल सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा 9 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे राजकीय सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाना है। महिला जन सुनवाई में अर्चना पटेल सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग लखनऊ के द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को न्याय दिलाए जाने हेतु जनपद की महिलाओं की समस्याओं को सुना जाएगा, जनपद की पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का लिखित में प्रार्थना-पत्र लेकर सदस्या द्वारा सम्बन्धित विभाग/अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराकर महिलाओं की समस्याओं का समाधान कर उनको न्याय दिये जाने का कार्य किया जाएगा। जनपद की ऐसी महिलाओं से अपील की जा रही है कि जो महिलाएं किसी भी तरह की हिंसा से पीडित हों, जिनको न्याय न मिल रहा हो या फिर अन्य किसी भी तरह की समस्या का निस्तारण न हो रहा हो ऐसी स्थिति में 9 जुलाई को आयोजित महिला जन सुनवाई में पहुँच कर अपनी समस्या का प्रार्थना-पत्र सदस्या को दे सकती है। जिससे कि उनकी समस्या का समाधान हो सके।

# ग्राम पंचायतों में खुलेंगी डिजिटल लाइब्रेरी



बांदा : बैठक के दौरान निर्देशित करती डीएम ।

- लाइब्रेरी खोले जाने के लिए डीएम ने किया निर्देशित
- पुस्तकालय स्थापित होने से छात्रों को तैयारी में मिलेगी सहूलियत

**बांदा।** जिला अधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जहां डीएम ने अधिकारियों को पंचायतों में लाइब्रेरी खोले जाने के लिए निर्देशित किया। लाइब्रेरी के खुलने से छात्रों को तैयारी करने में बेहद सहूलियत होगी।

बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना हेतु समस्त खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत सचिवालय में स्थान चिन्हित कर ले। उन्होंने जनपद स्तर पर एक कमेटी बनाए जाने के निर्देश दिए। डिजिटल लाइब्रेरी में स्मार्ट टीवी, कैमरा सहित एवं कंप्यूटर सेट तथा पुस्तकों को रखा जाएगा। यह डिजिटल पुस्तकालय बृहद आबादी वाले ग्रामों में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी हेतु स्थान चिन्हित कर सूची जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। डिजिटल लाइब्रेरी हेतु पुस्तकों का चयन एवं अन्य फर्नीचर सहित सुविधाओं को शासनादेश के अनुसार बनाए जाने की निर्देश दिए। गौरतलब हो कि पंचायतवार डिजिटल लाइब्रेरी खुलने पर तैयारी कर रहे छात्रों को बेहद सहूलियत होगी। अब उन्हें तैयारी के अभाव में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। डीएम ने यह भी निर्देश दिए है कि सभी तैयारियां समय से पूर कर ली जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, मुख्य कोषाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## 13 सितम्बर को जिले में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

चित्रकूटः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 13 सितंबर को जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। बताया कि राष्ट्रीय लोक में शमनीय आपराधिक वाद, धारा - 138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबंदी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विर्निदिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रम वाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन से सम्बन्धित वाद का निस्तारण किया जाएगा।

# विद्यालयों को विलय करने के आदेश को वापस ले भाजपा सरकार- सनेही



**चित्रकूट ब्यूरो:** भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में किए जा रहे सरकारी विद्यालयों के विलय के विरोध में आभास महासंघ के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही के बताया कि भाजपा सरकार द्वारा आदेश जारी कर प्रदेश के 27,965 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को विलय किया जा रहा है। कहा कि सरकार का यह आदेश न केवल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने वाले छोटे बच्चों के मौलिक अधिकार व अनिवार्य शिक्षा अधिकार 21 ए पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सरकार के इस फैसले से गरीब, असहाय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर संकट आ जाएगा। कहा कि मुख्यमंत्री अपने इस निर्णय वापस लेते हुए पूरे प्रदेश में एक समान शिक्षा लागू करें। ऐसा न किए जाने पर आभास महासंघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक रविंद्र कुमार भारतीय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भास्कर, बुद्ध विलास बौद्ध, रामनारायण, विजय कुमार, विष्णु कुमार, नवदीप कुमार, विश्वदीप सुमन, एडवोकेट रजनीश कुमार, सुनील वर्मा, दिवाकर, राहुल वर्मा, रंजन भारती, लवलेश कुमार वर्मा, शिवपूजन भारती, कामता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# पंचायत चुनाव को लेकर सपा की बैठक में हुआ मंथन



**चित्रकूट ब्यूरो:** समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने बूथों तथा पंचायतों की मतदाता सूची का गहनता से अध्ययन कर छूट हुए नाम को जुड़वाएं। इस कार्य को करने वाले समर्पित व निष्ठावान पार्टी कार्यकर्ताओं को जिला पंचायत चुनाव में टिकट देकर चुनाव लड़वाने का काम किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह फ्लॉप है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर तथा स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। विद्यालय बंद किये जा रहे हैं और गली-गली में शराब की दुकान खोली जा रही है। भाजपा सरकार शिक्षा चौपट कर लोगों को नशेड़ी बनाने का काम कर रही है। कोऑपरेटिव के पूर्व अध्यक्ष लवलेश यादव ने बारिश के समय में गंदे पानी में डूबी गांवों की सड़के व बुर्दल विद्युत आपूर्ति भाजपा सरकार में फैले भ्रष्टाचार की देन है। बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर कुरील ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने पीडीए समाज को ताकत दिलाने के लिए भारतीय संविधान की रचना की थी, जिसे भाजपा सरकार नष्ट करना चाहती है।

इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लोटन राम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद गुलाब खां, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, जनार्दन पटेल, जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष राकेश प्रजापति, प्रवक्ता विक्की यादव, बाबा साहब वाहनी के जिलाध्यक्ष विश्वजीत सुमन, पूर्व प्रधान लोढ़वारा हरिमोहन यादव, राधेश्याम निषाद, आकाश पटेल, नवल पटेल, मोहम्मद साबिर, विशाल भाई, जलाल खान, राज किशोर विश्वकर्मा, कैलाश बौद्ध, उमाकांत यादव, रामशरण यादव, तीरथ वर्मा, राजबहादुर प्रजापति, तीरथ यादव, आनंद यादव, गोपीचंद यादव आदि मौजूद रहे।

## मारपीट में तीन हुए घायल

**– हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने घायल युवक को किया रिफर**



**बांदा।** अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने एक युवक को कानपुर के लिए रिफर कर दिया है।

शहर के मर्दननाका निवासी 21 वर्षीय हमजा पुत्र कलीमुददीन रविवार की रात मोर्हरम का मेला देखने के बाद घर जा रहा था। तभी अवस्थी चौराहा के समीप स्थित एक पैलेस के पास इमरान, अनास, लाला, रवि ने उसे घेर कर तमंचा की बट और डंडो से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। मारपीट का सोशल मीडिया पर बीडियो में वायरल हुआ। घायल का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। पिता ने बताया कि पुरानी रंजिस के चलते उसके पुत्र को पीटा गया है। इसके पहले भी तीन चार बार पीट चुके है। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह का कहना है कि दोनो पक्षो की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। एक अन्य घटना में शहर के मर्दन नाका मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय कुलरेज पुत्र जावेद खान रविवार की रात मेला देखने बाद घर जा रहा था। तभी बलखंडी नाका के पास तीन लोगो ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे देखने के बाद कानपुर रेफर कर दिया। शहर के न्य मार्केट निवासी 20 वर्षीय सार्थक पुत्र विनय गुप्ता रविवार की रात स्टेशन के समीप स्थित मिठाई की दुकान से मीठा लेकर घर आ रहा था। तभी स्कूटी सवार दो युवको ने उसे रोक लिया। उसके ऊपर डंडो से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। उसे भी अस्पताल मे भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। घायल का कहना कि उसकी किसी से कोई रंजिस नही थी। अकारण उसके साथ मारपीट की गई है।

### मंगल मिलन आज

**इटावा।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग आज मंगलवार 8 जुलाई को शाम 6 बजे से लालपुरा तिराहा स्थित हनुमान मन्दिर में आयोजित किया जा रहा है। संयोजक देवेश शास्त्री ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया कि वे समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## एटा शहर कांग्रेस कमेंटी का पद ग्रहण एवं संकल्प समारोह



**एटा ।** कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 7 जुलाई दिन सोमवार को कांग्रेस कार्यालय धान मिल वाली गली मे नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का पद ग्रहण एवं संकल्प समारोह किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम से किया गया और समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रसाद जीए विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद सत्या बहन जी जी ए एटा शहर संगठन कोऑर्डिनेटर कु गौरांग चौहान जी श्री शिव आशीष तिवारी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकीजी द्वारा किया गया। माननीय मुख्य अतिथि ने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पदाधिकारियों को बहुत ही निष्ठा ए लगन और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रसाद ने संकल्प पत्र पढ़कर समस्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व और कर्तव्य की सामूहिक शपथ दिलाई ।

पूर्व राज्यसभा सांसद सत्या बहन जी ने कहा जी ने कहा ने कहा कि सोनिया गांधी जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के कुशल नेतृत्व में जननायक राहुल गांधी जी के सामाजिक न्याय के सिद्धांत को समाहित करते हुए एवं प्रियंका गांधी बाड्रा जी के उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन के स्वप्न को पूर्ण करते हुए हम एक सशक्त संगठन का निर्माण करेंगे । शहर अध्यक्ष विनीत पाराशर वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा शासन काल में किस तरह से समाज में नफरत फैलाई जा रही है संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है ऐसे दौर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और गांधीवादी सिद्धांतों को अपनाकर भी हम सब लड़ेंगे ।

आज के पद ग्रहण एवं संकल्प समारोह में उपस्थित अतिथि मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत राधा कृष्ण गुप्ता महेंद्र राजपूत अरुणेश गुप्ता डॉक्टर गीतम सिंह राजपूत तारा राजपूत रामकुमार सक्सेना आदर्श कुमार मिश्रा नैना शर्मा इंजीनियर सुरेंद्र कश्यप ज्योति सोलंकी एडवोकेट शिवगत उल्ला खान संजीव गुप्ता नेम दिवाकर गुंजन जैन दिनेश मिश्रा सोहेल खान वीरेश कश्यप डॉक्टर हारून खान ऋषि बघेल विनीत गुप्ता जितेंद्र सिंह सरिता अंबेडकर सुभाष सागर भोला गुप्ता लव यादव गौरव पाराशर ओमप्रकाश तोमर आमिर अली पुष्पेंद्र बघेल उमेश राजपूत प्रियांशु राजपूत रुखसाना बेगम धर्मेंद्र राजपूत जितेंद्र राजपूत फैजल हसन सानू हसन हीरा पाराशर पंकज गौतम राम रतन वाल्मीकि अभिषेक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे ।

## पूर्व विधायक को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा करवाई दिया गया भरोसा



**छिबरामऊ कन्नौज।** सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय मैं कैंसर पीड़ित मरीज के साथ हुई अभद्रता को लेकर पूर्व विधायक पहुंचे और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से की वार्ता 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के लिए कैंसर से पीड़ित मरीज पहुंच वहां मौजूद स्टाफद्वारा मरीज को सपा का बताते हुए उसके साथ अभद्रता की इस घटना को लेकर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से वार्ता की की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया ।

## बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई



**छिबरामऊ कन्नौज ।** बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी की बैठक में बार एसोसिएशन के सदस्यों को शीघ्र सदस्यता शुल्क जमा करने के दिए गए निर्देश बार एसोसिएशन एल्डर समिति के अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित की अध्यक्षता में जयवीर सिंह सरोज कुमार दुबे धर्मवीर सिंह यादव पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट ने दूरभाष पर अपनी स्वीकृति प्रदान की एल्डर कमेटी ने सर्वसम्मत से सदस्यता शुल्क की घोषणा की और बार एसोसिएशन के सदस्यों से शीघ्र सदा सदस्यता शुल्क जमा करने के निर्देश दिए कार्यक्रम के अनुसार 14 7 25 तक सदस्यता शुल्क जमा किया जाएगा 15 7 को मतदाता सूची का प्रकाशन 16 7 आपत्ति दाखिल की जा सकती है 18 7 नामांकन पत्रों की बिक्री21 7 प्रपत्रों की जांच व पर्चा वापस 30 7 मतदान 8 बजे से 3रू00 तक उसके बाद में मतदान की गिनती ब परिणाम।

## समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक के आवास पर किया गया



**छिबरामऊ कन्नौज ।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर संपन्न हुआ बैठक की अध्ययता की विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने कहा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया किसानों को सरकार खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता बिल्कुल तैयार बैठी है बैठक संचालन किया हिमांशु यादव इस मौके पर बजरंग सिंह चौहान लाखन सिंह लालू ठेकेदार अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी धीरज कठेरिया अमन खान तस्लीम वारसी मोनू यादव हृदय नारायण दुबे साकेत जाटब लाखन सिंह जितेंद्र सादव मैजूद रहे।

# जिले के सभी हैंडपंप प्लेटफार्म 3 दिन में सही कराएं-डीएम



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने बाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान में किये गये कार्यो व 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने बाले दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनींद्र कुमार ने बताया 98 प्रतिशत स्कूलों में जागरूकता रैली हो गई है माध्यमिक स्कूलों में कम रैलियां होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये गाँवो में पंचायत विभाग की ओर से निकाली जाने बाली प्रभात फेरियों में नवाबगंज राजेपुर व मोहम्मदाबाद का प्रदर्शन खराब रहा

जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई उन्होंने डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित किया कि जिले के सभी हैंडपंप व उनके प्लेटफॉर्म 3 दिन में सही कराये जनपद में ड्रेनेज सफाई का कार्य 53 प्रतिशत हो गया है झाड़ियों की कटाई 59 प्रतिशत हो गई है अर्बन क्षेत्र में ड्रेनेज क्लीनिंग कम पाई गई फॉगिंग 58 प्रतिशत हो गई है अभियान में अभी तक 32 सैम बच्चे चिन्हित किये गये है जिनमे से 8 बच्चों को एन0आर0सी0 बार्ड में भर्ती कर दिये गये है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी चिन्हित बच्चों की स्क्रीनिंग कराई जाये

जिलाधिकारी ने कमालगंज मोहम्दाबाद नवाबगंज राजेपुर कायमगंज व बढ़पुर की सी0डी0पी0ओ0 को कार्य मे ढिलाई बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र पी0डी0 डी0आर0डी0ए कपिल कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दलबीर सिंह व संवंधित अधिकारी व डॉक्टर मौजूद रहे।

## सीसीए में जोन स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सेंट मीरा अकादमी मुरादाबाद ने लहराया जीत का परचम



छिबरामऊ कन्नौज सीआईएससीई जोनल कबड्डी टूर्नामेंट अंडर.17 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में सीसीए को हराकर सेंट मीरा पब्लिक स्कूल मुरादाबाद की टीम विजेता बनी। अंडर.14 मुकाबले में भी सेंट मीरा ने अपनी धाक जमाए रखी और सीसीए को हराकर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया।

आईसीएसईए आईएससी स्कूलों की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की श्रृंखला में सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी को बरेली जोन की कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी की जिम्मेदारी मिली थी। इस जोनल स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता में बरेली जोन के प्रमुख स्कूलों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन ने सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों में आजीविका बनाने की अपार संभावनाएं हैंए इसलिए रूचिवान विद्यार्थी खेलों पर भी ध्यान दें।इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं । हार से निराश नहीं होना चाहिए । प्रशासिका सुधा प्रधान ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। सीईओ विश्वास प्रधान ने बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। विजयी खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। संस्था की प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद ने मुख्य अतिथि नूरहसन को प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका

## पिता ने शव देखकर किया शिनाख्त गुमशुदगी से पहले ही मिला था शव

सोमवार सुबह कीर्ति के पिता सोबरन सिंह जो नोएडा में राजमिस्त्री का काम करते हैं कायमगंज कोतवाली में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। उसी दौरान पुलिस ने उन्हें राजेपुर क्षेत्र में मिली एक अज्ञात युवती के शव की तस्वीर दिखाई। तस्वीर देखते ही पिता की आंखों के सामने अंधेरा छा गयाकृवह लाश उनकी बेटी की ही थी।

शव की पहचान होते ही घर में मातम छा गया। मां पुष्पा देवी बेसुध हो गईं। मृतका का बड़ा भाई अभिषेक और छोटी बहन कली सदमे में हैं। मोहल्ले में शोक की लहर है। लोगों को यकीन नहीं हो रहा कि होनहार कीर्ति इस दुनिया से यूँ चली गई।

प्राथमिक जांच में आत्महत्या की आशंका लेकिन सवाल कई हैं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपनिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शव पर कोई स्पष्ट चोट का निशान नहीं मिला है जिससे प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। हालांकि मृतका के मोबाइल कॉल डिटेलए मानसिक स्थिति और कॉलेज में उसके व्यवहार की जांच की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉण् संजय सिंह ने बताया कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिवार के बयान आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच की जा रही है।

## धोखाधड़ी करने वाले दंपति को सजा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।प्लाट का सौदा करके रुपए हड़पने वाले युवक ने घर में घुसकर मारपीट करने वाले को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने जागेश्वर पुत्र अशर्फीलाल मिथलेश पत्नी जागेश्वर अम्बेडकर नगर कालोनी भोलेपुर को दोषी करार देते तीन वर्ष की परिवीक्षा व बीस बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया

है बीते 14 वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला अम्बेडकर कालोनी भोलेपुर निवासी राजपाल पुत्र लालमन ने न्यायाधीश के समक्ष परिवार वाद दायर किया जिसमें बताया कि 5 जनवरी 2011 को जागेश्वर सिंह ने अपना प्लांट दो लाख पचास हजार रुपए में मुझे बेचा था मैने रुपए की व्यवस्था करके दो लखा पचास रुपए दे दिए थे तीन फरवरी बैनामा करने का दिन निश्चित हुआ था मैं व मेरी पत्नी तहसील पहुंच गई लेकिन जागेश्वर सिंह तहसील नहीं पहुंचे मैने जब अपने रुपए वापस मांगे तो टाल मटोल करते रहे उसके तीस जून को शाम आठ बजे एक राय होकर गलिया देने लगे विरोध करने घर में घुसकर मारपीट करने लगे चीख पुकार की आवाज सुनकर कई लोग आ गए तभी यह लोग भाग गए न्यायलय में दोनों पक्षों ने अपनी अपनी दलीलें पेश की सुनवाई के बाद न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने जागेश्वर सिंह मिथलेश को दोषी करार देते हुए तीन तीन वर्ष का परिवीक्षा व बीस बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया

## एक पेड़ मां के नाम छात्र छात्राओं ने पौधारोपण किया



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।वन विभाग के तत्वाधान में चल रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यावती माध्यमिक विद्यालय मसेनी चौराहे पर वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एक पेड़ मां के नाम थीम को लेकर छात्रों ने पौधारोपण किया जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कहा कि वन महोत्सव सप्ताह के तहत एक जुलाई से निरंतर पौधारोपण किया जा रहा है जिसके तहत स्थान चिन्हित करके विभिन्न स्थानों पर प पौधारोपण किया जा रहा है उन्होंने बताया कि जिस तरह से हम विभिन्न त्योहारों का उत्सव मनाते हैं उसी तरह से हम पेड़ों का भी उत्सव बनाएं। जितना हो सके अधिक से अधिक पौधे लगाए एवं उनका संरक्षण भी करें।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक वासुदेव तिवारी प्रधानाचार्य शिवम तिवारी एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# धर्म परिवर्तन का मामला झूठा चर्च पर कब्जे को लेकर विवाद



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। कमालगंज के मोहल्ला इंदिरा नगर में पुराने चर्च को लेकर आज विवाद गहरा गया इंद्रा नगर निवासी गोरेलाल राजेश और बसंत बाल्मीकि समेत तमाम बाल्मीकि समाज के लोगों ने एसडीएम सदर रजनीकांत को प्रार्थना पत्र दिया कि चर्च में निवास करने वाले सोनू पास्चर उनका परिवार और डॉक्टर पी कुजूर हम लोगों को तथा हमारे मोहल्ले के लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए समझाते हैं और लालच देते हैं जिससे मोहल्ले के लोग और बच्चे परेशान हैं इन लोगों को चर्च से निकाल कर यहां से हटाया जाए जिससे यह धर्म परिवर्तन के लिए लालच ना दे सके

प्रार्थना पत्र के आधार पर आज एसडीएम सदर रजनीकांत क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अजय वर्मा थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों से बातचीत की तो मामला कुछ और निकल कर आया अधिकारियों के मुताबिक मोहल्ले के लोग चर्च को खाली करा कर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं जिसको लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है धर्म परिवर्तन का कोई भी मामला प्रकाश में नहीं आया ना ही किसी व्यक्ति का धर्म परिवर्तन कराया गया इसके बाद एसडीएम सदर ने नगर पंचायत कार्यालय से पुरानी पत्रावलियाँ थाने में मंगवाई और चर्च की स्थिति का पता लगाया

लेखपाल अभय त्रिवेदी और अमित राठौर ने पत्रावलियां देखी जिससे पता चला कि वह जमीन चर्च के नाम दर्ज है जिसको लेकर बाल्मीकि समाज ने विवाद की स्थिति को उत्पन्न किया है एसडीएम सदर ने बताया कि अभी जांच पूर्ण रूप से नहीं हो पाई है थानाध्यक्ष को बारीकी से जांच करने के आदेश दिए गए हैं जांच पूरी होने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी

## खबर एक नज़र

### सात वाहनों का चालान

**कासगंज/एटा :** एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ ने चेकिंग अभियान चलाया। पीटीओ को कस्बे के बस स्टेशन, मिर्री चौराहा व बस स्टाप के पास चलाए गए चेकिंग अभियान में 3 निजी बस, 1 लोडर, 2 ई रिक्शा व 1 टेम्पों चालकों से वाहन संबंधी कागजात मांगे। उक्त चालकों द्वारा कागजात न दिखा पाने पर सभी वाहनों का चालान कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ ने 7 वाहनों के चालान किए हैं। जिन्हें कोतवाली में खड़ा कर दिया गया है।

### तालाब में मिला युवती का शव कायमगंज की बीएससी छात्रा का परिजन देखकर रो पड़े

फर्रुखाबाद। राजेपुर थाना क्षेत्र के एक तालाब में संदिग्ध हालात में मिली युवती की लाश की पहचान कायमगंज की रहने वाली 20 वर्षीय कीर्ति के रूप में हुई है। कीर्ति की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां.बाप का रो.रोकर बुरा हाल है जबकि पुलिस फिलहाल इसे आत्महत्या मान रही है परंतु सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

मृतका कीर्ति मोहम्मदाबाद क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित डिग्री कॉलेज से बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा थी। हाल ही में उसने परीक्षा पास की थी। वह अपने भविष्य को लेकर काफी आशान्वित थी और नियमित रूप से कॉलेज जाती थी। बीते रविवार को कीर्ति घर से किसी काम के लिए निकली थी लेकिन देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

### डीएम को वृद्धाश्रम में दो सीसीटीवी कैमरे खराब मिले



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सिरौली वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण में वृद्धाश्रम में पंजीकृत 68 के सापेक्ष 55 वृद्द पाये गये जिलाधिकारी ने उन्हे मिल रहे भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त की व भोजन की गुडवत्ता चेक की जो ठीक पाई गई वृद्धाश्रम में लगे 5 सी0सी0टी0वी0 कैमरों में से 2 खराब पाये गये जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई व इन्हे तत्काल सही कराने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे डी0एफ0ओ0 जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया खंड विकास अधिकारी मोहम्दाबाद त्रिलोक चंद शर्मा मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना ने अंबेडकर नगर नरकसा से नीवलपुर सड़क की चौड़ाई बढ़ाने को नगर मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना ने अंबेडकर नगर नरकसा से नीवलपुर समेत एक दर्जन गांवों को जाने वाली सड़क की चौड़ाई 40 फीट के स्थान पर 10 फीट कर दी गई है जिससे सड़क की जगह पर अतिक्रमण हो जाएगा और नाली ना होने के कारण सड़क भी जल्दी से टूट जाएगी जिससे शासकीय धन की बर्बादी होगी

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को देते हुए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेवा के प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी व्यापार मंडल के जितेंद्र अग्रवाल दिवाकर द्विवेदी अमित कुमार आज ने बताया कि जिला पंचायत की ओर से प्रस्तावित यह सड़क जिला अधिकारी की ओर से दिए गए पत्र के आधार पर बनाई जा रही है यहां पर पंचायत ट्रेनिंग का रिसोर्स सेंटर है जहां पर कई जिलों के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ट्रेनिंग के लिए आते हैं इसके साथ ही यह मार्ग ग्रामीण इलाकों के एक दर्जन गांवों को जोड़ता है जिससे इस पर आवा गमन भी ज्यादा है सड़क के किनारे नाली न बनने से यह सड़क जल्दी टूट जाएगी इसके साथ ही 40 फीट के स्थान पर 10 फीट चौड़ाई की गई है यह भी मानक के विपरीत है इससे बची हुई सड़क पर स्थानीय लोग कब्जा कर लेंगे फिर कब्जा छुटाने में प्रशासन को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा

### तीन हिस्ट्रीशीटर शातिर भाई गिरफ्तार

**-.हत्या के मामले में दो साल बाद छूटे थे**

**इटावा।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन कुख्यात हिस्ट्रीशीटर भाइयों को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से भारी मात्रा में अवैध असलहा और कारतूस बरामद किए गए हैं। इनकी गिरफ्तारी से जिले में संभावित बड़ी वारदात को टाल दिया गया है।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इकदिल और फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम कछपुरा स्थित एक मकान में भारी मात्रा में असलहा छुपा कर रखा गया है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों थानों की संयुक्त टीम ने छापेमारी की और मौके से तीनों भाइयों को गिरफ्तार किया। इसमें शिवम कुशवाहाए विकास कुशवाहाए विशाल कुशवाहा पुत्र संजय कुमारए निवासी ग्राम कछपुरा इकदिल हैं। इनके घर से 2 अधियाए 2 तमंचेए 13 जिंदा कारतूसए 2 खोखा कारतूस बरामदए तीनों आरोपी वर्ष 2022 में एक हत्या के मामले में जेल जा चुके हैं और हाल ही में जमानत पर रिहा हुए थे। पुलिस को संदेह है कि वे एक बार फिर किसी बड़ी आपराधिक साजिश की तैयारी में थे। सप्लाई चेन तलाशी जा रही एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों की गतिविधियों पर पहले से नजर थी। मुखबिर की सूचना पर की गई छापेमारी में भारी मात्रा में असलहा बरामद हुआ है। पूछताछ में पता चला है कि कारतूस मध्य प्रदेश के भिंड जिले से लाए गए थे। पुलिस अब सप्लाई चेन तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। हथियार तलाश करने वालों की तलाश एसएसपी के अनुसारए इन अपराधियों की जमानत निरस्त कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके साथ ही अवैध हथियारों की सप्लाई करने वालों की भी तलाश की जा रही है। जल्द ही और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है। इस कार्रवाई में थाना इकदिल निरीक्षक विक्रम सिंहए थाना फ्रेंड्स कॉलोनी प्रभारी अमित मिश्रा और उनकी टीम ने गिरफ्तारी की है।

# 'केवल आर्थिक और तकनीकी तरक्की काफी नहीं': आरएसएस

## अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में आरएसएस ने लिया देश के हर घर तक पहुंचने का संकल्प

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** सरकार और समाज के संयुक्त पुरुषार्थ से आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में हो रही भारत की दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की की गति और इसके आंकड़ों को नाकाफी करार देते हुए सत्तारूढ़ भाजपा की मार्गदर्शक और मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस ने इस विकास का असर हर नागरिक के साथ ही देश के सामाजिक वातावरण पर भी दिखाई पड़ने को आवश्यक करार दिया है। आरएसएस के मुताबिक देश की वास्तविक एवं संपूर्ण तरक्की के लिए इसका सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी होना आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए समाज में पंच परिवर्तन की परिकल्पना पर बल देते हुए आरएसएस ने आगामी विजयादशमी को अपनी स्थापना के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आरंभ किए जा रहे पूरे साल चलने वाले शताब्दी वर्ष समारोह से जुड़े कार्यक्रमों एवं आयोजनों में उक्त विषय को लेकर समाज को संगठित, जागरूक और जिम्मेवार बनाने की मुहिम छेड़ने का ऐलान किया है। बताया गया है कि शताब्दी वर्ष के दौरान समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी 58,964 मंडलों और शहरी क्षेत्रों में स्थित सभी 44,055 बस्तियों में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा जिसमें समाज के उत्सवों से लेकर सामाजिक एकता व सद्भाव बढ़ाने और पंच परिवर्तन के विषयों पर विस्तृत, व्यापक, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी तरीके से चर्चा होगी। साथ ही समाज में सद्भाव-समरसता को बढ़ावा देने के लिए 11,360 खंडों एवं नगरों में सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन होगा और संघ रचना के अनुसार देश के सभी 924 जिलों में प्रमुख नागरिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें समूह, व्यवसाय और वर्ग के अनुसार भारत



के विचार, भारत के गौरव और भारत के स्व सरीखे विषयों पर चर्चा होगी। राजधानी दिल्ली के झंडेवालान स्थित केशव कुंज में आयोजित हुई तीन दिवसीय आरएसएस के अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक की समाप्ति के बाद इसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने उक्त जानकारियां दीं। इस मौके पर आरएसएस के दो राष्ट्रीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर और प्रदीप जोशी सहित दिल्ली प्रांत के संघ चालक डॉ. अनिल अग्रवाल और प्रांत प्रचार प्रमुख रीतेश अग्रवाल भी मौजूद थे। अपने संबोधन में आंबेकर ने कहा कि देश आगे बढ़ रहा है, आर्थिक व तकनीकी प्रगति कर रहा है। लेकिन केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ना पर्याप्त नहीं है। हमारे समाज की विशेषताएं, राष्ट्र के अपने विशेष गुणों के संरक्षण और संवर्धन के साथ ही समाज के सभी लोगों की चिंता करना, पर्यावरण की चिंता करना, परिवार में जीवन मूल्यों की रक्षा करना, सामाजिक जीवन में आपसी सद्भाव बनाए रखना सरीखे पंच परिवर्तन के इन विषयों को समाज तक लेकर जाने का इस बैठक में विचार हुआ है। अब इस संदेश को शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में ले जाया जाएगा और इसके बारे में समाज सोचता है और उसमें सहभागी होता है तो हमारी यह प्रगति एकतरफा नहीं होगी बल्कि वह सर्वसमावेशी होगी जो सबको साथ लेकर आगे बढ़ेगी।

## भारी बारिश से सेवटी नदी की पुलिया क्षतिग्रस्त, आवागमन बाधित

